www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:49 सूर्यास्त 6:18

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 0.4 न्यू | 11.05 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 18.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73142.80 |
| निफ्टी | 22212.70 |

सोना 62,950 चांदी 73,000

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | सोमवार, 26 फरवरी 2024 | 14 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 69 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



शाहिद को ऑफर हुई थी 'रंग दे बसंती', नहीं करने का अफसोस ... पेज 14

## होयसलेश्वर महादेव के रूप में बाबा भूतनाथ के दर्शन



**मंडी।** छोटी काशी मंडी में स्वयंभू शिवलिंग बाबा भूतनाथ पर धृत श्रृंगार में होयसलेश्वर महादेव का स्वरूप बनाया गया। होयसलेश्वर महादेव मंदिर कर्नाटक के हासन जिले के हलेबिड द्वारसमुद्र नामक स्थान पर स्थित है। होयसलेश्वर मंदिर का निर्माण सन 1121 में होयसल राजा विष्णुवर्धन ने करवाया है। 14वीं शताब्दी की शुरुआत में दिल्ली सल्तनत के अलाउद्दीन खिलजी और मुहम्मद बिन तुगलक ने हलेबिड द्वारसमुद्र पर आक्रमण किया और भयानक विध्वंस किया था।

# पीएम मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया सबसे लंबा केबल ब्रिज

## 978.93 करोड़ से तैयार हुआ 'सुदर्शन सेतु', गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ेगा 2.32 किलोमीटर लंबा ब्रिज

**एजेंसी, द्वारका**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य गुजरात को एक बड़ी सौगात दी है। पीएम ने रविवार को ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले करीब 978.93 करोड़ की लागत से निर्मित देश के सबसे लंबे 2.32 किलोमीटर केबल आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मौजूद रहे।

पहले इसे 'सिग्नेचर ब्रिज' के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब इस पुल का नाम बदलकर 'सुदर्शन सेतु' रखा गया है। वहीं, पीएम मोदी ने राजकोट से एम्स राजकोट, एम्स कल्याणी, एम्स मंगलगिरी, एम्स बठिंडा और एम्स रायबरेली का भी लोकार्पण किया। पीएम ने 2020 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एम्स राजकोट आधारशिला की रखी थी।





**लागत**
978.93 करोड़

**सौर पैनल**
एक मेगावॉट बिजली पैदा होगी

**फुटपाथ**
2.50 मीटर चौड़ा

**चौड़ाई**
27.20 मीटर

- 12 स्थानों पर पर्यटकों के लिए व्यूइंग गैलरी, जहां खड़े होकर नीले समुद्र को निहार पाएंगे।

### ब्रिज की खासियत

- ब्रिज की लंबाई 2.32 मीटर है, जिसमें 900 मीटर केबल स्टेड का हिस्सा है।
- ब्रिज के मुख्य स्पैन के दोनों पाइलॉन (बड़े खंभों) पर 20 बाई 12 मीटर आकार के चार मोर पंखों को उकेरा है।
- ओखा की तरफ साइड एप्रोच ब्रिज की लंबाई 370 मीटर और बेट की तरफ के साइड एप्रोच ब्रिज की लंबाई 650 मीटर है।
- ब्रिज के मुख्य हिस्से में 130 मीटर ऊंचाई वाले दो पाइलॉन हैं।
- कार्विंग पत्थरों पर नक्काशी का काम कर भगवत गीता के श्लोक तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को दर्शाया गया है।

पीएम ने अक्तूबर 2017 को रखी थी नींव

## तीन महीने नहीं होगी 'मन की बात', 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह 'नई ऊर्जा' के साथ लोगों से मिलेंगे। पीएम ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव अचार संहिता (एमसीसी) लागू होने की संभावना जताई और पहली बार मतदान के पात्र युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान की अपील की।

### नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रहीं प्रगति की नई ऊंचाइयां

**पीएम** मोदी ने 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी, लेकिन आज यह संभव हो रहा है। पीएम ने कहा कि 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।

# हिमाचल में महिलाओं के लिए 1500 रुपए देने की शुरुआत

## सीएम सुक्खू ने केलांग से किया इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**हिमाचल** की महिलाओं के लिए हर माह 1500 रुपए देने की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को लाहौल-स्पीति के केलांग में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना की शुरुआत की।

सीएम ने केलांग में लाहौल-स्पीति जिले की 18 वर्ष से अधिक आयु की 1123 लाभार्थियों को सम्मान निधि योजना प्रदान की। सीएम ने कहा कि हम जो कहते हैं, वह करते हैं। लाहौल के गेमूर गांव की छेरिंग डोलमा इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाली हिमाचल की पहली लाभार्थी बनी।



महिलाओं को चेक भेंट कर इंदिरा गांधी सम्मान निधि योजना का शुभारंभ करते सीएम सुक्खू।

- **छेरिंग डोलमा बनीं पहली लाभार्थी**
- **लाहौल स्पीति में सर्दियों में रहेंगी छुट्टियां**

### 'जुले' कहकर की भाषण की शुरुआत

**सीएम** ने 'जुले' (नमस्ते, नमस्ते, नमस्ते) कहकर अपने भाषण की शुरुआत की। सुक्खू ने कहा कि इस कार्यक्रम में -9 डिग्री तापमान में भी स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं और लोगों का उत्साह देखकर आनंदित हूं।

### 2.37 लाख महिलाओं को पहली फरवरी से 1500 पेंशन देने का ऐलान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज मैं अपना वादा पूरा करने के लिए आया हूं। जिला लाहौल-स्पीति में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना शुरू करने के साथ-साथ प्रदेश में दूसरे चरण में 1100 रुपए पेंशन प्राप्त करने वाली 2.37 लाख महिलाओं को भी मैं एक फरवरी 2024 से 1500 रुपए प्रदान करने की घोषणा करता हूं। इस प्रकार प्रदेश की 2.42 लाख महिलाओं को अब प्रति माह 1500 रुपए की पेंशन मिलेगी।

### दारचा में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा

सीएम सुक्खू ने लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर में बीडीओ कार्यालय, दारचा में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, केलांग में सीवरेज स्कीम और पानी की निकासी की योजना, शहर के सौंदर्यीकरण की योजना बनाने, टिंडी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मडग्रान में पशुपालन विभाग की डिस्पेंसरी खोलने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिले में गर्मियों में स्कूल खुले रहेंगे और सर्दी में छुट्टियां होंगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सांसद प्रतिभा सिंह की ओर से दान एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

संबंधित समाचार पेज-10 पर भी

## किसान आंदोलन: हरियाणा में इंटरनेट सेवाएं बहाल

**अंबाला।** किसान आंदोलन के चलते पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। हालांकि, किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक वे घर वापस नहीं जाएंगे। सोमवार को किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) को लेकर सम्मेलन करेंगे।

इस सम्मेलन से देशभर के किसानों को जागरूक करने की योजना है। इसमें एक्सपर्ट आकर डब्ल्यूटीओ के नुकसान बताएंगे। उधर, हरियाणा के सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर लगी रोक हट गई है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 फरवरी की सुबह छह बजे से इंटरनेट बंद था। वहीं, किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 दिन से बंद दिल्ली के टीकरी बॉर्डर और सिंघु बॉर्डर को अस्थायी तौर पर खोल दिया है। टिकरी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के लगाए कंटेनर और पत्थर हटाए गए। इससे दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को राहत मिली है।

- **सिंघु-टिकरी बॉर्डर अस्थायी तौर पर खोले; पंजाब से सटी सड़कों से बैरिकेडिंग हटाई**

### हरियाणा की खाप पंचायतें बोलीं सभी किसान एकजुट होकर लड़ें लड़ाई

**हरियाणा** के फतेहाबाद के गांव समैन में हुई महापंचायत में 36 खाप नेता व 72 गांवों के ग्रामीण पहुंचे। उन्होंने दो टूक कहा कि हरियाणा के सहयोग के बिना पंजाब के किसान संगठनों का आंदोलन मजबूत होने वाला नहीं है, इसलिए सभी किसान संगठन मिलकर लड़ाई लड़ें। यदि पंजाब के संगठन नहीं मानते तो फिर हरियाणा की खाप पंचायतें अपने स्तर पर सरकार के खिलाफ बिगुल बजाएंगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### 22 साल से फरार सिमी संगठन का आतंकी हनीफ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन सिमी के सदस्य हनीफ शेख को गिरफ्तार किया कर लिया है। हनीफ दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में साल 2001 में दर्ज किए गए यूएपीए और राजद्रोह मामले में आरोपी है और पिछले 22 साल से फरार था, जिसकी तलाश पुलिस को लंबे वक्त से थी। ट्रायल कोर्ट ने उसे साल 2002 में भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। टीम हनीफ का पिछले चार साल से उसका पीछा कर रही थी।

### लद्दाख में लगे भूकंप के झटके, 3.0 रही तीव्रता



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के लद्दाख में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.0 रही। नेशनल सेंटर पर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, ये झटके 11:48 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किलोमीटर नीचे था।

### लश्कर मॉड्यूल के चार सहयोगी दबोचे, हथियार-बारूद बरामद

**जम्मू।** दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में रविवार को पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा मॉड्यूल के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। सभी वानपोरा के रहने वाले हैं। इनके पास से एक पिस्टल, दो पिस्टल मैगजीन, 20 कारतूस, चार यूबीजी और 24 राउंड इंसास राइफल के बरामद हुए हैं।

### हरियाणा में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे राठी की गोली मारकर हत्या

**बहादुरगढ़।** हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी पर रविवार शाम को कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। झज्जर जिले में बहादुरगढ़ के बराही फाटक के पास हुए हमले में राठी और उनके एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। विधायक अभय चौटाला ने नफे सिंह राठी की मौत की पुष्टि की है। हमलावर आई-10 कार से आए थे।

## टॉप स्टोरीज

राज्यसभा चुनाव के लिए एक दिन शेष, शिमला में चढ़ा सियासी पारा ...पेज 3

हिमाचल में 80 लाख की आबादी 2677 डॉक्टर्स पर निर्भर ...पेज 3

समुद्र में डूबी द्वारका के नजदीक पहुंचे पीएम मोदी ...पेज 14

## उत्तर प्रदेश के कौशांबी में पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट, आठ की मौत



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट होने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग झुलस गए हैं। कुछ लोगों की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। मरने वालों की संख्या अभी बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि फैक्टरी में शादी विवाह के लिए पटाखे बनाए जा रहे थे। रविवार दोपहर को हुए धमाके के समय 15 से 20 मजदूर काम कर रहे थे। मरने वालों में फैक्टरी मालिक शाहिद अली पुत्र शराफत अली भी शामिल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीएम योगी ने कौशांबी में पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## आखिर लंबे इंतजार के बाद फंक्शनिंग कंडीशन में आया राज्य चयन आयोग

# 30 मार्च को ओटीए की पहली परीक्षा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**आखिर** लंबे इंतजार के बाद अब राज्य चयन आयोग फंक्शनिंग कंडीशन में आ गया है। अब परीक्षाओं का आयोजन शुरू हो जाएगा। इसकी वेबसाइट तैयार हो गई है और जानकारी भी अपलोड होने लगी है। पहली परीक्षा 30 मार्च को ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट (ओटीए) पोस्ट कोड-1073 के पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। ये पद भंग किए गए हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 24 सितंबर, 2022 को जारी विज्ञापन संख्या 38-5/2022 के माध्यम से अन्य पोस्ट कोड के साथ विज्ञापित किए गए थे।

ओटीए के पदों के लिए प्राप्त आवेदनों में से अस्वीकृत हुए आवेदनों की सूची हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट 'एचपीआरसीए एचपीजीओवी इन (http://hprca.hp.gov.in) पर अपलोड कर दी है। आवेदन की अस्वीकृति पर कोई उम्मीदवार अपना पक्ष रखना चाहता है, तो वह इस विज्ञापन में अपेक्षित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ चार मार्च तक ई-मेल hp-rca@hp.gov.in पर भेज सकते हैं। चार मार्च के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आज वेबसाइट पर अपलोड होगी रिजेक्ट आवेदनों की सूची

अनंत ज्ञान स्पैशल

रिजेक्ट किए गए आवेदनों की सूची वेबसाइट पर अभी अपलोड नहीं की गई है, लेकिन सोमवार तक अपलोड कर दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, 1848 आवेदन इस पोस्ट कोड में हुए हैं, लेकिन काफी ज्यादा रिजेक्ट हो चुके हैं। रिजेक्ट आवेदनों का आंकड़ा सोमवार को सामने आ जाएगा।

- **पांच मार्च तक भेज सकते हैं पक्ष**
- **1848 ने किया था आवेदन ज्यादातर हुए रद्द**
- **पोस्ट कोड-1073 की होगी परीक्षा**



"आयोग ने काम करना शुरू कर दिया है और यह पहली परीक्षा आयोजित होगी, जो 30 मार्च को प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जाएगी। चार मार्च तक रद्द किए गए आवेदनों को लेकर उम्मीदवार अपना पक्ष रख सकता है। सोमवार को रद्द किए गए आवेदनों की सूची अपलोड हो जाएगी।

-जितेंद्र सांजटा, प्रशासनिक अधिकारी, चयन आयोग।

## विधायक सुधीर शर्मा को मिली अतिरिक्त सुरक्षा



**धर्मशाला।** विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा को मिली धमकी के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस ने विधायक के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए जवान तैनात कर दिए हैं। इसके लिए क्विक रिस्पांस टीम की सेवाएं ली जा रही हैं।

एएसपी धर्मशाला हितेश लखनपाल ने बताया कि पुलिस ने विधायक सुधीर शर्मा के घर के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस बल को तैनात कर दिया है।

गौर रहे कि दो दिन पहले सुधीर शर्मा को कनाडा से आई एक कॉल में जान से मारने की धमकी मिली थी। इसके बाद सुधीर शर्मा ने इसकी शिकायत पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से की थी, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच का जिम्मा डीएसपी रैंक के एक अधिकारी को सौंपा था। फिलहाल सुरक्षा कारणों के चलते विधायक के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**लापरवाही** जम्मू के कठुआ से पठानकोट के बीच बिना ड्राइवर के 84 किलोमीटर तक दौड़ी मालगाड़ी

# चाय पीने उतरा चालक और भाग गई ट्रेन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कंक्रीट से लदे 53 कंटेनरों वाली मालगाड़ी रविवार सुबह जम्मू के कठुआ से पठानकोट के बीच बिना ड्राइवर के 84 किलोमीटर से अधिक की दूरी तक दौड़ती रही। रेलवे को जब घटना की सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रेन की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। शुरुआती जांच में पता लगा है कि पायलट चाय पीने के लिए उतरा था और इंजन बंद करना भूल गया।

ट्रेन को पंजाब के मुकेरियां के ऊंची बस्सी इलाके में रोका गया। फिलहाल गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रेलवे ने घटना पर सख्ती बरतते हुए जांच शुरू कर दी है। इस घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो भी सामने आया है। जम्मू रेलवे स्टेशन के निदेशक और मंडल यातायात प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि दोषी पाए जाने पर ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी।



### ढलान की वजह से बिना ड्राइवर 100 किलोमीटर की स्पीड से दौड़ने लगी ट्रेन

**पठानकोट** की ओर ढलान होने के कारण ट्रेन अपने आप चलने लगी और धीरे-धीरे 100 किमी प्रति घंटे तक की गति पकड़ ली। प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि अब लोको ड्राइवर इंजन पर क्यों नहीं था और ट्रेन अपने आप कैसे चलने लगी, इन सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। हालांकि, डीटीएम ने कहा कि रेलवे ने ट्रेन को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

### इंजन बंद करना भूल गया था ड्राइवर

- **मुकेरियां के ऊंची बस्सी इलाके में ट्रेन को रोका**
- **रेलवे ने शुरू की जांच, वीडियो भी हुआ वायरल**

### जान-माल की नहीं हुई हानि

**जब** मालगाड़ी पटरी पर दौड़ रही थी, उस दौरान उस पटरी पर विपरीत दिशा से कोई ट्रेन नहीं आई। ट्रेन को किसी भी दुर्घटना से बचाने और उसे सुरक्षित पड़ाव पर लाने के लिए एक रेल ट्रैक तैयार किया गया। हम सफल हुए और ट्रेन को आखिरकार मुकेरियां के उच्छी बस्सी में रोक दिया गया। प्रतीक श्रीवास्तव ने बिना किसी हादसे के ट्रेन रोके जाने के लिए स्टाफ की सराहना की है।

## अश्विन ने तोड़ा अनिल कुंबले का रिकॉर्ड



रांची टेस्ट में हासिल की उपलब्धि

### भारत में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज

| खिलाड़ी | टेस्ट | विकेट |
|---|---|---|
| आर अश्विन | 59 | 354 |
| अनिल कुंबले | 63 | 350 |
| हरभजन सिंह | 55 | 265 |
| कपिल देव | 65 | 219 |
| रवींद्र जडेजा | 43 | 211 |

**भारत** के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भारतीय जमीन पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने पूर्व कप्तान अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने घरेलू मैदानों पर कुल 63 मैच खेले और 350 विकेट झटके। अश्विन ने घरेलू मैदान पर अपने 59वें मैच में उन्हें पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 100 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय हैं। यह उपलब्धि भी उन्होंने रांची टेस्ट में ही हासिल की है।

# किसान सभा आज करेगी प्रदर्शन

## मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में खोलेंगे मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

किसानों पर हो रहे दमन तथा मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में संयुक्त किसान मंच के आह्वान पर हिमाचल किसान सभा 26 फरवरी को मंडी जिला के मंडी, जोगिंद्रनगर, सरकाघाट, बालीचौकी आदि क्षेत्रों में धरने-प्रर्दशन आयोजित करेगी।


मंडी में आयोजित बैठक के दौरान वामपंथी रणनीति बनाते हुए।

हिमाचल किसान सभा के जिला अध्यक्ष कुशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में रविवार को मंडी में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में रामजी दास, जोगिंद्र वालिया, परस राम, प्रेम चौधरी, नंद लाल वर्मा सहित जिला पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देशभर के किसान भारत को विश्व व्यापार संगठन से बाहर निकालने की मांग कर रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन की 13वीं मंत्री स्तरीय कॉन्फ्रेस 26 से 29 फरवरी तक आबू धाबी में होने जा रही है। डब्ल्यूटीओ पर विकसित साम्राज्यवादी देशों का वर्चस्व है और भारत जैसे विकासशील देशों पर वे अपनी एकतरफा शर्तें थोपते हैं। 26 फरवरी के इस प्रदर्शन में मजदूरों, छात्रों, युवाओं व महिलाओं के संगठन भी शामिल होंगे।

## शीघ्र शुरू होगा थाना प्लौन हाइड्रो प्रोजेक्ट

**मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के तहत सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तुंगल क्षेत्र की पंचायत सदोह में रविवार को स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की व उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जिस तरह से समाज के गरीब वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बना रहे हैं, वे आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर करने में प्रभावशाली है। उनके अथक प्रयासों से वर्षों से लंबित तुंगल क्षेत्र के थाना प्लौन हाइड्रो प्रोजेक्ट को फॉरेस्ट की क्लीयरेंस मिलने से इसके शीघ्र पूरा होने के आसार बने हैं।

# इसी सत्र से शुरू होंगी बॉटनी और जियोलॉजी की कक्षाएं

## सरकाघाट कॉलेज के सालाना समारोह के दौरान बोले मुख्य अतिथि विधायक चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट प्रदेश का पहला ऐसा कॉलेज होगा, जिसमें बॉस्केटबाल की छात्राओं के लिए हॉस्टल का निर्माण होगा, इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने न सिर्फ सरकाघाट व धर्मपुर वासियों को सौगात दी है बल्कि इसके लिए बजट का प्रावधान भी कर दिया है।


जीवतता से विलुप्तता की ओर जिला मंडी की लोक संस्कृति पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते विधायक चंद्रशेखर व अन्य।

यह बात धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने कॉलेज के 38वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि शूरवीरों की धरती सरकाघाट क्षेत्र बास्केटबाल का गढ़ रहा है वहीं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का संधोल वॉलीबाल का गढ़ रहा है और प्रदेश कि कांग्रेस सरकार ने दोनों ही विधानसभा क्षेत्र में स्पोर्ट्स हॉस्टल का निर्माण करके खिलाड़ियों की प्रतिभाओं का सम्मान किया है।

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि कालेज में बॉटनी और जियोलॉजी की पोस्ट ग्रेजुएट कक्षाएं भी इसी सत्र से शुरू की जाएंगी। इसके लिए अढ़ाई करोड़ से नए शैक्षणिक भवन का जल्द ही निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति को 24 हजार रुपए स्कॉलरशिप और सीएसईए के प्रेसिडेंट व वाइस प्रेसिडेंट को 11-11 हजार रुपए भी प्रदान किए।

**अढ़ाई करोड़ से नए भवन का किया जाएगा निर्माण**

उन्होंने इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कॉलेज में डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाले इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने के भी आदेश दिए। इसके अलावा कॉलेज के खेल मैदान में पानी की निकासी के लिए नाली बनाने, दारपा की तरफ पुल का काम भी शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बरछवाड़ के शिवपुरी धाम का काम शुरू कर दिया है। इस मौके पर विधायक चंद्रशेखर ने जीवतता से विलुप्तता की ओर जिला मंडी की लोक संस्कृति पुस्तक का विमोचन भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सीटू तीन मार्च से निकालेगी शवयात्रा


कामरेड तारा चंद भवन मंडी में मौजूद मजदूर संगठन सीटू के पदाधिकारी।

**मंडी।** मजदूर संगठन सीटू की बैठक रविवार को कामरेड तारा चंद भवन मंडी में जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लिए निर्णयों के बारे में महासचिव राजेश शर्मा ने बताया कि राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से मिलने वाले मनरेगा व निर्माण मजदूरों के लाभ पिछले 14 महीनों से वर्तमान सुक्खू सरकार ने गैर कानूनी तौर पर रोके हुए हैं जिसके खिलाफ अब यूनियन तीन मार्च से सरकार के खिलाफ पंचायत स्तरीय रैलियां व सरकार की शव यात्रा निकालने का अभियान शुरू करने जा रही है। जिसके तहत सभी खंडों में शवयात्रा अभियान चलाने के लिए इस सरकार ने मजबूर किया है जिसका भुगतान उसे आगामी लोकसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से बोर्ड की तीन बैठकों में मजदूरों के रोके गए लाभों को जारी करने बारे निर्णय लिए गए हैं, लेकिन मंत्रिमंडल में उन्हें लागू नहीं करने बारे फैसले होने के कारण सारा काम रोक दिया गया है। यहीं नहीं मज़दूरों का पंजीकरण और नवीनीकरण भी रोक दिया गया है जिसके चलते मंडी जिला के 80 हजार मजदूर प्रभावित हुए हैं।

### जोगिंद्रनगर में कल बंद रहेगी बिजली

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में बस्सी पावर हाउस के अधीन 132केवी विद्युत उपकेंद्र में मरम्मत व जरूरी रखरखाव के कार्य के लिए आवश्यक आकस्मिक शटडाउन 27 फरवरी को प्रात 9:30 से 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान 33 केवी बस्सी मारंडा, बस्सी-मकरीड़ी, बस्सी-गवली व 11 केवी बस्सी-जोगिंद्रनगर, बस्सी मझारनू, बस्सी-बालकरूपी, बस्सी-शानन और बस्सी फीडरों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बस्सी पावर हाउस के सहायक स्थानीय अभियंता ई. इंजीनियर जितेंद्र कुमार ने दी।

### चुनावी वादे भूली कांग्रेस सरकार: सुमन

**संधोल।** कांग्रेस सरकार ने चुनाव में वादे कर दो रुपए किलो गोबर नहीं खरीदा है।



यह आरोप भाजपा के जिला प्रवक्ता सुमन सकलानी ने लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस प्रकार से झूठ बोल कर सत्ता में आई थी आज भी उसी का सहारा लेकर जनता को बेवकूफ बना रही है। संधोल में हुए कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी संधोलवासियों को महिला रोगी विशेषज्ञ देने का अश्वासन दे गए है। संधोल की जनता चुनावों के समय कांग्रेस की ओर से किए गए वादों को अभी भूली नहीं है। 100 दिन में न कोई एसडीएम कार्यालय खुला न ही आज दिन तक कोई नया विकास कार्य हुआ बल्कि जो काम भाजपा सरकार के समय 90 प्रतिशत पूरे हो गए थे वे भी ठप पड़े हैं। व्यवस्था परिवर्तन की सबसे बड़ी मार मंडी ही झेल रहा है। धर्मपुर व सरकाघाट से सौतेला व्यवहार हो रहा है।

### फतेहपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज


क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की फतेहपुर पंचायत में डोडा कप 2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी मनोहर लाल ने किया। सत्यम शिवम युवक मंडल लुनाधा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की करीब तीन दर्जन टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के आयोजक और युवक मंडल के प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि नॉकआउट आधार पर यह प्रतियोगिता खेली जा रही है। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि मनोहर लाल ने टीम के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर योग और खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेलों से न सिर्फ स्वस्थ शरीर बना रहता है साथ ही मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने युवक मंडल को प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बधाई दी और नकद राशि भी प्रदान की।

## पवन चौहान की कहानी 'अनोखा बंधन' को मिला पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

सुंदरनगर उपमंडल के महादेव गांव निवासी पवन चौहान की बाल कहानी 'अनोखा बंधन' चिल्ड्रंस बुक ट्रस्ट (सीबीटी) की राष्ट्रीय बाल साहित्य लेखन प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुई है। पवन हिमाचल से एकमात्र बाल साहित्यकार हैं, जिनकी रचना इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुई है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में इस बार देशभर से काफी संख्या में रचनाएं प्राप्त हुई। इसमें पवन की बाल कहानी 'अनोखा बंधन' 'पालतू पशुओं की कहानियां' वर्ग के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चयनित हुई है। कहानी दो जानवरों के गहरे प्रेम की कहानी है।



प्रतियोगिता में इस बार कुल 12 विषय थे जिससे संबंधित कहानियां मांगी गई थी। इस कहानी के लिए पवन को 6000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी तथा सीबीटी से प्रकाशित पुस्तक में प्रकाशित की जाएगी। बता दें, चिल्ड्रंस बुक ट्रस्ट की स्थापना 1957 में कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लई द्वारा की गई थी जिसका उद्घाटन 30 नवंबर, 1965 को भारत के राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन ने किया था। भारत में बच्चों की किताबों के अग्रणी प्रकाशक, सीबीटी का उद्देश्य बच्चों के लिए बेहतर ढंग से लिखी, बेहतर चित्रों व सुंदर डिजाइन वाली किताबों का प्रकाशन करना है।

## शिवरात्रि के लिए बाबा भूतनाथ मंदिर व चौहटा बाजार किया साफ

**मंडी।** नगर निगम मंडी की टीम ने रविवार को बाबा भूतनाथ मंदिर, चौहटा बाजार, भूतनाथ, चंद्रलोक व चौहटा बाजार की नालियों को फायर ब्रिगेड की सहायता से पानी के प्रेशर द्वारा साफ करवाया। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान सभी देवी-देवता चौहटा में विराजते हैं। मेले के दौरान स्वच्छता बनी रहे, इसलिए शहर की गलियों व नालियों की साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पानी के प्रेशर से गंदगी को साफ करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों की शिकायत पर फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की मुहिम भी जारी है। वहीं इस बार पड्डल मैदान में जहां देवता बैठते हैं वहां मैट बिछाई जा रही है। बता दें कि पड्डल मैदान में धूल ही धूल होती है जिससे देवताओं सहित श्रद्धलुओं को परेशानी न हो।

## ग्राम शक्ति केंद्रों की समीक्षा बैठक



**जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर के गांव चलो अभियान के तहत पांच ग्राम शक्ति केंद्रों की समीक्षा बैठक श्रीराम लीला मैदान खुद्दर में मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान के मंडल प्रभारी किसान मोर्चा प्रदेश सचिव भागीरथ धरवाल की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष रीता ठाकुर, मंडल सचिव शांति स्वरूप शर्मा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष मच्छयाल रमेश, ग्राम केंद्र अध्यक्ष मसौली धर्मवीर चौधरी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष द्राहल राजमल राणा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष भराड़ू प्रताप सिंह ठाकुर, ग्राम केंद्र व्यूह मोती राम, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, मंडल कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश चंद धरवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य मीरा ठाकुर, ग्राम केंद्रों के अंतर्गत आने वाले 20 बूथों के अध्यक्ष प्रवासी कार्यकर्ता व ग्राम केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक से पहले सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## डिपुओं में नहीं चल रही पॉश मशीनें उपभोक्ता परेशान: अशोक कवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश डिपो संचालक समिति ने सरकार व विभाग से डिपुओं में पॉश मशीनें नहीं चलने के कारण उपभोक्ताओं को अन्य विकल्पों के माध्यम से राशन वितरित करने की मांग की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने प्रेस को जारी बयान में विभाग को चेताया है कि शीघ्र समस्या का हल नहीं किया तो डिपो धारक डिपुओं पर ताले लगाएंगे। प्रदेशभर में पीडीएस डिपुओं पर लगाई गई मशीनों में आए दिन सर्वर की समस्या के चलते डिपो धारक व उपभोकता दोनों ही परेशान हैं। गत वर्ष जुलाई माह से लगातार हर माह के अंतिम सप्ताह में डिपुओं पर लगी मशीनों का सर्वर डाउन हो जाता है। सर्वर डाउन होने की वजह से मशीनों में न तो उपभोक्ताओं की अगुलियों के निशान लगते हैं और न ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी जाता है, ऐसी स्थिति में डिपो धारक उपभोक्ताओं को राशन वितरित करने में असमर्थ रहते हैं। इस माह भी पिछले करीब पांच दिनों से सर्वर डाउन है। इस बारे में जब डिपो धारक अधिकारियों को कॉल करते हैं तो या तो अधिकारियों के मोबाइल स्विच ऑफ आते हैं और यदि किसी अधिकारी से बात भी होती है तो उनकी ओर से हमेशा एक ही जवाब आता है कि हमने उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी है। छुट्टी वाले दिन सभी विभागीय अधिकारी छुट्टी पर होते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग मुख्यमंत्री के पास है लेकिन फिर भी विभागीय अधिकारियों को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। अशोक कवि ने सरकार व विभाग से इस समस्या का स्थायी हल निकालने की मांग की अन्यथा अन्य विकल्पों से राशन वितरित करने के आदेश जारी करने की मांग की।

**सर्वर डाउन होने से डिपो धारक झेल रहे परेशानी**

## एसडीएम मनीष चौधरी से की भेंट

**जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री, महासचिव रमेश पठानिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बेलीराम वर्मा, सेवानिवृत्त तहसीलदार शरद सिंह ठाकुर, पूर्व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह राणा, वन विभाग से सेवानिवृत्त बलदेव ठाकुर ने जोगिंद्रनगर के नागरिक उपमंडलाधिकारी मनीष चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक भेंट की। उपमंडलाधिकारी जोगिंद्रनगर को संघ इकाई सदस्यों ने संघ की समस्याओं से अवगत कराया। संघ इकाई प्रधान नेकराम शास्त्री ने बताया कि उपमंडलाधिकारी मनीष चौधरी ने संघ की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु संघ को पूर्ण आश्वासन प्रदान किया।

## स्वात संघ ने नई कार्यकारिणी का गठन किया

**मंडी।** मंडी जिला के गुटकर में रविवार को स्वात संघ हिमाचल प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन महासचिव संतोषी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें नरेंद्र वालिया को जिला स्वात संघ का अध्यक्ष चुना गया। इंद्र कुमार सचिव, अमर सिंह को कोषाध्यक्ष, अविनाश डोगरा को मुख्य सलाहकार, योगेश को मीडिया प्रभारी, भारती डोगरा महिला खेल अध्यक्ष, मोनिका शर्मा महिला उपाध्यक्ष, गोपाल, संजय, विनोद और दिलाराम को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर स्वात संघ हिमाचल प्रदेश की महासचिव संतोषी शर्मा ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

## 45 हजार किसानों ने प्राकृतिक खेती की ओर किया रूख

**पुष्पराज, मंडी**

**आठ हजार हेक्टेयर भूमि में हो रही प्राकृतिक खेती, छह क्विंटल मोटे अनाज के बीज भी किए वितरित**

पुराने जमाने में खेती प्राकृतिक रूप से की जाती थी और खेतों में किसी भी प्रकार की रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता था, लेकिन समय के साथ कुछ लोग रासायनिक खाद पर निर्भर हो गए और प्राकृतिक खेती को छोड़ दिया। जिसके बाद ही बीमारियों का सिलसिला बढ़ने लगा। वहीं सरकार द्वारा रासायनिक खाद की डिमांड को बढ़ता देखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग को आतमा प्रोजेक्ट के द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण और सुविधा प्रदान की जा रही है।

जिसका मंडी जिला के करीब 45 हजार किसान लाभ उठा रहे हैं और लगभग आठ हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। आतमा प्रोजेक्ट मंडी के परियोजना निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि प्राकृतिक खेती देसी गाय के गोबर पर निर्भर करती है जिसमें सहिबाल, राठी, रेड सिंधी और पहाड़ी गाय आती है। खुशहाल किसान योजना के तहत किसानों को देसी गाय खरीदने पर 25 हजार रुपए ट्रांसपोर्ट के लिए पांच हजार, कीटनाशक के


आतमा प्रोजेक्ट मंडी के परियोजना निदेशक राकेश कुमार।

लिए तीन ड्रम के लिए 2250 रुपए दिए जाते है। यदि कोई बेरोजगार व्यक्ति यदि प्राकृतिक खेती के घटक बेचना चाहता है तो दुकान के लिए 50 हजार रुपए अनुदान दिया जाता है। प्रोजेक्ट के माध्यम से वर्ष 2023 में किसानों को लगभग छह क्विंटल मोटे अनाज के बीज वितरित किए गए है। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य लोगों को जहर मुक्त खेती कर स्वच्छ और स्वस्थ अनाज उपलब्ध करवाना है। ब्लॉक स्तर पर करीब 60 कीटनाशक और प्राकृतिक खाद के भंडार बनाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## गेट रेडी एंड रन में वर्णिका ने जीता गोल्ड मेडल

### डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के किंडर गार्टन की हुई खेलें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के किंडर गार्टन विंग के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया और विशिष्ठ अतिथि के रूप में मैडम वंदना गुलेरिया ने शिरकत की। इस दौरान कक्षा एलकेजी ओक से बनी रेस में अर्णव एवं आहान को स्वर्ण पदक, शौर्य को रजत पदक और मोक्षित एवं सत्यम को कांस्य पदक तथा गेट रेडी एंड रन में वर्णिका को स्वर्ण पदक, विष्णु प्रिया को रजत पदक और हनाया को कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया।



वार्षिक खेल दिवस के दौरान विजेता छात्र मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

कक्षा यूकेजी रोज से रन फॉर फन में देवांशु को स्वर्ण पदक, निधान को रजत पदक और चिन्मय को कांस्य पदक तथा पिक एंड रन रेस में शांभवी को स्वर्ण पदक, कृषा को रजत पदक और प्रिशा को कांस्य पदक से नवाजा गया। कक्षा एलकेजी पाइन से कैप रेस में अमानीत को स्वर्ण पदक आयान को रजत पदक और आदित्य को कांस्य पदक तथा बाल रेस में श्रेयांसी को स्वर्ण पदक, वेदांशी को रजत पदक और अश्विका को कांस्य पदक द्वारा नवाजा गया। कक्षा यूकेजी लिली से शेप रेस में शिवांश को स्वर्ण पदक, शिवोम एवं आर्यवीर को रजत पदक और अव्यान को कांस्य पदक से तथा डॉल रेस से आर्या को स्वर्ण पदक अराध्य को रजत पदक और अनविक्षा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया और वशिष्ठ अतिथि वंदना गुलेरिया ने बधाई दी।

## अपर बरोट में की साफ- सफाई

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

संत निरंकारी मिशन ब्रांच लोअर बरोट द्वारा रविवार को अमृत परियोजना के अंतर्गत पेयजल स्रोतों तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। इस स्वच्छता अभियान में बतौर मुख्यतिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर एवं संत निरंकारी मिशन के लगभग 100 स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर ने ब्रांच लोअर बरोट के भवन के अनेक कार्यों को पूरा करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुखी लाल सिंह, सेवादल संचालक महाजन सिंह, शिक्षक सुदर्शन, लेखाकार रमेश भारद्वाज, ममता, सपना, सुनीता प्रेम सिंह, राकेश, संजय उपस्थित रहे।



साफ-सफाई के दौरान पवन ठाकुर के साथ स्वयंसेवक सामूहिक चित्र में।

### स्वयंसेवियों ने बीएसएल जलाशय संवारा

**सुंदरनगर।** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह का संदेश था कि प्रदूषण बाहर का हो या अंदर का, दोनों ही हानिकारक है। इस संदेश के तहत निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज ने वर्ष 2003 में विश्वव्यापी सफाई अभियान की शुरूआत की थी। इसके अंतर्गत रविवार सुबह संत निरंकारी मिशन के स्वयंसेवियों ने सुंदरनगर के बीएसएल जलाशय के साथ चारों ओर पसरी गंदगी को साफ करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया। संत निरंकारी मिशन सुंदरनगर के स्वयंसेवियों ने कूड़े-कर्कट को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने स्थानीय लोगों और युवा वर्ग से क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील भी की है। एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने संत निरंकारी मिशन के स्वयंसेवियों की सराहना की। स्थानीय लोग और विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन और नगर परिषद का सहयोग करें।

**कार्यक्रम** अमृत परियोजना के तहत रिवालसर में छेड़ा सफाई अभियान

## संत निरंकारी मिशन ने झील को संवारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

संत निरंकारी मिशन इकाई रिवालसर सहित अन्य ब्रांचों द्वारा रविवार को अमृत परियोजना के तहत पवित्र रिवालसर झील परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई।

इस अभियान में स्वयंसेवियों ने पवित्र रिवालसर झील परिसर में फैला कूड़ा-कर्कट हटाया तथा आस पास के पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई की। इस स्वच्छता अभियान में मंडी जोन इंचार्ज आरके अभिलाषी एवं संत निरंकारी मिशन के लगभग 100 स्वयंसेवकों


रिवालसर में जोन के इंचार्ज आर के अभिलाषी का स्वागत करती संगत।

के साथ क्षेत्र की डीएजी संस्था तथा नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंडी जोन के इंचार्ज आरके अभिलाषी ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि संत निरंकारी मिशन हमेशा से ही आध्यात्मिकता के साथ-साथ जन कल्याण के कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग और विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी सफाई व्यवस्था को लेकर अपना-अपना सहयोग दें ताकि सफाई व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने बताया कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज द्वारा आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ समाज कल्याण के लिए अनेक कार्य किए गए।

## गागल में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**पधर।** महामाया काली मंदिर गागल में रविवार को आचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने अपने सहयोगियों द्वारा ब्राह्मण कुमारों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार करवाया। अध्यक्ष ब्राह्मण सभा जिला मंडी केडी शर्मा ने बताया कि इस दौरान सूर्यांश शर्मा पुत्र जितेंद्र शर्मा पधर, राकेश विशिष्ठ पुत्र किशोरी लाल शर्मा, गौरव शर्मा पुत्र हंस पाल शर्मा, विजय कुमार पुत्र भीम सिंह स्यांज, जतिन शर्मा पुत्र राजेश शर्मा, यश पाल शर्मा पुत्र हंस पाल शर्मा गोहर का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार करवाकर सनातन तथा संस्कृति धरोहर को संजोए रखने का शुभ कार्य किया गया। केडी शर्मा ने इस पुनीत कार्य करने के लिए दिनेश कुमार शर्मा की सराहना की है।

## 1000 की आबादी पर मात्र 0.33 डॉक्टर; 3000 लोगों पर एक चिकित्सक की सुविधा, स्वास्थ्य विभाग को सुदृढ़ करने की आवश्यकता

# हिमाचल में 80 लाख की आबादी 2677 डॉक्टर्स पर निर्भर

**अरविंद शर्मा, शिमला**

अनंत ज्ञान स्पैशल

हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधा लाचार अवस्था में चल रही है। प्रश्न यह उठता है कि हिमाचल भले ही छोटा राज्य है, लेकिन यहां की आबादी 80 लाख के करीब है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आ रही कमी का मुख्य कारण डॉक्टरों की कमी होना है। प्रदेश में वैसे तो चिकित्सक-मरीज अनुपात देश के अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कम है।

हिमाचल प्रदेश की अनुमानित 80 लाख से अधिक की आबादी के लिए इस समय महज 2677 डॉक्टर ही हैं। इस तरह प्रति हजार आबादी पर डॉक्टरों का अनुपात 0.33 है। यानी, करीब 3000 लोगों पर एक डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार एक हजार की आबादी पर एक डॉक्टर होना चाहिए। यानी डब्ल्यूएचओ ने एक हजार की जनसंख्या पर एक डॉक्टर निर्धारित किया है। हिमाचल प्रदेश की वर्ष 2011 की जनगणना व सालाना वृद्धि के आधार पर राज्य की आबादी का अनुमान लगाया गया है। हालांकि राजनीति में आने से पहले विख्यात न्यूरो सर्जन रहे डॉ. जनकराज, जो अब भरमौर से भाजपा विधायक हैं, उन्होंने भी डॉक्टरों की कमी को लेकर सवाल उठाए हैं। (अनंत ज्ञान)

**735** डॉक्टर शिमला में दे रहे सेवाएं

**539** डॉक्टर कांगड़ा में दे रहे सेवाएं



टांडा मेडिकल कॉलेज (फाइल फोटो)

### एक साल में डॉक्टर्स के 34 नए पद सृजित



**एक** साल की अवधि में राज्य में डॉक्टर्स के 34 नए पद सृजित किए गए हैं। इनमें से 30 पद आईजीएमसी शिमला व चार पद सिविल अस्पताल सुजानपुर में क्रिएट किए गए हैं। सवाल के तीसरे हिस्से में स्वास्थ्य मंत्री के लिखित जवाब में बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किलाड़, होली, भरमौर व चूड़ी जिला चंबा में डॉक्टर्स के 27 पद सृजित हैं, लेकिन मात्र 13 पद ही भरे गए हैं। यहां बता दें कि हिमाचल प्रदेश में एमबीबीएस डॉक्टर्स के कुल क्रिएट किए गए पदों के मुकाबले राज्य में अधिक डॉक्टर्स हैं। राज्य में पूर्व सरकार के समय अतिरिक्त 500 डॉक्टर्स के पद क्रिएट किए गए हैं। हिमाचल में इस समय एम्स बिलासपुर समेत छह मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं। यहां हर साल सभी मेडिकल कॉलेजों में 750 सीटें एमबीबीएस डॉक्टर्स की हैं।



प्रदेश में पूर्व की सरकार ने 500 डॉक्टर के पद क्रिएट किए थे। वर्तमान में प्रदेश में एम्स सहित छह मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं और हर साल इन मेडिकल कॉलेजों में साढ़े सात सौ एमबीबीएस डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। अब सरकार अगले वित्त वर्ष में डॉक्टरों के पदभर कर डॉक्टरों की कमी को दूर करेगी।

**स्वास्थ्य मंत्री, डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल**

### किस जिले में कितने डॉक्टर दे रहे सेवाएं

**हिमाचल** में इस समय 3000 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है। हिमाचल में जिला शिमला में सबसे अधिक डॉक्टर हैं। जिला शिमला में 735 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। आबादी के अनुपात में सबसे कम डॉक्टर जिला ऊना में हैं। यहां 118 डॉक्टर हैं। यहां की अनुमानित जनसंख्या 6,30,650 की आबादी है। जिला बिलासपुर में डॉक्टर्स की संख्या 98, चंबा में 129, हमीरपुर जिले में 152, किन्नौर में 62, जिला कुल्लू में 110, सिरमौर जिले में 144 व सोलन जिले में 187 डॉक्टर्स हैं। इसी प्रकार प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 539 व मंडी में 356 डॉक्टर्स हैं। लाहौल-स्पीति में महज 29 हजार से कुछ अधिक की आबादी है। इस आबादी के लिए 47 डॉक्टर्स हैं।

## सिविल सप्लाई की दुकानों में मिल रही सस्ती दवाइयां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**तीन वित्त वर्षों में बिकी 14 करोड़ से ज्यादा की दवाइयां**



हिमाचल के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सिविल सप्लाई की कुल 40 दुकानें हैं, जिसके माध्यम से लोगों को सस्ती कीमत पर दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं। इन दुकानों में पिछले तीन वित्त वर्षों में 14,37,16,852 की बिक्री हुई है। हिमाचल में सस्ती दवा खरीदने खोली गई सिविल सप्लाई की दुकानें लोगों के पैसे बचाने में वरदान साबित हो रही हैं। इस बात की गवाही खुद सरकारी आंकड़े दे रहे हैं।

गौर रहे कि इसको लेकर राजधानी शिमला में सिविल सप्लाई की सबसे अधिक दवाइयों की दुकानें हैं। इसमें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, शिमला, इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय -एक शिमला, कमला नेहरू अस्पताल शिमला, इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय -11 शिमला व इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में कुल पांच दवाइयों की दुकानें हैं। इसके अतिरिक्त नागरिक अस्पताल ठियोग आनी, रोहड़ू, महात्मा गांधी, चिकित्सा सेवा परिसर, रामपुर, छोटा शिमला, जुब्बल, सुन्नी, नालागढ़ जोनल अस्पताल, सोलन, अर्को, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन, पांवटा साहिब, नूरपुर, जोनल अस्पताल धर्मशाला, नागरिक अस्पताल कांगड़ा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा, डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर, नागरिक अस्पताल भोरंज व नागरिक अस्पताल टौणी देवी सहित अन्य में भी सिविल सप्लाई की दवा की दुकानें हैं।

# ऊना, टांडा और मंडी के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का प्रधानमंत्री ने किया शिलान्यास

## गुजरात के राजकोट से रखी ऑनलाइन नींव, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर रहे कार्यक्रम में मौजूद

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी/ऊना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट से हिमाचल प्रदेश के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का ऑनलाइन शिलान्यास किया। जिला ऊना, कांगड़ा के टांडा और मंडी के नेरचौक मेडिकल कॉलेज में बनने वाले इन तीन ब्लॉक पर 17.36 करोड़ प्रत्येक पर खर्च होंगे। एक ब्लॉक में छह फ्लोर का भवन बनेगा, जिसमें 50 बेड की सुविधा होगी।

इसके अलावा उन्होंने शिमला, हमीरपुर और मंडी के लिए तीन खाद्य सुरक्षा परीक्षण मोबाइल प्रयोगशाला वैन भी सौंपी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज के सभागार में बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस सौगात के लिए आभार जताया। उन्होंने



पीएम के ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य विधायक।

यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से आज पहाड़ी प्रदेश हिमाचल में तेज़ी से उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिल शर्मा, सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल, नाचन के विधायक विनोद कुमार, विधायक इंद्र सिंह गांधी, सुरेंद्र शौरी, दिलीप ठाकुर, डॉ. जनकराज, दीपराज, जीतराम कटवाल, संयुक्त सचिव स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार ई. रॉबर्ट सिंह, भाजपा प्रवक्ता अजय राणा, जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, मेयर मंडी वीरेंद्र भट्ट, कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ. राजेश भवानी सहित अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे।

### ऊना में आयोजित कार्यक्रम में इन्होंने भरी हाजिरी

**ऊना** जिला परिषद हॉल में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर स्थानीय विधायक सतपाल सिंह सत्ती, उपायुक्त जतिन लाल, सीएमओ डॉक्टर संजीव वर्मा, एमओएच डॉक्टर सुखदीप सिंह सिद्धू, डॉ. विशाल, डॉ. रमेश रत्तू, जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, एचएससीसी इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट इंजीनियर विवेक शर्मा के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जेओए आईटी अभ्यर्थियों ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान, कैंडल जला जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




चौड़ा मैदान में कैंडल जलाकर सरकार का विरोध करते जेओए आईटी अभ्यर्थी।

जेओए आईटी अभ्यर्थियों ने शनिवार शाम से हस्ताक्षर अभियान छेड़ दिया है। पिछले 16 दिनों से चौड़ा मैदान में यह अभियर्थी बैठे हुए हैं। क्रमिक अनशन पर बैठे अभियर्थी सरकार से जल्द रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक युवाओं की बात सुनने और इन्हें आश्वासन देने के लिए न तो शिक्षा मंत्री इनसे मिलने आए और नहीं ही सीएम सुक्खू ने इनके लिए थोड़ा सा समय देना उचित समझा।

लिहाजा अब इन शिक्षित बेरोजगार युवाओं का गुस्सा और सरकार से नाराजगी और ज्यादा बढ़ गई है। जीरो डिग्री तापमान में भी यह बेरोजगार अनशन पर बैठे हैं। जिन वादों को जनता के सामने परोसकर कांग्रेस नेताओं ने वोट लेकर सत्ता हासिल की आज वहीं वादे उन्हें ज्ञापन के जरिए एक नहीं, बल्कि अनेक बार याद दिलाने पड़ रहे हैं। सरकार अपने वादों को एक साल के भीतर ही भूल गई। वहीं, इन 15 दिनों के दौरान दो बार तो चार अभ्यर्थियों को आईजीएमसी भी ले जाना पड़ा। शिमला का तापमान शाम के समय शून्य चला जाता है। शरीर इतनी ठंड को सहन नहीं कर पाता है। बेरोजगारों का कहना है कि खुद को जनता हितैषी बताने वाली सरकार को क्या हमारा दर्द दिखाई नहीं दे रहा।

### परिजन परेशान

**क्रमिक** अनशन कर रहे युवाओं के परिजन काफी परेशान हैं। परिजनों का कहना है कि बच्चों की तबीयत दिन ब दिन ऐसे ही खराब होती जाएगी। ऐसे में सरकार को कोई न कोई फैसला इनके हित में दे देना चाहिए। युवाओं का कहना है कि अपने हक को हासिल करने के लिए इससे भी बड़ी मुश्किल आई तो वह भी पार कर लेंगे, लेकिन बिना रिजल्ट के घर वापसी नहीं होगी।

## बंजार के सोझा में सैलानियों की गाड़ी गिरी, एक घायल

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल में सोझा के समीप एक पर्यटक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से करीब 50 मीटर नीचे लुढ़क गया। इस घटना में वाहन चालक बुरी तरह से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार सोझा के पास रात को एक गाड़ी नंबर (यूपी 25-8342) टाटा पंच सोझा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इस गाड़ी में तीन पर्यटक आकाश (28) पुत्र मुकुल गर्ग निवासी तीन आर 20 तलवंडी कोटा राजस्थान, आरुषि (28) पुत्री अशोक कुमावत निवासी 262/267 सेक्टर 26 प्रताप नगर जयपुर राजस्थान व ऋषभ मिश्रा पुत्र किशोर मिश्रा निवासी 377 गली नंबर एक सैनिक कॉलोनी बरेली उत्तर प्रदेश सवार थे। दुर्घटना के समय गाड़ी को ऋषभ मिश्रा चला रहा था, जो इस दुर्घटना में घायल हुआ है, जबकि बाकि सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घायल को एंबुलेंस के माध्यम से बंजार अस्पताल लाया गया, जहां से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया। यहां उसका इलाज किया जा रहा है। वहीं, अन्य दो का भी प्राथमिक उपचार किया गया है। पर्यटक शनिवार को जलोड़ी घूमने गए थे और वहां से वापस आते समय सोझा के पास बर्फ में गाड़ी स्किड होने के कारण यह हादसा पेश आया है।



घायल पर्यटक को एंबुलेंस में उपचार के लिए ले जाते हुए।

### हत्या के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**नेरचौक।** नेरढांगू सत्संग भवन के पास मिले शव की जांच प्रक्रिया में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों की मानें तो यह प्रेम प्रसंग का मामला है और जिस कार को हत्या के समय इस्तेमाल किया गया था, उसकी फॉरेंसिक टीम ने जांच की, जिसमें खून के धब्बे मिले और खून से लथपथ कपड़े भी। कार चालक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि शव पर डंडे के प्रहार के निशान हैं। बल्ह थाना प्रभारी पुरुषोत्तम दीवान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### खणी-ग्रीमा मार्ग पर भूस्खलन से व्यक्ति की मौत

**भरमौर।** खणी-ग्रीमा मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में भूस्खलन से एक साथ 21 क्रेट गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार घटना उस समय घटी जब इस सड़क पर चल रहे कार्य पर तीन व्यक्ति कार्य कर रहे थे। एकाएक हुए भूस्खलन से 21अ क्रेट एक साथ नीचे धंस गए, जिस पर कार्य कर रहे तीनों युवा क्रेटो के साथ नीचे लुढ़क गए। एक बहुत नीचे लुढ़क गया, जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नेपाल निवासी दपिंदर के रूप में हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर

**मंडी।** कांडी कटौला में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कटौला की ओर से आ रही कार गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें तीन लोग सवार थे। घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। मौके पर एंबुलेंस भी पहुंच गई। तीनों को जोनल अस्पताल लाया गया, जहां जतिन गुप्ता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, सिदार्थ और यश घायल हैं। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान के युवक से पकड़ी 759 ग्राम चरस



**घुमारवीं।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) कुल्लू की टीम ने शनिवार रात कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बिलासपुर के बलोह टोल प्लाजा के पास नाके के दौरान निजी वॉल्वो बस में सवार राजस्थान के एक युवक से 759 ग्राम चरस की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान दीपेश खत्री 28 साल गांव व डाकघर सतरावा जिला जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को आगामी कारवाई के लिए पुलिस थाना घुमारवीं को सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार एएनटीएफ कुल्लू की टीम ने शनिवार को कीरतपुर-नेरचोक फोरलेन पर बलोह टोल प्लाजा के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान टीम ने एक निजी वॉल्वो बस को चैकिंग के लिए रोका और जब टीम बस में चढ़ी तो बस में सवार एक युवक टीम को देख कर घबरा गया। शक के आधार पर युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 759 ग्राम चरस बरामद हुई। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने खबर की पुष्टि की है।

### बस व कार में चिट्टे के साथ पकड़े दो युवक



**शिमला।** राजधानी में चिट्टे का कारोबार अभी भी कम नहीं हो रहा है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को चिट्टे के साथ पकड़ा है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पहले मामले में पुलिस ने तारादेवी में सोलन से शिमला आ रही बस (एचआर 69जी 9469) को रोककर चेक करने पर विजय गर्ग के कब्जे से 04.56 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने लालपानी बाइपास सड़क पर कार नंबर (एचपी 03सी1966) को रोककर चेक किया। इस दौरान फरजान खान के कब्जे से 7.50 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। दोनों मामलों को लेकर पुलिस की जांच जारी है। पुलिस पूछताछ में यह पता लगा रही है कि इन्होंने चिट्टा कहां से लिया था और किस जगह पर इसकी सप्लाई करनी थी। मामले की पुष्टि एसपी शिमला संजीव गांधी ने की है।

### दो युवकों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की देवब्राड़ता पंचायत की एक सोलह वर्षीय स्कूली छात्रा ने गांव के दो युवकों के खिलाफ छेड़खानी और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। छात्रा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वह अपने स्कूल से वापस लौट रही होती है तो उपरोक्त युवक उसका रास्ता रोककर धमकी देता है कि उसके पास लड़की का अश्लील वीडियो है और अगर वह इसके साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी तो वह उस वीडियो को वायरल कर देगा। शिकायतकर्ता लड़की का यह भी कहना है कि आरोपित युवक ने इंस्टाग्राम से उसके फोटो उठा कर उन्हें किसी अश्लील वीडियो से जोड़ दिया है। छात्रा ने पुलिस को यह भी बताया है कि वहीं दूसरा युवक भी उसे धमकी देता है कि अगर वह उससे बात नहीं करेगी तो वह उसे जान से मार देगा। शिकायतकर्ता छात्रा ने पुलिस से दोनों आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है और उसकी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। डीएसपी संजीव गौतम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों आरोपितों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है।

**सियासत** सीधे टकराने का ऐलान, कार्यकर्ता अपनी ही सरकार को सुना रहे खरी-खोटी

# राणा अपनी सरकार के खिलाफ मुखर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



ऐसा लगता है सुजानपुर से कांग्रेस के विधायक राजेंद्र राणा और उनके समर्थकों ने अब सरकार के साथ सीधे टकराने का ऐलान कर दिया है। रविवार को विधायक के घर पर बड़ी तादाद में जुटे कार्यकर्ताओं ने जिस अंदाज में अपनी ही सरकार को खरी-खोटी सुनाई। उसका मतलब साफ है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस के भीतर बहुत कुछ पकने वाला है।

राणा अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर दिखे और सरकार की कारगुजारी पर कई सवाल उठाए। यहां तक कह दिया कि रेवड़ियां बांटने का काम जिस अंदाज में हो रहा है, उसमें परिवार लंबे समय तक साथ नहीं चलता। उसमें बिखराव हो जाता है। क्या राजेंद्र राणा कांग्रेस से नाता तोड़ने का मन बना चुके हैं या फिर विरोधी खेमें में शुमार हो चुके राणा ने सुक्खू सरकार में अपनी अनदेखी पर कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर लड़ाई लड़ने का नया तरीका अख्तियार कर लिया है। राजनीति के लिहाज से राणा का घर पर किया गया यह कार्यक्रम इसलिए मायने रखता है, क्योंकि यह जिला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का है। दर असल में धर्मशाला के पार्टी विधायक सुधीर शर्मा और सुजानपुर से ताल्लुक रखने वाले राजेंद्र राणा की जुगलबंदी इन दोनों अच्छी खासी चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने सुधीर शर्मा को जब मंत्रिमंडल में शामिल करने का संकेत दिया, तो उस पर सुधीर ने भी पलटवार करके इस पद को अब लेने से मना कर दिया।

उधर, राणा भी कह रहे हैं कि जूठा खाने की आदत सुजानपुर की जनता को नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### बागी तेवरों से कांग्रेस के अंदर हलचल

**अहम** सवाल यही है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले से यदि इस तरह का माहौल तैयार हो रहा है तो फिर आने वाले समय में जब पार्टी चुनावी मोड पर जाएगी हालात कैसे होंगे। इस बात की भी खूब चर्चा अब शुरू हो गई है। राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा के बागी तेवरों से कांग्रेस के भीतर तो अच्छी खासी हलचल अब हो ही चुकी है, विरोधी पार्टी के लोग भी चटकारे ले रहे हैं। क्योंकि राणा के घर पर बुलाई गई इस मीटिंग के मायने छोटे नहीं हैं। इसीलिए अब राजनीति के अगले ध्रुवीकरण की इंतजार शुरू हो गई है।

### मंच पर जमकर साधा सरकार पर निशाना

**राणा** के इस कार्यक्रम में जो भी मंच से बोल उसने सरकार को निशाने पर ही रखा इसके भी मायने हैं। दिवंगत वीरभद्र सिंह के शासनकाल में हुए कार्यों को भी यहां पर खूब गिनाया गया। यहां तक भी कह दिया गया कि यदि राजेंद्र राणा लगातार विधायक नहीं बनते तो इस जिले में कांग्रेस का प्रभाव कैसा होता है, कौन कहां से जीतने की क्षमता रखता और कौन हार जाने की। मतलब साफ था कि सीधे-सीधे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ही टारगेट किया जा रहा था।

## भगता चरण दास ने की चुनावों की तैयारियों की समीक्षा



**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश लोकसभा चुनावों के लिए नियुक्त स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री भगता चरण दास पार्टी पदाधिकारियों व प्रदेश से लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के आवेदकों से दोपहर बाद दो बजे से पार्टी कार्यालय राजीव भवन में भेंट की। कांग्रेस महासचिव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अमित पाल सिंह ने बताया कि भगता चरण दास प्रदेश के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान वह पार्टी के उन उम्मीदवारों से जिन्होंने पार्टी टिकट के लिए आवदेन किया है से बात करेंगे और पार्टी में उनकी दावेदारी पर उनके विचारों को सुनेंगे।

# राज्यसभा चुनाव के लिए एक दिन शेष, शिमला में चढ़ा सियासी पारा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

राज्यसभा चुनाव को लेकर शिमला में सर्द हवाओं के बीच सियासी पारा अपने चरम पर है। जहां एक तरफ कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का डर है, वहीं भाजपा के हौसले बुलंद हैं। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक मात्र सीट के लिए होने वाले मतदान में केवल एक दिन बचा है।

प्रदेश में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए 27 फरवरी को वोटिंग होगी। ऐसे में चुनाव का इंतजार लगभग खत्म हो गया है, जिससे प्रदेश में दोनों ही बड़े राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है। हिमाचल में कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार बनाए गए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी शिमला पहुंच गए हैं।

वोटिंग से पहले शिमला स्थित सेसिल होटल में सोमवार को कांग्रेस के सभी विधायकों के लिए डिनर रखा गया है, जिसमें तीन निर्दलीय विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है।

राज्यसभा के लिए होने वाली वोटिंग से पहले विधायकों के लिए रखे गए डिनर में मतदान को लेकर चर्चा होगी। वहीं, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए जरूरी वोटों की संख्या न होने पर भी हर्ष महाजन को चुनावी रण में उतारा है। हर्ष महाजन कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का डर, भाजपा के हौसले बुलंद**

### जानिए किस पार्टी के पास कितने विधायक

**हिमाचल** प्रदेश में बहुमत का पर्याप्त आंकड़ा होने से कांग्रेस की सरकार सत्ता पर काबिज है। कांग्रेस के पास 40 विधायक है। वहीं, भाजपा के पास 25 विधायक हैं। हिमाचल विधानसभा में निर्दलीय विधायकों की कुल संख्या तीन है।

### कांग्रेस संगठन की सरकार से नाराजगी

**कांग्रेस** में संगठन और सरकार के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता संभालने के बाद से ही कार्यकर्ताओं और विधायकों की नाराजगी लगातार सामने आ रही है, जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सार्वजनिक तौर पर सवाल उठा चुकी हैं। ऐसे में भाजपा को क्रॉस वोटिंग की उम्मीद है, जिसको देखते हुए ही भाजपा ने संख्या बल न होने पर भी राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार उतार कर कांग्रेस के अंदर सेंधमारी होने की आशंका पैदा कर दी है, जिसके चलते कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्यमिता बढ़ाने के महत्व में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**शिमला।** राजधानी शिमला के परिमहल में रविवार को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में डीएवाई योजना-एनयूएलएम के क्षमता निर्माण ई डीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, आयुक्त भूपेंद्र अत्री व कनलोग वार्ड पार्षद अलोक पठानिया ने किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों से आई 40 महिलाओं को उद्यमित बढ़ाने के महत्व के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन महिलाओं द्वारा हाथ से बने उत्पाद देखने का मौका मिला। इन प्रतिभावन महिलाओं को निगम की ओर से हर संभव मदद करूंगा, ताकि भविष्य में उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो।

### सुन्नी में 38 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**सुन्नी।** सुन्नी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में गणेश एवं पंचमुखी हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम के दूसरे दिन कथा वाचक सौरभ शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गणपति महिमा का व्याख्यान किया। इस अवसर पर गणपति मंडल तथा मंदिर कमेटी सुन्नी द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के चिकित्सकों के दल की ओर से रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। इस दौरान 38 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

### गर्म पानी के स्रोतों की साफ-सफाई की



**सुन्नी।** संत निरंकारी मिशन से पूरे देश भर में प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहत तत्तापानी स्थित गर्म पानी के स्रोतों की साफ-सफाई की गई तथा नालियों में पड़ी गंदगी को भी साफ किया गया। संत निरंकारी मिशन के लगभग 70 कार्यकर्ताओं ने तत्तापानी स्थित घाट से प्लास्टिक कचरा साफ किया। संत निरंकारी मिशन शाखा सुन्नी के प्रमुख हेम प्रकाश शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम पूरे भारत के लगभग 1500 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम निरंकारी मिशन के चौथे गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्मोत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है, पिछले वर्ष संपूर्ण भारत के लगभग 1200 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### 'मोदी के इस बार 400 पार' पर जताई सहमति



**रोहड़ू।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 18 के कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा विशेष रूप से मौजूद रहे। चेतन बरागटा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। केंद्र सरकार की ओर से मातृशक्ति के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चल रही हैं, जिसका लाभ हमारी मातृशक्ति को मिल रहा है। यहां पर उपस्थित जनसमूह ने चेतन बरागटा की बातों पर हामी बरते हुए नरेंद्र मोदी के अबकि बार 400 पार लक्ष्य पर सहमति जताते हुए फिर एक बार भाजपा को वोट देने का प्रण लिया।

### किन्नौरी सामान को खरीदने के लिए लगी भीड़



**शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर खादी ग्रामोद्योग उत्सव का आयोजन हो गया है। इसमें हिमाचल ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के लोगों ने भी हिस्सा लिया है। यह उत्सव सात दिवसीय है। कुल्लू से आए अजय ने कुल्लवी सामान की प्रदर्शनी लगाई है। यह प्रदर्शनी शिमला में पहली बार लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में कुल्लवी टोपी, जैकेट, शॉल, स्टॉल, सदरी अन्य वस्तुओं को लाया गया है। इन सभी सामानों को हाथों से तैयार किया गया है। हिमाचल खादी मंडल कुल्लू द्वारा इसे तैयार किया जाता है। शिमला में करीब 40000 का सामान लाया गया है। इस संस्था में कुल 50 लोग काम करते हैं, 500 लोग ऑर्डर देते हैं और इनकी अपनी 32 दुकानें हिमाचल के अंदर हैं। यहां टोपी का दाम 150 से 500, जैकेट 500 से 1200, शॉल 500 से 1000, स्टॉल 500 से 800 और सदरी 500 से 1500 की बेची जा रही है। अभी तक 20000 तक का सामान लाया गया है।

### कुमारसैन में रास्तों की साफ-सफाई की



**कुमारसैन।** निरंकारी मिशन ब्रांच कुमारसैन की ओर से रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। निरंकारी ब्रांच कुमारसैन के प्रमुख सुरेश कुमार ने बताया कि निरंकारी मिशन की ओर से प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का यह दूसरा चरण है, जिसके तहत रविवार को कुमारसैन के अगले बाजार में शिव मंदिर के नजदीक संबल में प्राकृतिक जल स्रोत व उसके आसपास नाले तथा रास्तों की साफ-सफाई की गई, जिसमें संत निरंकारी ब्रांच कुमारसैन की साध संगत व सेवादारों ने इस सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

# मरीजों के टेस्ट पहले और हिमकेयर का कार्ड बाद में हो रहा एक्टिवेट

## आईजीएमसी में मरीज नहीं ले पा रहे निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ, प्रशासन भी नहीं ले रहा सुध

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में टेस्ट पहले और हिमकेयर का कार्ड बाद में एक्टिवेट हो रहा है। ऐसे में मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए भारी पैसे खर्च करने पड़ते हैं।



आईजीएमसी।

इन दिनों स्थिति ऐसी बन चुकी है कि जब किसी मरीज को आपातकालीन स्थिति में आपातकालीन वार्ड पहुंचाया जाता है, तो वहां पर सबसे पहले डॉक्टरों द्वारा टेस्ट करवाए जाते हैं। इस दौरान आधे से ज्यादा मरीजों के सैंपल निजी लैब में भेजे जाते हैं। निजी लैब में मंहगे दामों पर टेस्ट होते हैं। अगर हिमकेयर का कार्ड समय से एक्टिवेट होता, तो सारे टेस्ट भी निशुल्क होने थे। प्रशासन ने यह तय किया है कि जब तक कार्ड एक्टिवेट नहीं होगा, तब तक निशुल्क दवाइयां नहीं मिलेंगी और न कार्ड पर अन्य सुविधा मिलेगी, लेकिन लोगों के यह भी सवाल उठ रहे हैं कि जैसे ही मरीज अस्पताल में पहुंचता है, तो उसका कार्ड उसी समय एक्टिवेट होना चाहिए, जब तक तो कार्ड एक्टीवेट होता है इतने में तीमारदर भारी पैसे खर्च कर दवाइयां खरीदता है। मरीजों को इन दिनों परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी लैब में 12 बजे तक ही होते टेस्ट

वहीं आईजीएमसी की सरकारी लैब में सिर्फ 12 बजे तक टेस्ट होते हैं। लोगों के इसको लेकर यह सवाल उठ रहे हैं कि प्रशसन व सरकार निजी लैब को त्वाजों दे रही है। सरकारी लैब में ही सारे टेस्ट करवाने की सुविधा होनी चाहिए थी। यहां जब मरीज लाइनों में खड़े हो जाते हैं, तो अन्य लोगों को गुजरने तक की भी जगह नहीं होती है। आईजीएमसी की सरकारी लैब में तो कभी भी समय से मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिलती है। टेस्ट करवाने में मरीजों का सप्ताह बीत जाता है।

### तीन हजार से अधिक की रहती है ओपीडी

आईजीएमसी प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां रोजना तीन हजार से अधिक ओपीडी रहती है। जहां चिकित्सक मरीजों की जांच के बाद उन्हें टेस्ट करने के लिए कहते हैं। प्रशासन द्वारा अगर समय से कोई कदम नहीं उठाए गए, तो मरीजों को इससे भी ज्यादा दिक्कतें आ सकती हैं।

> हमारे पास हिमकेयर कार्ड पर मरीजों का उपचार हो रहा है। जब मरीज अस्पताल में भर्ती होता है, तो तभी कार्ड एक्टिवेट करने के बाद उसे निशुल्क दवाइयां व अन्य सुविधा मिलती हैं। मरीजों को यहां पर दिक्कतें नहीं आने दी जा रही हैं।
>
> **डॉ. सीता ठीकुर, प्रिंसिपल आईतजीएमसी।**

### सुरक्षा गार्ड के 120 पदों के लिए साक्षात्कार

**शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से एसआईएस इंडिया लिमिटिड आरटीए बिलासपुर के लिए शिमला प्रदेश में सिक्योरिटी गार्ड के 120 पद निकाले हैं।

शिमला की क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी सीमा गुप्ता ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास, आयु वर्ग 21 से 37 वर्ष, हाइट 168 सेंटीमीटर से ऊपर और वजन 56 से ऊपर होना चाहिए, जो भी इच्छुक उम्मीदवार इस पद से संबंधित योग्यता रखता हो, वह अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित नीचे दिए गए स्थानों पर निश्चित तिथियों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। इनमें पांच को उपरोजगार कार्यालय रामपुर, छह को उपरोजगार कार्यालय कुमारसैन, सात को उपरोजगार कार्यालय ठियोग 11 को उपरोजगार कार्यालय सुन्नी में प्रातः 10.30 बजे पहुंचे। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रशासन ने 18 तहबाजारियों का सामान किया जब्त

## नहीं बाज आ रहे तहबाजारी, संडे मार्केट के कारण बाजार में लोगों का चलना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के लोअर बाजार में रविवार को नगर निगम का डंडा चला। शहर में बाहरी क्षेत्रों से दुकानें लगाने के लिए काफी व्यापारी पहुंचते हैं। इनको उठाने का निगम ने नीतिगत फैसला लिया है।

इसी के तहत रविवार को निगम की टीम पुलिस के साथ लोअर बाजार पहुंची। इसमें 18 तहबाजारियों के सामान को जब्त किया गया। शहर में शिमला ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं। इससे नाराज होकर शिमला व्यापार मंडल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था और इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी, इसके बाद से हर रविवार को नगर निगम प्रशासन की ओर से इनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है। बाजार में कई जगह दुकानदार जरूरत से अधिक बाहर सामान फैला देते हैं और वहीं ओवर हैंगिग भी करते हैं। कई जगह तहबाजारी सामान की पोटली खोलकर दुकान के आगे बैठे रहते हैं। व्यापारियों और दुकानदारों के ऐसा करने से बाजार की सड़क और तंग हो जाती हैं।



नगर निगम प्रशासन तहबाजारियों का सामान जब्त करते हुए।

> नगर निगम की ओर से मना करने के बाद भी तहबाजारी और कुछ दुकानदार नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। अगर किसी तहबाजारी का सामान बार-बार निगम द्वारा उठाया जा रहा है, तो उसे समझना चाहिए कि वह नियमों के विरुद्ध जाकर अपना सामान सजा रहा है। इस तरह की मनमानी को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहबाजारी हाई कोर्ट के नियमों को दरकिनार कर अपनी मर्जी चला रहे हैं, जिस वजह से इनका सामान उठाना पड़ा।
>
> **भूपेंद्र अत्री, आयुक्त नगर निगम शिमला।**

# क्रैश बैरियर का न लग पाना हादसों की ओर कर रहा इशारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

युवा विकास मंच पेखा की बैठक पेखा में विधिवत रूप से रविवार को संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में विशेष मुद्दा सड़क पर क्रैश बैरियर्स का न लगना रहा। यह सड़क 15 किलोमीटर तक टिक्करी से लेकर तांगणू जो पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश में महत्वपूर्ण स्थान रखती है उनको जोड़ती है।

यह सड़क चंद्र नाहन व बुरहान पास प्रदेश में उभरते हुए पर्यटन क्षेत्र तक जाती है। यहां पर हिंदुस्तान के कोने-कोने से पर्यटक की दृष्टि से आते हैं और यह सड़क शिमला की सबसे खतरनाक सड़कों में शुमार है। क्रैश



बैरियर का न लग पाना इस सड़क पर हादसों की ओर इशारा करती है। एक वर्ष पूर्व प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस चट्टान से टकरा गई थी, जिसमें लगभग 10-15 लोगों को गंभीर चोटें आई थी। वहीं, कुछ ऐसे चिन्हित ब्लैक स्पाट हैं, जिनके बारे में कनिष्ठ व वरिष्ठ अभियंताओं के संज्ञान में एक साल पहले इस विषय को लाया गया था, लेकिन अभी तक डंगे व दीवारें तक नहीं लग पाई हैं।

# 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली : खन्ना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट से हमारी मुलाकात चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में हुई, जहां पर उनको हिमाचली टोपी और मफलर देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पूर्व प्रधानमंत्री टोनी हिमाचली टोपी और मफलर पहन पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हो गए और उनको हिमाचल की संस्कृति अति सुंदर लगी। हिमाचल देवभूमि है और हिमाचल की संस्कृति का डंका पूरे विश्व में बजता है, आज से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनेक बार हिमाचल की टोपी विश्व स्तर पर प्रतिनिधियों को दी है, इसे हिमाचल का बोलबाला पूरे विश्व में उजागर हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी इसराइल के याद भसीम संग्रहालय में हिमाचल की गहरी लाल रंग की टोपी पहनकर पहुंचे, इसके बाद हिमाचली टोपी को एक नया नाम मिल



गया। भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना एवं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी के बीच भारत की राजनीति को लेकर काफी चर्चा हुई। खन्ना के बताया की रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर हमारा देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहा है। गुलामी के कालखंड से प्रेरित क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब इतिहास हो गया है। अब दंड को नहीं, अपितु न्याय को प्राथमिकता है। 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली है।

## सीपीएस ब्राक्टा ने कनेवरा खड्ड से नौंईं गांव सड़क का किया लोकार्पण

# पशु औषधालय का किया उद्घाटन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने संपर्क मार्ग कनेवरा खड्ड से नौंईं गांव का लोकार्पण कर लोगों को समर्पित किया।

नौंईं गांव मे लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य संसदीय सचिव ने बताया कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान की हर संभव सहायता की जाएगी। उसके बाद मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने ग्राम जगोठी में पशु औषधालय का उद्घाटन कर लोगों को समर्पित



सीपीएस ब्राक्टा कनेवरा खड्ड से नौंईं गांव सड़क का लोकार्पण करते हुए।

किया गया। काफी लंबे समय से लोगों की इस मांग को पूरा किया गया है। इस औषधालय के बनने से पंचायत जगोठी गांव और कोटी गांव व साथ लगती गांव बाड़ीधार, खिलाड़गी, भूठ, नौंईं गांव के लोगों को सुविधा मिलेगी। उसके बाद मुख्य संसदीय सचिव ने जगोठी स्कूल का निरीक्षण किया और भवन में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस भवन को स्कूल प्रशासन को सौंप दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### संत निरंकारी मिशन की सफाई



रिकांगपिओ। संत निरंकारी मंडल किन्नौर के संयोजक डीजी नेगी ने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से संत निरंकारी मिशन जिला किन्नौर की ओर से अमृत प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छ मन स्वच्छ जल को लेकर पूरे जिले विभिन्न जलाशयों में सफाई की गई।

# सुन्नी में सड़कों पर खर्च किए जा रहे 55 करोड़ : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, सुन्नी/शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को सुन्नी उपमंडल के अंतर्गत बडमैंन से बसंतपुर सड़क तथा नदुखर खेल मैदान की आधारशिला रखी। बडमैन से बसंतपुर सड़क का निर्माण कार्य विधायक प्राथमिकता से लगभग छह करोड़ 50 लाख से पूर्ण होगा, वहीं खेल मैदान में लगभग 35 लाख की राशि व्यय की जाएगी।



सड़क की आधारशिला रखते मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

बसंतपुर में आयोजित कार्यक्रम लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की बहुत पुरानी मांग आज पूर्ण होने जा रही है, जिसका निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कर इसका लोकार्पण किया जाएगा। नदूखर में खेल मैदान के निर्माण से यहां के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। सुन्नी क्षेत्र की सड़कों को सुदृढ करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसील सुन्नी क्षेत्र में अकेले सड़कों के कार्यों पर लगभग 55 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। शनोला से शड़ी सड़क का उन्नयन कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 6.50 करोड़, जलोग से गढेरी सड़क के उन्नयन कार्य पर 12 करोड़, मढोलघाट से जमोग सड़क 4.80 करोड़, खटनोल डांडीबाग सड़क 7.50 करोड़ व बाग क्यालु सड़क पर 5.40 करोड़ व्यय किए जा रहे है। नयासैर सड़क का आधा कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि बसंतपुर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का कार्य लगभग 50 करोड़ से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री सुक्खू बनुटी के समीप फाइन आर्ट कॉलेज का विधिवत लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल शर्मा, नीम चंद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**फिजूलखर्ची** ये कैसा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, दस सीढ़ियां चढ़कर मिलेगी लिफ्ट, फिर किराया देकर क्रॉस करना होगा ब्रिज

# लोअर बाजार में तारों के बीचों-बीच खड़ी कर दी लिफ्ट

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला के लोअर बाजार में लिफ्ट बनाने का कार्य किया जा रहा है। शिमला शहर में लोहा ही लोहा जड़ दिया गया है। इससे शहरवासी भी परेशान हो गए हैं। राज्य सरकार द्वारा लोअर बाजार में सुंदर पंसारी की दुकान से रिज मैदान की ओर लिफ्ट बनाई जा रही है। तीन महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगी।

स्मार्ट सिटी के तहत इस प्रोजेक्ट को बनाया जा रहा है। इस लिफ्ट तक पहुंचने के लिए पहले लोगों को दस सीढ़ियां चढ़नी पड़ेंगी। उसके बाद किराया देकर ब्रिज क्रॉस कर दस और सीढ़ियां चढ़नी पड़ेंगी। लोगों का कहना है कि यह सरकार ने फिजूलखर्ची की है। बाजार में इस लिफ्ट की कोई आवश्यकता नहीं थी। जून 2022 से इसका काम शुरू हो गया था। बीते वर्ष इसका कार्य समाप्त होना था, लेकिन बारिश के कारण इस काम को रोकना पड़ा। यह लिफ्ट दो महीने के भीतर तैयार हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### लिफ्ट से पहले ऐस्कलेटर लगाने की थी योजना

लिफ्ट से पहले इस जगह पर ऐस्कलेटर लगाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन दोनों ओर तीखी ढलान होने के कारण ऐस्कलेटर की फिजीबिलिटी नहीं बन पाई। इस वजह से उस प्रोजेक्ट को रद्द किया गया, जिसके बाद यहां पर लिफ्ट बनाने का कार्य किया गया। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 1.47 करोड़ रुपए की लागत से इसका कार्य किया जा रहा है। मई माह में यह पूरा तैयार हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट का जिम्मा रोपवे ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपेरशन को सौंपा गया है।

### बाजार में बन रही पहली लिफ्ट

शिमला शहर में रिज मैदान जाने के लिए केवल एक ही लिफ्ट है। शिमला के लोअर बाजार में पहली बार किसी लिफ्ट का निर्माण हो रहा है। बाजार से लोगों को 100 के करीब सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। अब लोगों की सुविधा के लिए लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है।

### ब्रीज का निर्माण भी किया जा रहा

लोअर बाजार में बनाए जा रही लिफ्ट के साथ ही ब्रीज का निर्माण भी किया जा रहा है। यह ब्रिज मिडल बाजार के टैरेस तक बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई लगभग 8.64 मीटर और चौड़ाई 2.10 मीटर होगी। उसके आगे 10 के करीब सीढ़ियां चढ़कर रिज मैदान पहुंचा जाएगा।

### निगम की ओर से नहीं लिया जाना चाहिए किराया



यहां पर लोगों की सुविधा के लिए लिफ्ट तो बनाई गई, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं है। उस लिफ्ट तक पहुंचने के लिए पहली दस सीढ़ियां चढ़कर लिफ्ट में किराया देकर और दस सीढ़ियां चढ़नी होंगी। इससे तो जनता को ज्यादा फायदा नहीं होगा।

**अवतार सिंह, स्थानीय निवासी।**



लोअर बाजार में लिफ्ट तो खड़ी कर दी है, लेकिन इसमें अधिकतर बुजुर्ग ही सफर करेंगे। निगम द्वारा लिफ्ट का प्रयोग करने वालों से किराया नहीं लिया जाना चाहिए। अगर वह किराया लेंगे, तो शायद ही कोई इसमें सफर करेगा।

**सुभाष वर्मा, स्थानीय निवासी**



पहले इस जगह पर ऐस्कलेटर लगाने की योजना बनाई गई थी। तीखी ढलान के कारण उस योजना को रद्द करना पड़ा, लेकिन उसके बाद जो लिफ्ट बनाई इससे किसी को कोई फायदा नहीं होने वाला है, बल्कि बाजार के लिए यह संकट भी बन सकती है। पिछली बरसात में कृष्णानगर में आपदा आई थी, जिससे काफी नुकसान हुआ था। इस तरह लोहे को शहर में खड़ा करने से आपदा को न्योता देने वाली बात है।

**संजय चौहान, पूर्व मेयर, नगर निगम शिमला ।**

# एचआरटीसी बस का पांच दशक पुराना पुलबाहल-शिमला रूट बंद

**सपना सूद, नेरवा-चौपाल**

**शाम को पुलबाहल से थुंदल के लिए बस सेवा न होने से लोगों को हो रही परेशानी**

एचआरटीसी डिपो सोलन द्वारा पांच दशक पुराने बस रूट पुलबाहल-शिमला को बंद करने से क्षेत्र के लोगों में निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष व्याप्त है। इस बस रूट के बंद होने से जहां एक तरफ लोगों को परेशानी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ अपने पुराने बस रूट को बंद करने के लिए एचआरटीसी डिपो सोलन की भी खूब किरकिरी हो रही है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक 70 के दशक में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार के कार्यकाल में सिरमौर की सीमा पर स्थित शिमला के पुलबाहल तक सड़क पहुंची थी। यह भी मालूम हुआ है कि पहले शिमला से बलग, फिर शिमला से धमांदर और फिर धारटुखाड़ी तक शिमला डिपो की बस चला करती थी। उसके बाद जब 70 के दशक में पुलबाहल सड़क सुविधा से जुड़ा, तो यहां सोलन डिपो द्वारा बसें चलाई गई। 70 के दशक से 2024 तक इस एरिया में सोलन डिपो द्वारा बस चलाई गई थी। इसी बीच एचआरटीसी द्वारा दो अन्य बसों का संचालन किया गया, जिसके तहत इन बसों को सोलन से वाया पुलबाहल-शिमला-सोलन चलाया गया।

आज आलम यह है कि अब सोलन से एक मात्र बस को भेजा जा रहा है, जो सोलन से लिहाट चलती है। सुबह यह बस खाली थुंदल आती है और यहां से वापस सोलन जाती है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के चलते दो सप्ताह से चौपाल थुंदल बस सेवा भी बंद है। लोगों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही इस रुट को पुनः बहाल नहीं किया गया, तो निगम प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# राज्यस्तरीय मिलेट्स मेले में लोगों ने खूब पसंद किए मोटे अनाज के व्यंजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मिलेट्स यानि मोटे अनाज से बने व्यंजन के पौष्टिक गुणों के कारण लोग इससे जंक फूड के विकल्प के तौर पर अपनाने लगे हैं। सोलन में आयोजित राज्यस्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेले में लोगों को मोटे अनाजों के पौष्टिक गुणों के बारे जागरूक किया गया।

मोटे अनाज जैसे कोदा, बाजरा, रागी और कंगडी से बने व्यंजनों से पाचन क्षमता, आयरन, कैल्सियम की कमी पूरी होने साथ बीमारियों से लड़ने की क्षमता है। इन अनाजों के सेवन से बीपी और शुगर जैसी बीमारियों से भी बचा जा सकता है। ईट राइट मिलेट्स मेले में लोगों ने मोट अनाज के बने व्यंजनों का

- **कोदे के सिड्डू व चुलाई की खीर, रागी से लड्डू जंक फूड का विकल्प**
- **मोटो अनाज के सेवन से बीपी और शुगर से बचा जा सकता**

भी भरपूर लुत्फ उठाया।

मोटे अनाज की प्रदर्शनी देखने के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। इस दौरान कोदे के सिड्डू, चुलाई की खीर, कोदे की चाय, बाजरे के लड्डू, रागी की खीर, नमकीन बिस्कुट, बर्फी सहित अन्य उत्पाद लोगों ने खूब पसंद किए। कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत

### नेचुरल और श्रद्धा स्वयं सहायता समूह ने अपनाया स्वरोजगार


उत्पादों के साथ नेचुरल स्वयं सहायता समूह देवठी के सदस्य।

सकोड़ी के श्रद्धा स्वयं सहायता समूह द्वारा कोदे के सिड्डू, कोदे की चाय, चुलाई की खीर तैयार कर प्रदर्शनी लगाई गई थी। महिलाओं द्वारा मोटे अनाज से निर्मित उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया। श्रद्धा स्वयं सहायता समूह से राजकुमारी, गायत्री, सुरजीता ने बताया कि वह आठ महिलाएं इस कार्य से जुड़ी हुई है।

### ज्वार व बाजारा से नमकीन, बिस्कुट और बर्फी की तैयार

**नेचुरल** स्वयं सहायता समूह देवठी सोलन की चेयरपर्सन ममता का कहना है कि उनके द्वारा ज्वार व बाजारा से नमकीन, बिस्कुट और बर्फी सहित बहुत से उत्पाद तैयार किए गए है। रागी की खीर भी बनाई गई है। सोलन नेचुरल स्वयं सहायता समूह में पांच महिलाएं उत्पाद बनाने का कार्य करती है। जबकि करीब 42 महिलाएं प्राकृतिक खेती के माध्यम से मोटे अनाजों की खेती करती है। इससे समूह को मोटा अनाज बाजार से नही खरीदना पड़ता है।


उत्पात तैयार करने वाली श्रद्धा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं।

### लक्ष्मणजी स्वीट्स में रागी लड्डू की महक

बेसन की बर्फी के लिए मशहूर कंडाघाट के लक्ष्मणजी स्वीट्स ने मोटे अनाज यानी मिलेट्स से भी मिठाइयां बनाने की पहल की है। राज्य स्तरीय ईट राईट मिलेटस मेला में लक्ष्मणजी स्वीट्स ने मोटे अनाज रागी से लड्डू, पिन्नी और नमकीन की प्रदर्शनी लगाई। खास बात रही कि लक्ष्मणजी स्वीट्स के स्टॉल में लोगों रागी ने बनी मिठाईयां खिलाई गई वो भी शुद्ध देशी घी से बनी हुई। लक्ष्मणजी स्वीट्स के मालिक मनीष वर्मा का कहना है की रागी और बाजरा जैसे मिलेटस से बनी मिठाइयों की तेजी से मांग बढ़ी है। मनीष का कहना है कि शुद्धता और स्वाद से किसी तरह का समझौता नहीं किया गया। ग्राहक रागी लड्डूओं को खूब पसंद कर रहे हैं।

### चुलाई की खीर तैयार कर लगाई प्रदर्शनी

**कंडाघाट** उपमंडल की ग्राम पंचायत सकोड़ी के श्रद्धा स्वयं सहायता समूह द्वारा कोदे के सिड्डू, कोदे की चाय, चुलाई की खीर तैयार कर प्रदर्शनी लगाई गई थी। महिलाओं द्वारा मोटे अनाज से निर्मित उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया। श्रद्धा स्वयं सहायत समूह से राजकुमारी, गायत्री, सुरजीता ने बताया कि वह आठ महिलाएं इस कार्य से जुड़ी हुई है। उन्होंने सुंदरनगर में मोटे अनाज के उत्पादन बनाने का प्रशिक्षण लिया। वह माह के प्रथम मंगलवार को कंडाघाट बाजार में अपना स्टाल लगाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल में कानून व्यवस्था चरमराई : रावत

**नाहन।** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि जब से हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से हिमाचल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के एक विधायक पर जानलेवा हमला किया गया और पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वर्तमान विधायक सुधीर शर्मा को भी कुछ लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है जो बहुत ही शर्मनाक है। मुख्यमंत्री सुक्खू को कड़ा संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### जयराम ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**अर्की।** प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात के कार्यक्रम को अर्की विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 46 डीनन में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व मंडल अर्की पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, विधायक डॉ. जनक राज, विधायक दीपराज, अर्की मंडल के अध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से साथ मौजूद रहे।



### शिव मंदिर कटोली में होगा शिव महापुराण यज्ञ

**राजगढ़।** राजगढ़ विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत आने वाली टिक्कर पंचायत के बधोरली क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर कटोली में 11 दिवसीय शिव महापुराण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में शिव महापुराण का व्याख्यान वेदांत आचार्य रोशन लाल शर्मा द्वारा किया जाएगा, कथा का शुभारंभ 27 फरवरी को कलश यात्रा व पुराण स्वागत के साथ प्रारंभ होगा और 9 मार्च को यज्ञ विशाल भंडारे व हवन यज्ञ के साथ विराम लेगा।

### युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**राजगढ़।** युवा कांग्रेस पच्छाद ने राजगढ़ में जिला स्तरीय युवा कांग्रेस की एक बेटी का आयोजन किया गया। बैठक में नव नियुक्त प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सुर्या विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला सिरमौर युवा कांग्रेस अध्यक्ष विरेंद्र झालटा ने बताया कि इस बैठक में जिला सिरमौर के सभी विधानसभा क्षेत्रों के युवा कांग्रेस की पदाधिकारियों ने भाग लिया और युवा कांग्रेस की गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी समय के लिए कार्य योजना तैयार की गई। इस मौके पर योगेश हाड़ा प्रभारी प्रदेश युवा कांग्रेस,अखिल अग्निहोत्री प्रदेश उपाध्यक्ष, मनीष भगनाल अध्यक्ष पच्छाद युवा कांग्रेस आदि उपस्थित रहे।

### संवेदीकरण संवाद पर लगाया शिविर

**राजगढ़ ।** एनएसटीसी की ओर से संपोषित परियोजना हिम प्रोडक्टिव सोसायटी ऑफ सोशल वेलफेयर सोलन ने राजगढ़ में महिलाओं के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण संवाद शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत की अध्यक्षा ज्योति साहनी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं। शिविर का उद्देश्य मां और बच्चे के लिए समुदाय में अपनाई जा रही जीवन शैली का आकलन करना था रहा।

### कश्यालु में मनाई गुरु रविदास दास जयंती

**अर्की।** कश्यालु गांव में गुरु रविदास दास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में प्रधान ग्राम पंचायत गयाना कर्म चंद बंसल तथा कृषक विकास एवं कल्याण परिषद कश्यालू ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता सीडी बंसल, अध्यक्ष, जिला सोलन कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने की। समारोह में अमित नंदा पूर्व अध्यक्ष, हिमाचल अनुसूचित जाति आयोग एवं राज्य अध्यक्ष, हिमाचल कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

### कांग्रेस सरकार षड्यंत्रकारी बनी : डॉ. बिंदल

**नाहन।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि नगर परिषद का साढ़े चार मंजिला प्रशासनिक भवन और लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत इस भवन के ऊपर प्रस्तावित थी जिसकी दो मंजिल पार्किंग थी और दो मंजिल प्रशासनिक भवन था आज 15 महीने का समय बीत जाने के बाद और कांग्रेस पार्टी की सरकार ने इस कार्य को लगातार लटकाया और लंबित रखा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जो धनराशि इन भवन को बनाने के लिए देनी थी उसको षड्यंत्र के तहत रोका गया। नगर परिषद ने एक निर्णय किया कि 29 तारीख को इसका टेंडर कर जनता के उपयोग के लिए इसको खोल दिया जाए।

### दून की 21 पंचायतों में खर्च होंगे 2.65 करोड़

**बीबीएन।** दून व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र की पहाड़ी पंचायतों में विकास कार्यों पर 2.65 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। संसदीय सचिव राम कुमार ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र का विकास उनका एकमात्र लक्ष्य है। दून विधानसभा क्षेत्र के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकासप्राधिकरण के दायरे से बाहर की 21 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों पर विधायक निधि एवं राज्य विकास निधि से लगभग 2.65 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए राशि जारी की गई हैं।

### राष्ट्रीय बजरंग दल के उपाध्यक्ष बने सुभाष चंद

**नाहन।** राष्ट्रीय बजरंग दल हिमाचल ने जिला सिरमौर कार्यकारिणी का विस्तार किया है। हिमाचल प्रभारी रजनी ठुकराल द्वारा जिला सिरमौर के उपाध्यक्ष का दायित्व सुभाष चंद और जिला सचिव के दायित्व पर रमन शर्मा और इंद्रा चावरिया की नियुक्ति की गई है। वहीं नाहन प्रखंड के उपाध्यक्ष का जिम्मा चंद्रशेखर एवं विशाल को दिया गया और नाहन सचिव के रूप में पंकज शर्मा को जिम्मेदारी दी गई हैं। शिल्लाई के उपाध्यक्ष संजू नेगी होंगे, पांवटा साहिब के मयंक चौहान को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। नाहन कार्यकारिणी में अमित नारनोल, करण, सन्नी सिंह, प्रदीप, लाल सिंह, अमन शर्मा को जगह दी गई है। शिल्लाई से प्रदीप राजपूत, कमलेश ठाकुर, अमन तोमर शिल्लाई प्रखंड कार्यकारिणी में होंगे। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के पांवटा अध्यक्ष विनीत, ओजस्वानी अध्यक्ष उमा चौधरी एवं राकेश चौधरी को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

### जिला मुख्यालय में बनेगा मीटिंग हॉल

**नाहन।** कांग्रेस भवन की छत पर 10 लाख रुपए से भी अधिक लागत का मीटिंग हॉल बनाया जा रहा है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा स्थानीय विधायक अजय सोलंकी के द्वारा निर्माणाधीन मीटिंग हॉल का जायजा भी लिया गया। इस दौरान जिला सिरमौर कांग्रेस अध्यक्ष आनंद परमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**रेणुका जी।** भारतीय जनता पार्टी रेणुका जी कॉलोनी बूथ पर बूथ अध्यक्ष विजयपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मोदी के मन की बात को सभी कार्यकर्ताओं ने सुना। इस कार्यक्रम में प्रवासी प्रभारी अरुण गर्ग एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और नगर निगम की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में



# पानी खरीदकर बुझा रहे प्यास

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन शहर के लोगों को पेयजल की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गिरी पेयजल योजना में वोल्टेज समस्या के कारण पिछले दिनों मांग से कम पानी सोलन शहर को लिफ्ट हो पाया। अब लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर प्यास बुझानी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को नगर निगम के पानी के बिल चुकाने के साथ वाटर टैंक खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड की खींचतान के कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

- **कई सालों से पानी की समस्या का नहीं हुआ हल**

हालात यह है कि लोगों को पांच से छ: दिन बाद पानी की सप्लाई की जा रही है। वह भी मांग से कम। पानी की कमी को देखते हुए नगर निगम ने भी पानी की राशनिंग शुरू कर दी है। वार्डों के अनुसार निगम द्वारा पानी लोगों को वितरित किया जा रहा है। पिछले कई सालों से शहर में पानी की समस्या का निदान नहीं होने से जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और नगर निगम की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

गौड़ा में स्थित गिरी पेयजल योजना को संचालित करने वाले ट्रांसफार्मर में वोल्टेज की समस्या के कारण यह स्थिति बनी है। इससे गिरी परियोजना को बीच बीच में रोकना पड़ रहा है। हालांकि अश्विनी पेयजल योजना से पानी की लिफ्टिंग हो रही है। सोलन शहर के 17 वार्डों में रोजाना करीब 80 से 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिसे गिरी और अश्विनी दोनों पेयजल योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जाता है। पेयजल योजना से लिस्टिंग बंद हो जाने के बाद शहर में पानी की कमी हो जाती है। जल शक्ति विभाग का दावा है कि निगम मांग अनुसार पानी दिया जा रहा है। वहीं शहर में रोटेशन प्रणाली से की जा रही पेयजल की सप्लाई इतनी कम है कि इससे एक दिन का भी गुजारा नहीं हो रहा है ।

### पांच से छह दिन बाद मिल रही सप्लाई, वो भी मांग से कम


टंकी में वाटर टैंकर से पानी भरते लोग।

> जल शक्ति विभाग से मिल रही पानी की मात्रा के हिसाब से शहर में रोटेशन प्रणाली से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। एक दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। लीकेज समस्या को ठीक करने के लिए निर्देश दिए हैं।
> **-उषा शर्मा, नगर मेयर, निगम सोलन।**

### दूरवर्ती क्षेत्रों में लीकेज की समस्या बरकरार

लीकेज की समस्या से जहां शहर के दूरवर्ती वार्ड क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंचता जिससे लोगों को मांग अनुसार पानी नहीं मिलता। शहर के साथ लगते देंऊघाट, सपरून, कलीन, पावर हाउस रोड, रबौण, हाऊसिंग कॉलोनी, खुंडीधार, चंबाघाट, सांइटिस्ट कॉलोनी में अभी भी कई लाइन ऐसी है जिसमें लीकेज रहती है।

### आपात स्थिति के लिए पानी की स्टोरेज जरूरी

**अश्विनी** व गिरी पेयजल योजनाओं से शहर को जल शक्ति विभाग द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है व निगम शहर में पानी के वितरण का जिम्मा देखता है। भंडारण टैंक की कमी से आपातकालीन स्थिति के लिए पानी बचाना मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब अश्विनी व गिरी पेयजल योजनाओं बारिश के कारण गाद आ जाती है। शहर के टैंक रोड में अतिरिक्त टैंक बन जाने से पेयजल की कमी को हल करने में मदद मिलेगी।

## टोल बैरियर पर फास्टैग और क्यूआर कोड से कटेगा टोल टैक्स

**एसपी जैरथ, नाहन**

प्रदेश सरकार द्वारा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के फोरलेन पर लगाए गए टोल प्लाजा की तरह पहली बार एंट्री पर टोल बैरियर फास्ट टैग और क्यूआर कोड से लेने की शुरूआत की जा रही है।

एक अप्रैल से जिला सिरमौर के गोविंद घाट पांवटा साहिब टोल बैरियर पर फास्ट टैग और क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध होगी।

हिमाचल में आने वाले वाहनों से फास्ट टैक्स के माध्यम से जो टोल कटेगा, वह कंपनी के अकाउंट में जाएगा। कंपनी हिमाचल प्रदेश के नियमों के अनुसार पांच किश्तों में टोल बैरियर का भुगतान विभाग को करेगी। जिला सिरमौर के तीन अन्य टोल बैरियर कालाअंब, बहराल और मिनस पर 1 अप्रैल से क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं गोविंद घाट टोल बैरियर पर फास्ट टैग सुविधा का ट्रायल सफल होने पर आगामी वर्ष से कालाअंब, बहराल और मिनस में भी फास्ट टैग की शुरूआत होगी। उधर जिला सिरमौर के राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्त हिमांशु आर पंवार ने बताया कि गोविंदघाट पांवटा साहिब हिमाचल टोल बैरियर पर 1 अप्रैल से क्यूआर कोड और फास्ट टैग की सुविधा उपलब्ध होगी। (अनंत ज्ञान)

## पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल नाहन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह के दौरान साल भर आयोजित हुई शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के महासचिव परितोष चौहान और मुख्य अध्यापिका अंजुम आरा विशेष रूप से मौजूद रहीं।


सम्मानित छात्र मुख्यातिथि के साथ।

### मानव कल्याण समिति अर्की ने करवाया सम्मान समारोह



**अर्की ।** मानव कल्याण समिति अर्की द्वारा 13वां वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक भवन अर्की में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति प्रधान मनोहर लाल शर्मा द्वारा की गई। इस वर्ष बर्लिन जर्मनी में स्पेशल ओलंपिक्स समर गेम्स 2023 के बास्केटबॉल स्वर्ण पदक विजेता ब्वॉयज टीम के हेड कोच राज कुमार पाल (डुमैहर) व टीम कैप्टन अवनीश कौंडल (कुनिहार) तथा नवगांव पंचायत की तीन सगी बहनें निधि, मिताली व भावना जो कि हैंडबॉल की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। साथ ही परीक्षा में प्रथम स्थान के लिए घनागुघाट की मीनाक्षी, द्वितीय बनी-मटेरनी के आयुष व तृतीय स्थान के लिए घनागुघाट की दीक्षा तथा इसी तरह मैट्रिक परीक्षा में भूमति स्कूल की पूर्णिमा, मांगू स्कूल से युक्ति व मांझू की ईशा को पुरस्कृत किया गया।

# शिक्षक कभी साधारण नहीं हो सकता गुलाब सिंह ठाकुर भी उनमें से एक

**आदर्श** शिक्षक का व्यक्तित्व ही असल में राष्ट्र निर्माता की परिभाषा को चरितार्थ करता है, जिस शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है, आज ऐसे ही खास व्यक्तित्व पर चर्चा करना चाहेंगे। जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा के अन्तर्गत गांव (पाब) मिल्ला से सम्बन्ध रखने वाले शिक्षक ठाकुर गुलाब सिंह का व्यक्तित्व और समर्पण की भावना को अगर हम विश्लेषण और इनके इतिहास में जाने का प्रयास करे तो नि:संदेह हर व्यक्ति को इनके सेवा भाव, छात्रों की शिक्षा के प्रति खास समर्पण, तो वहीं इनका सौम्य स्वभाव, अनुशासन और शालीनता की स्थानीय जनता भी कायल हैं।

इन्होंने अपने शिक्षक सेवाकाल की शुरूआत उच्च माध्यमिक विद्यालय दाया से शुरू की और तत्पश्चात केन्द्रीय प्राथमिक पाठशाला मिल्ला में ही अब तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जो वर्तमान मे जेबीटी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। गुलाब सिंह शिक्षक के साथ समाजसेवी भी है।

गुलाब सिंह मार्च 2024 को सेवानिवृत्त भी हो रहे है, इसलिए ऐसे आदर्श शिक्षक के कार्यकाल की अनमोल शिक्षाओं और सेवाभाव को जन-जन और समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए, इसी परिप्रेक्ष्य और उद्देश्य के साथ एक छोटा सा प्रयास मीडिया के माध्यम से कर रहे हैं। गुलाब सिंह का कार्यकाल तीन दशकों से अधिक का रहा है, जिस विद्यालय से इन्होंने खुद शिक्षा ग्रहण की, जबकि उसी स्कूल में न जाने कितने शिक्षक आए और कितने गए, परन्तु ठाकुर गुलाब सिंह का स्थानीय छात्रों के प्रति समर्पण कम नहीं हुआ।


गुलाब सिंह ठाकुर ।

अगर ये चाहते तो नि:संदेह आज के परिप्रेक्ष्य उच्च पदों पर जा सकते थे और अधिक वैतन के साथ अन्य स्कूलों में अपनी शिक्षाओं का निर्वहन भी कर सकते थे, तो वहीं इनके पढ़ाए अनगिनत छात्र आज विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में अच्छे अच्छे पदों पर विराजमान हैं और अपने गुरु ठाकुर गुलाब सिंह बेहतरीन शिक्षाओं को आज भी याद करते है,इस प्रकार ठाकुर गुलाब सिंह के कार्यक्षेत्र , सेवाभाव, ईमानदारी, शालीनता, अनुशानता को क्षेत्र के लोगों द्वारा समय-समय पर बहुत ज्यादा सराहना की जाती है, जो दशको से स्थानीय छात्रों के भविष्य के साथ क्षेत्र के लोगों का दिल भी बखूबी जीत रहे हैं।

जानकारी अनुसार इस स्कूल के साथ ही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिल्ला भी बहुत कम दूरी पर स्थित है, जिस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं तमाम शिक्षक और छात्र भी ठाकुर गुलाब सिंह के समर्पण और सेवा भाव के मुरीद हैं। इस बात को शिक्षक ठाकुर गुलाब सिंह ने सिद्ध भी कर दिया है कि (शिक्षक कभी साधारण नहीं हो सकता) उसके अन्दर असाधारण प्रतिभाएं छुपीं होती है।

आज उन तमाम दिशाहीन शिक्षकों के लिए ठाकुर गुलाब सिंह का शिक्षक कार्यकाल एक उदाहरण है, ठाकुर गुलाब सिंह के चार बच्चे हैं जिनमे बड़ी बेटी का नाम श्रुति ठाकुर, प्रीति ठाकुर, नेहा ठाकुर और छोटा बेटा गोबिंद ठाकुर है जिनके सभी बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्ति के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और उम्मीद करेंगे कि भविष्य में अपने पिताजी के पदचिन्हो पर चलकर क्षेत्र समाज का नाम रोशन करेंगे।

**प्रस्तुति : हेमराज राणा, सिरमौर।**

## सोलंकी बोले- पार्किंग विवाद सियासी ड्रामा

नाहन। नाहन में नगर परिषद की पार्किंग को लेकर उपजे विवाद पर विधायक अजय सोलंकी ने इसे राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। नगर परिषद की पार्किंग के उद्घाटन के मौके पर सोलंकी ने अपने बयान में कहा कि नगर परिषद की पार्किंग के लंबित कार्य को जनवरी के अंतिम माह तक कंप्लीट करने के लिए डीसी सिरमौर के द्वारा नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को निर्देश भी जारी किए गए थे।



विधायक ने कहा कि नगर परिषद के द्वारा अपने रिसोर्सेस से इस पार्किंग को कंप्लीट किया गया। पूर्व सरकार के समय इस पार्किंग के लिए भाजपा ने केवल एक करोड़ रुपए का ही बजट स्वीकृत करवाया था जो काफी नहीं था। सोलंकी ने बताया कि पार्किंग के कंप्लीट हो जाने पर बाकायदा मुख्यमंत्री से इसके उद्घाटन को लेकर प्रस्ताव भेजा गया था। बावजूद इसके संवैधानिक पद पर रहते हुए भाजपा नेताओं के द्वारा जानबूझकर गैर कानूनी कार्य करवाया गया। विधायक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री अथवा विधायक की उद्घाटन पट्टिका को तोड़ा जाना गैर कानूनी है।

### दिग्विजय ने कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक



**नाहन।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन नाहन में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आनन्द परमार जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी एवं दिग्विजय मल्होत्रा समन्वयक लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी व अजय सोलंकी विधायक नाहन विशेष तौर पर उपस्थित रहे। दिग्विजय मल्होत्रा ने लोकसभा चुनाव हेतु सभी सदस्यों का मार्गदर्शन कर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया।

### अर्की नगर पंचायत ने निर्माण कार्य रोका

**अर्की।** नगर पंचायत अर्की सचिव अभिनव शर्मा ने बताया कि रविवार को वार्ड नं 7 में एक व्यक्ति द्वारा बिना इजाजत के निर्माण कार्य किया जा रहा था। मौके पर जाकर निर्माण कार्य को रुकवाया गया। मौके पर पड़ी निर्माण सामग्री को जब्त किया गया। अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ नगर पंचायत कड़ी कारवाई करेगी।

**विकास** | ग्राम स्तर तक शिक्षा अधोसंरचना को किया जा रहा सुदृढ़

# कंडाघाट में खेल मैदान पर व्यय होंगे 2.75 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दे रही है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शिक्षा अधोसंरचना को ग्राम स्तर तक सुदृढ़ किया जा रहा है।

डॉ. शांडिल आज सोलन जिला के कंडाघाट स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।


वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित बच्चे मुख्य अतिथि के साथ।

डॉ. शांडिल ने कहा कि कंडाघाट में 2.75 करोड़ रुपए की लागत से खेल मैदान का विस्तारीकरण किया जाएगा। डॉ. शांडिल ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।

उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 13550 रुपए देने की घोषणा भी की।

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडाघाट की प्रधानाचार्य आभा चन्देल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### 4 करोड़ से होगा अश्वनी खड्ड का तटीकरण

**डॉ.** धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन जिला के साधुपल क्षेत्र में चार करोड़ रुपए की लागत से अश्वनी खड्ड पर आवश्यकतानुसार तटीकरण किया जाएगा। क्षेत्र में तटीकारण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1.18 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है । साधुपुल बाजार में सिंकिंग जोन मं लगभग 1.50 करोड़ रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा सुरक्षा के लिए डंगे निर्मित किए जाएंगे।

## बाबा बर्फानी के रवैये से नाराज लोग रेणुका थाना पहुंचे


रेणुका थाने के बाहर एकत्रित ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

रेणुका जी जम्मू भोज चाडना पंचायत सहित कई पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने रेणुका थाना में आकर दनोई खाले के साथ लगते क्यारटा गांव में बैठे बाबा बर्फानी के रवैये से नाराज होकर पंडित कपिल के पक्ष में उतर आए। इस बारे में पंडित कपिल ने रेणुका थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बर्फानी बाबा ने नाबालिग लड़के से पंडित कपिल के खिलाफ लोगों को गुमराह करने के लिए गलत पोस्ट फेसबुक पर पोस्ट करवाई जिससे इलाके के जाने-माने पंडित कपिल की बेइज्जती हुई व उसकी मान प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। उधर एसएचओ रेणुका जीत सिंह ने बताया कि मानहानि का मामला बनता है जिसका सीधा कोर्ट में केस किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### खोली खड्ड में चलाया सफाई अभियान

**कांगड़ा।** निरंकारी मिशन शाहपुर द्वारा रविवार को खोली खड्ड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान इस अभियान में नगर पंचायत शाहपुर का भी सहयोग रहा। खोली खड्ड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में लगभग 200 निरंकारी मिशन के सदस्यों एवं नगर पंचायत शाहपुर स्वच्छता टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर इस स्वच्छता अभियान में लगभग 550 किलोग्राम बिखरा प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। साथ ही एक प्राकृतिक जल स्रोत बावड़ी की सफाई भी की गई। नगर पंचायत शाहपुर के सचिव प्रदीप दीक्षित ने बताया कि समस्त निरंकारी मिशन शाहपुर का इस नेक कार्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### अंजना गिल को सौंपी विचार मंच की कमान



**नगरोटा बगवां।** अंजना गिल निवासी वार्ड नंबर-तीन नगरोटा बगवां को राष्ट्रीय कांग्रेस राहुल गांधी विचार मंच का नगरोटा ब्लॉक महासचिव नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति के लिए अंजना गिल ने संगठन के अध्यक्ष नानक चंद कश्यप नगरोटा के विधायक व कैबिनेट रैंक मंत्री विधायक आरएस बाली, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व संगठन के वरिष्ठ नेताओं का इस नियुक्ति के लिए धन्यवाद करती हूं। इस नियुक्ति के लिए वाल्मिकी सभा नगरोटा बगवां के समस्त कार्यकर्ताओं व समाज के लोगों ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है।

### अगले सप्ताह मौसम खराब रहने की संभावना

**धर्मशाला।** आगामी सप्ताह एक बार फिर बारिश और घने बादलों बाले मौसम रहने की संभावना है। बुधवार और वीरवार को छोड़ दें सप्ताह के अन्य दिनों में बारिश और आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतर समय आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का अनुमान है। मंगलवार को भी मौसम इसी तरह रहेगा। बुधवार और वीरवार को मौसम कुछ हद तक साफ रहेगा। शुक्रवार, शनिवार और रविवार को बारिश, गरज के छींटे और तूफान होने की संभावना जताई गई है। कृषि विशेषज्ञों की माने तो हल्की बारिश फसल के लिए बेहतर साबित होगी, लेकिन यदि बारिश तेज हुई और तूफान आया तो किसानों की मुसीबतें बढ़ जाएंगी।

### गुहड़ा-सोहड़ा की टीम ने जीता क्रिकेट मैच



मैच खेलने से पहले टीम के खिलाड़ियों से मिलते मुख्यातिथि।

**जवाली।** जय महाकाल क्रिकेट टूर्नामेंट सोहड़ा-गुहड़ा के सौजन्य से सोहड़ा मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें श्री साई ऑटो मोटिव भनेई के मालिक सेठी ठाकुर व व्यवसायी दिनेश निखिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजक अंशुल, रजत ठाकुर व पारुल कुटलैहड़िया सहित सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। गुहड़ा-सोहड़ा क्रिकेट की टीम व बासा की टीम के बीच मुकाबला हुआ। मुख्यातिथि सेठी ठाकु व दिनेश निखिल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया तथा सिक्का उछाल कर टॉस किया। सोहड़ा-गुहड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदवाजी का निर्णय लिया। बासा की टीम ने पांच ओवर में 32 रन बनाए। जबकि गुहड़ा-सोहड़ा की टीम ने 33 रन बनाकर जीत हासिल की। मुख्यातिथि सेठी ठाकुर व दिनेश निखिल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि नशे से दूर रहें। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### हड़ल में 122 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत हड़ल में रविवार को प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ डाक्टरों ने विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 122 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई द्य शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक नूरपुर अजय महाजन ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समय समय पर ऐसे शिविरों के आयोजन करती आ रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को घर द्वार पर स्वास्थ्य जांच की बहुत बड़ी सुविधा मिलती है। आने वाले समय में अन्य पंचायतों में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आखों के विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिवानी ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

### भूपिंद ठाकुर ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**नूरपुर।** नूरपुर ब्लड डोनर क्लब के सदस्य कंडवाल निवासी भूपिंद्र ठाकुर ने रंजीत सागर डैम हॉस्पिटल जुगियाल में दाखिल परगना (झिकली खन्नी) निवासी शिवानी देवी (डिलीवरी केस) के लिए अपातकाल में किया रक्तदान। नूरपुर ब्लड डोनर क्लब के सभी रक्तवीरों को शत-शत नमन, जिनसे प्रेरित होकर आज बहुत से युवा रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। कंडवाल निवासी भूपिंद्र ठाकुर भगवान से प्रार्थना है कि शिवानी शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर आएं। न कोई जान न कोई पहचान, इसे कहते हैं रक्तदान।

## होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन, टैक्सी व ऑटो यूनियन ने नगर निगम कमिशनर से समस्या के समाधान की उठाई मांग

# मैक्लोडगंज बाजार में सड़क किनारे स्ट्रीट वेंडर्स का कब्जा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के मुख्य चौक से लेकर विभिन्न स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा सड़कों के किनारे कब्जा कर रखा है। यही नहीं क्षेत्र के नालों पर भी मोमो के ठेलों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे नालों में गंदगी व्याप्त है। नगर निगम प्रशासन स्ट्रीट वेंडर्स को उचित स्थान देकर स्थापित करे।

यह मांग होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला, इंडो तिब्बतियन फ्रेंडशिप एसोसिएशन, टैक्सी व ऑटो यूनियन व व्यापार मंडल मैक्लोडगंज ने नगर निगम कमिशनर से उठाई है। उनका कहना है कि सड़क किनारे कब्जे होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है तथा दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। शहर में बन रही स्मार्ट दीवार से पर्यटकों में अच्छा संदेश जाएगा, लेकिन अवैध कब्जों को हटाया जाना जरूरी है। वहीं, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला, इंडो तिब्बतियन फ्रेंडशिप एसोसिएशन, टैक्सी व ऑटो यूनियन व व्यापार मंडल मैक्लोडगंज ने कहा कि इससे आवाजाही हो रही प्रभावित। उन्होंने जल्द इस स्मस्या का समाधान मांगा है।



ग्राहक का इंतजार करता हुआ व्यापारी।



मैक्लोडगंज बाजार में लगी स्ट्रीट वेंडर्स की लाइनें।

### स्ट्रीट वेंडर्स को समयबद्ध तरीके से उचित स्थान पर किया जाए पुनर्वासित

**उन्होंने** कहा कि पहले भी कई बार विधायक धर्मशाला और डीसी कांगड़ा को उचित स्थान और तरीके से स्ट्रीट वेंडिंग जोन विकसित करने के लिए ज्ञापन भी दिया है। सभी स्ट्रीट फूड विक्रेता आवश्यक खाद्य सुरक्षा मानदंडों का भी पालन नहीं करते हैं। उक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नगर निगम कमिशनर से आग्रह किया है कि स्ट्रीट वेंडर्स को समयबद्ध तरीके से उचित स्थान पर पुनर्वासित किया जाए, ताकि उनकी आजीविका में कोई बाधा न आए।



मैक्लोडगंज बाजार में घूमते पर्यटक।

## बुढ़ापे का सहारा बनेगी पीएम श्रमयोगी मानधन योजना

### 60 वर्ष के बाद मिल सकती है 3000 रुपए मासिक पेंशन, हर महीने देना होगा 55 रुपए का योगदान

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

यदि आप असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और बुढ़ापे में हर महीने पेंशन का लाभ पाना चाहते हैं तो प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना का लाभ उठा सकते हैं।

केंद्र सरकार श्रमिकों को बुढ़ापे में पेंशन का लाभ देने के लिए पीएम मानधन योजना चला रही है। इस योजना का लाभ वे लोग उठा सकते हैं जो असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और जिनकी हर महीने की आमदनी 15,000 रुपए से कम है। इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले दर्जी, मोची, रिक्शा चालक, घरों में काम करने वाले लोग, कूड़ा बीनने वाले, ईंट-भट्ठा मजदूर, बोझा उठाने वाले मजदूर, कृषि श्रमिक, निर्माण श्रमिक, हथकरघा, चमड़ा श्रमिक तथा अन्य कामगार लाभ उठा सकते हैं। इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए प्रार्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के तहत हर मजदूर को 3,000 रुपए तक की पेंशन मिल सकती है। यह पेंशन मजदूरों की कॉन्ट्रिब्यूशन के आधार पर मिलता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए हर महीने 55 रुपए से लेकर 200 रुपए तक का योगदान करना होगा। इसमें योजना में 50 फीसदी लाभार्थी तो 50 फीसदी योगदान का हिस्सा सरकार अपनी तरफ से देती है। अगर किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो ऐसी स्थिति में उसकी पत्नी या पति को पेंशन की राशि मिलेगी। ऐसे में पेंशनर को 36,000 रुपए का पेंशन सालाना रूप से मिलेगा। इस योजना के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन किया जा सकता है। इस योजना के लिए मानधन योजना की अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन और लोकमित्र केंद्र में ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस योजना का लाभ सरकारी कर्मचारी, कर्मचारी भविष्य निधि, नेशनल पेंशन स्कीम तथा राज्य कर्मचारी बीमा निगम के सदस्य नहीं उठा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### बुढ़ापे में नहीं फैलाने पड़ेंगे हाथ

**योजना** का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को 60 साल की आयु के बाद हर महीने 3,000 रुपए तक की पेंशन उपलब्ध कराना है। ताकि इस योजना के जरिये मिलने वाली धनराशि के द्वारा लाभार्थी बुढ़ापे में अपना जीवन यापन कर सके तथा अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सके। सरकार चाहती है कि इस योजना के जरिये श्रमयोगी आत्मनिर्भर और सशक्त बने।

## बिजली बंद होने से पानी के भी पड़े लाले, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आए दिन आवश्यक रखरखाव के नाम पर बिजली बंद होने का फरमान जारी करने वाले बिजली बोर्ड के चलते अब लोगों को पानी की भी दिक्कत होना शुरू हो गई है। आलम यह है की खलेट गांव में पिछले एक सप्ताह से ही बिजली ली आंख मिचौली चल रही है अब मुरम्मत के नाम पर बिजली बंद की जा रही है।

इसके चलते जल शक्ति विभाग का दिन में पानी देने का नियम बिजली न होने के कारण फेल हो रहा है लोगों को पीने के पानी दिक्कत हो रही है। बिजली बोर्ड से बात की जाए तो स्टॉफ की कमी का रोना रोते है। जबकि पानी के विभाग मे चार कर्मचारी एक वार्ड के लिए स्थानीय नियुक्त किए है। बाबाजूद इसके गांव मे नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है द्यइस मसले पर जब सहायक अभियंता रिद्धिमा चौधरी से बात की गई तों उन्होंने बताया की अभी तों पीछे से ही दो दिनों के लिए बिजली कट की अपील की गई है शाम को बिजली चालू कर दी जाएगी। उधर जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता पंकज विकास ने बताया की बिजली न होने की बजह से यह परेशानी आ रही है। फिर भी कर्मचारियों को बिजली आने पर शाम को पानी देने के आदेश दिए गए है।

## अनुराग ठाकुर ने 'आप'-कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

### देहरा में ग्राम केंद्र प्रमुख और त्रिदेव सम्मेलन में भाग लेकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, देहरा**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को देहरा में बीजेपी कार्यालय में आयोजित ग्राम केंद्र प्रमुख और त्रिदेव सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों में जीत के लिए टिप्स दिए और 400 पार का लक्ष्य दिया। इस बार देहरा से भी पहले से ज्यादा वोट लेकर बीजेपी को जिताएंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने देश का मान सम्मान बढ़ाया है और देश की जनता उनकी गारंटी पर वोट करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

उन्होंने किसानों की आय को बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया और कहा कि किसान सम्मान निधि कांग्रेस के समय नहीं थी। वहीं, यहां अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा कि उन्होंने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में बताया।

### अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना

**अनुराग** ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का जन्म भ्रष्टाचार का खुलासा करके हुआ है और उन्होंने कभी राजनीति में नहीं आने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कांग्रेस से हाथ नहीं मिलाने की बात कही थी, लेकिन आज वे गले मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और कांग्रेस का गठबंधन दिखाता है कि चोर चोर मोसेरे भाई।




कार्यक्रम में पहुंचने पर अनुराग ठाकुर का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

## लाहड़ू पंचायत में अचानक गिरी मकान की छत, बाल-बाल बचा घर का मालिक

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पंचायत लाहड़ू के वार्ड नंबर-पांच में अचानक ही लैंटल की छत गिर गई। इससे मकान के अंदर सोया मकान मालिक बाल-बाल बचा।

जानकारी अनुसार बकील सिंह का पक्का मकान है तथा रविवार को बकील सिंह स्वयं कमरे में सोया रहा और अन्य सारे सदस्य घर के काम से बाहर निकले हुए थे। वहीं, अचानक ही लैंटल गिर गया। इस कारण वह स्वयं बाल-बाल बच गया। अगर सारे सदस्य अंदर होते तो कोई बड़ा हादसा घटित हो जाता। लैंटल गिरने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अगर बारिश हुई तो अंदर कैसे रहेंगे। पीड़ित बकील सिंह स्वयं अस्थमा बीमारी से ग्रसित है। जबकि एक लड़का अपाहिज है। मात्र एक ही बेटा दिहाड़ी-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### परिवार की आर्थिक सहायता की उठाई मांग

**उन्होंने** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर से मांग की है कि हमारी आर्थिक सहायता की जाए, ताकि मकान की रिपेयर की जा सके। इस बारे में पंचायत प्रधान वीरेंद्र गुलेरिया ने कहा कि परिवार गरीब है। उन्होंने कहा कि हालत अच्छी नहीं है इसलिए सरकार व प्रशासन पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता की जाए।



गिरा छत का हिस्सा



गिरा हुआ मलबा

## जिले में ई-केवाईसी से नहीं जुड़ पाए 25 प्रतिशत लाभार्थी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश भर में ई-केवाईसी होने की प्रक्रिया जारी है तथा पूरे प्रदेश में जहां 76.69 प्रतिशत तो वहीं कांगड़ा जिला में 75 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। जिला में अब तक कुल 1767225 लाभार्थियों में से 1322845 की यानि 75 फीसदी लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। वहीं अब तक 444202 लाभार्थियों यानि 25 फीसदी की ई-केवाईसी होना बाकि है। सबसे ज्यादा ई-केवाईसी होने का सेहरा 81 प्रतिशत के साथ जहां देहरा विकास खंड के सिर पर है तो वहीं फतेहपुर तथा रैत विकास खंड में अब तक 72 फीसदी ई-केवाईसी हो पाई है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इनमें बैजनाथ खंड में 108970 लाभार्थियों में से 78682 लोगों की यानि 73 फीसदी, भवारना खंड में 104180 में से 77398 फीसदी यानि 75 फीसदी, देहरा गोपीपुर खंड में 164077 में से 131578 यानि 81 फीसदी, धर्मशाला खंड में 54785 में से 42408 यानि 78 प्रतिशत तथा फतेहपुर ब्लॉक में 148614 में से 105985 यानि 72 फीसदी लाभार्थियों की ई-केवाईसी की प्रकिया पूरी हो चुकी है। इसके अलावा जिला के इंदौरा ब्लॉक में 126740 लाभार्थियों में से 92861 की यानि 74 प्रतिशत, कांगड़ा ग्रामीण में 126905 में से 101364 की यानि 80 प्रतिशत, कांगड़ा शहरी क्षेत्र में 57518 में से 41685 यानि 73 फीसदी, लंबागांव खंड के 84097 लाभार्थियों में से 64526 यानि 77 फीसदी, नगरोटा सुरियां विकास खंड के कुल 121001 में से 87995 लाभार्थियों यानि 73 फीसदी, नगरोटा बगवां खंड के कुल 99024 लाभार्थियों में से 75684 यानि 77 फीसदी, नूरपुर खंड 124607 में से 91821 लाभार्थियों यानि 74 प्रतिशत, पंचरूखी खंड के 77139 लाभार्थियों में से 55968 यानि 73 फीसदी, परागपुर खंड के 140755 में से 107183 यानि 77 फीसदी, रैत खंड के तहत 124113 में से 88263 यानि 72 फीसदी तथा सुलाह विकास खंड के 104700 में से 79444 यानि 76 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी की प्रकिया पूरी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### ई-केवाईसी करने का काम प्रगति पर



**इस** बारे में जानकारी देते जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोतम सिंह पंवर ने बताया कि लोग ई-केवाईसी की प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूरा करने में सहयोग दें। उन्होंने बताया कि जिला भर में अब तक 75 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी करने का काम पूरा हो चुका है तथा काम प्रगति पर है।

## जागोरी संस्था ने बच्चों को बांटे शूज और स्कूल बैग

**गग्गल।** जागोरी संस्था द्वारा आज लड़वाड़ा में छ पंचायतों के आठ प्रभावित परिवारों के 14 बच्चों को स्कूल शुज़ व स्कूल बैग आवंटित किए। जानकारी देते हुए जगोरी संस्था की प्रवक्ता चंद्रकांता ने बताया कि बैठक में बच्चों के साथ उनके माता पिता ने भी भाग लिया और उन्हें लैंगिक हिंसा से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताते हुए कहा गया कि यदि किसी भी बच्चे के साथ किसी भी तरह का यौन अपराध या अन्य कोई हिंसा की घटना घटित होती हैं तो इस हेल्पलाइन नंबर 1098 का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह निशुल्क सहायता प्रदान करता है तथा पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई अमल में लाता है। इसके साथ ही जिन लोगों के बरसात में घर गिर गए थे। उन में से जागोरी संस्था द्वारा चमन लाल,अश्वनी कुमार,विमला देवी, इच्छा देवी व राम स्वरूप को घर बनाने के लिए फरवरी माह में रेत,बजरी, पत्थर, ईंट व सीमेंट जैसी सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर जगोरी संस्था की ओर से सद्दू राणा,सोनिका, मोहिंद्र ब सुरेष्ठा आदि उपस्थित रहे।



बच्चों के साथ जगोरी संस्था के अधिकारी सामूहिक चित्र में।

## सीएम ने दिया भाजपा के दुष्प्रचार का करारा जवाब : मल्ली

**अंनत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश कांग्रेस के सचिव व राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला लाहौल स्पीति से महिलाओं को मासिक 1500 रुपए देने की योजना की शुरुआत कर पार्टी की चुनावी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाए हैं। मल्ली ने कहा कि इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि की शुरुआत जनजातीय जिले से कर के मुख्यमंत्री ने जहां एक ओर दुर्गम क्षेत्र की महिलाओं को तोहफा दिया है। वहीं विपक्षी भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस की गारंटियों को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार को भी जनता के सामने बेनकाब करने में वह कामयाब रहे हैं। कांग्रेस सचिव ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार लोगों को दी गई सभी दस गारंटियों को पांच साल के अपने कार्यकाल में पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। इसके अलावा वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस साल के बजट में कारगर योजनाओं को शामिल किया गया है। सरकार ने पशुपालकों व बागवानों की आय बढ़ाने के लिए भी अपनी गारंटियों पर अमल कर देश में पहली बार दूध का समर्थन मूल्य तय किया है, वहीं इस सेब सीजन से यूनिवर्सल कार्टन लागू करने के अलावा प्रदेश में बागवानों के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जा रही है। मल्ली ने कहा कि विधानसभा के अंदर गारंटियों को लेकर हर दिन शोर-शराबा करने वाली भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है।



**बहार...** एनीमिया से बचाव ही नहीं, शारीरिक कमजोरी भी करता है दूर, दिल और लिवर की बीमारियों में भी है फायदेमंद

# बुरांश की लालिमा से दमक रही मैक्लोडगंज की वादियां

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

अनंत ज्ञान स्पैशल

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज सहित आसपास की वादियां इन दिनों औषधीय गुणों से भरपूर बुरांश (रोडोडेंड्रोन) के फूलों की लालिमा से लबरेज हैं। बुरांश के फूल प्राकृतिक रूप से स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। गौरतलब है कि बुरांश के फूल न केवल एनीमिया से बचाव करते है बल्कि शारीरिक कमजोरी भी दूर करते हैं। वहीं, दिल और लिवर की बीमारियों में भी फायदेमंद है।

आमतौर पर इसका सेवन चटनी, जूस या स्क्वेश के रूप में किया जाता है। बुरांश के फूल धर्मशाला के मैक्लोडगंज, नड्डी, धर्मकोट, त्रियूंड ट्रैक, लाका आदि हिमानी चामुंडा मार्ग में भी काफी संख्या में पाए जाते हैं। इन दिनों जिला कांगड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में लोग बुरांश के फूल बेचते हुए देखे जा सकते हैं। वहीं, बुरांश के फूलों की चटनी प्रदेश के कई क्षेत्रों में लोगों द्वारा पसंद की जाती है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड की पहाड़ियों में कई प्रकार की जड़ी-बूटियां पाई जाती हैं। इन्हीं में से एक बुरांश भी है। विशेषज्ञों के अनुसार, बुरांश एनिमिया से बचाव, हड्डियों की मजबूती बनाए रखने, जलन को शांत करने, डायबिटीज रोगियों और शरीर के लिए फायदेमंद है। (अनंत ज्ञान)



### 1500 मीटर की ऊंचाई पर उगना होता है शुरू

**मार्च** और अप्रैल के महीनों में पहाड़ इसके फूलों के रंग से सराबोर हो जाते हैं। बुरांश एक सदाबहार पेड़ है जो समुद्र तल से 1500-3600 मीटर की ऊंचाई पर उगता है, यह 20 मीटर तक ऊंचा होता है। गौरतलब है कि बुरांश भूटान, नेपाल, चीन, भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार और थाइलैंड में पाया जाता है। रोडोडेंड्रोन आर्बोरियम उत्तराखंड का राज्य वृक्ष, नागालैंड का राज्य फूल और नेपाल का राष्ट्रीय फूल है।



पेड़ पर लगे बुरांश के फूल।

## न्यूज ब्रीफ

### 6.38 ग्राम चिट्टा पकड़ा, मामला दर्ज

**नूरपुर ।** पुलिस जिला नूरपुर में केस एफआईआर नंबर 45/24, धारा 21, 25 एनडीपीएस के तहत एएसआई नीरज कुमार प्रभारी पीपी कंडवाल में भजन लाल पुत्र करतार सिंह निवासी डाकघर खुशी नगर तहसील नूरपुर के खिलाफ दर्ज किया गया है। नूरपुर के कंडवाल में शानिवार देर शाम उसके कब्जे से 6.38 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### दुकान से एक पेटी शराब की बरामद

**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत एक दुकान से शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम रविवार दोपहर जब गश्त पर थी तो जलाड़ी में दुकान में दबिश देने पर वहां से एक पेटी संतरा मार्का देशी शराब बरामद की गई। आरोपी दुकानदार जोगिंदर पुत्र हंस राज के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कांगड़ा पुलिस थाना प्रभारी संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### कांगड़ा में अचेत होकर गिरा व्यक्ति, मौत

**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत एक व्यक्ति की अचानक मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति दिल्ली से एक बस में कांगड़ा पहुंचा था तथा अपने घर नंदरुल जा रहा था। इस दौरान जब वह नंदरुल जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था तो अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान नंदरूल निवासी 63 वर्षीय तिलक राज के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना कांगड़ा के प्रभारी संजीव कुमार ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### लोअर अरला में गंगा माता की मूर्ति की स्थापित

**डरोह।** रविवार को लोअर अरला में गंगा माता की मूर्ति की स्थापना धूम-धाम से की गई। इस मौके पर आईएएस एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आजाद हिंद फौज में अपना अहम योगदान देने वाले बलिदानी सुभाष चंद्र बोस को विशेष रूप से याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान हवन-यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि ने पूर्ण आहुति डालकर उसे संपन्न किया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। मुख्यातिथि ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की लोअर अरला में जल्द ही एक पार्कबनवाया जाएगा तथा जिस जगह पर गंगा माता की मूर्ति की स्थापना की गई है, उस जगह पर मंदिर भी बनवाया जाएगा।

### संचिता कंवर ने 663 मत हासिल कर मारा मैदान

**डाडासीबा।** डाडासीबा। डाडासीबा पंचायत में प्रधान पद के उपचुनाव का सेहरा संचिता कंवर के सिर पर सज गया। संचिता कंवर ने 663 मत हासिल कर कनुप्रिया को मात्र 423 मतों तक पटकनी देते हुए पंचायत प्रधान पद पर कब्जा कर लिया। डाडासीबा पचायत का उपचुनाव इस बार भाजपा और कांग्रेस जैसे प्रत्याशियों के बीच कड़े मुकावले का देखा जा रहा था। इससे संचिता कंवर ने यह चुनाव जीत कर कांग्रेस का बोलबाला बना दिया है। वहीं, संचिता कंवर की हुई इस शानदार जीत पर पूर्व कामगार एंव कर्मचारी कल्याण बोर्ड के बाइस चैयरमैन सुरेंद्र सिह मनकोटिया को बधाई दी। चुनाव जीतने के बाद नव निर्वाचित प्रधान संचिता कंवर ने कहा में सभी मतदाताओं दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

### विकास कार्यों में नहीं रखेंगे कोई कमी : चौहान

**डरोह।** सरकार आपके घर द्वार कार्यक्रम के तहत संजय सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत भ्राता में जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में लगभग 300 से अधिक स्थानीय लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह संजय सिंह चौहान का हर्ष उल्लास से स्वागत किया। इस दौरान जनसभा में लोगों ने जल विद्युत, सड़क व अन्य स्थानीय ग्राम पंचायत से संबंधित समस्याओं का उल्लेख किया। जिसे संजय सिंह चौहान ने सुना तथा उपस्थित विभागों के अधिकारियों से इन समस्याओं को सुलझाने का तुरंत निर्देश भी दे दिया। वहीं, संजय सिंह चौहान ने कहा कि सुलह क्षेत्र में पिछले नुमाइंदों ने न जाने क्यों ऐसा प्रेम दर्शाया कि प्रगति के नाम पर शून्य रहा। बल्कि कई ऐसे गांव भी हैं जहां अभी तक एंबुलेंस मार्ग तक नहीं बनवाए गए हैं। हाल ही में इसी पंचायत के साथ लगता दूसरे पंचायत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कर कमलों द्वारा एंबुलेंस मार्ग बना दिया गया है। में आज इस मंच से प्रण करता हूं कि इस पूरे क्षेत्र में जितनी भी अधिक से अधिक उन्नति करवाई जा सकेगी मैं उसके लिए बाध्य रहूंगा।

### पौंग झील के किनारे की साफ-सफाई

**डाडासीबा।** संत निरंकारी मंडल संयोजक स्तरीय 'प्रोजेक्ट अमृत' के तहत रविवार को नंगल चौक के समीप पौंग झील के किनारे साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन की ब्रांच डाडासीबा, ब्रांच कोटला और ब्रांच बरनाली के 150 से अधिक स्वयंसेवकों ने मिलकर डाडासीबा, नंगल चौक के पास झील के एरिया की साफ-सफाई की। इससे पूर्व निरंकारी मिशन द्वारा नंगल चौंक 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' जागरूकता किया। इस अभियान में पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे व व्यापार मंडल के प्रधान राजिंदर सिंह गोगा ने अपनी टीम के साथ भाग लिया।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायलयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा । इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा ।

### कांग्रेस को फिर याद आने लगी गारंटियां

**गरली।** जसवां प्रागपुर के भाजपा प्रवक्ता विनोद शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में हिमाचल की जनता को झूठी गांरटियां गिना कर सतह हासिल की थी। लेकिन अब प्रदेश की आम जनता कांग्रेस सरकार का असली चेहरा देख चुकी है और अगामी लोकसभा चुनावों में मोदी के नाम पर मतदान करके तमाम झूठी गरंटियों का मूंह तोड़ जबाव देगी। विनोद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में कहा था कि पहले दिन से ही सारी गारंटीया लागू होगी पर धरातल पर अब तक नहीं उतर पाई है। विनोद शर्मा ने कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस को भी अपनी गारंटीयों की याद आ रही है। लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद फिर से कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियां भूल जाएंगी।

---

आयुष मंत्री बोले- प्रदेश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता, 84 लाख रुपए होंगे खर्च

# गोमा ने किया लुगट-चीलां दी खोली लिंक रोड का भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री, यादविंद्र गोमा ने ग्राम पंचायत मझेड़ा में लुगट से चीलां दी खोली गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए 84 लाख से निर्मित होने वाली संपर्क सड़क के कार्य का भूमिपूजन किया।

उन्होंने चीलां दी खोली गांव वासियों को सड़क की बधाई देते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग को शीघ्र सड़क कार्य आरंभ करने के आदेश दिए ताकि यह कार्य समयबद्ध पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश को एक मजबूत सड़क नेटवर्क उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 53 वर्ष के सरकारों के कार्यकाल में प्रदेश में बहुत सी नई सड़कें बनी तथा इनके माध्यम से बहुत से गांव भी जुड़े हैं।

वर्तमान में 40 हजार 703 किलोमीटर मोटर योग्य सड़कें हैं और तीन हजार 578 ग्राम पंचायतों को मोटर योग्य अथवा जीप योग्य सड़कों से जोड़ा जा चुका है। वहीं, उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों कि सुविधा के लिए जयसिंहपुर में बहु-उद्देशीय इंडोर खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा और इस पर करीब 15 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज़मीन उपलब्ध होने पर धार क्षेत्र में एक बड़े मैदान का निर्माण किया जाएगा।



सड़क का भूमिपूजन करते हुए मंत्री यादविंद्र गोमा।

### मांगों को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**पंचरुखी।** अनुबंध कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा से मिला। व उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें अनुबंध कर्मचारी के नियमितिकरण विषय में जारी अधिसूचना को निरस्त करने की मांग रखी। ज्ञात रहे की सरकार की इस अधिसूचना के अनुसार अब वर्ष में एक बार मार्च माह में ही नियमितकरण जाएगा। जबकि पहले सितंबर व मार्च में वर्ष में दो बार नियमित किया जाता था। सरकार की इस अधिसूचना से छह हजार अनुबंध कर्मचारियों की रोजी रोटी पर संकट आ जाएगा। मंत्री यादविंद्र गोमा ने उन्हें अश्वासन दिया की इस विषय मे मुख्यमंत्री से विचार विमर्श किया जाएगा।

## जंगल में आग की चपेट में आया कबाड़ स्टोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के त्रैंबलू के पास जंगल में रविवार करीब छह बजे आग से एक कबाड़ का स्टोर जलने से बाल बाल बच गया।

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम जंगल में लगी आग के चलते गांव के पवन पुत्र साधु राम का कबाड़ का ढेर इसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड धर्मशाला की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया वरना इस आग से लाखों रुपए का नुकसान हो सकता था। मामले की पुष्टि करते हुए फायर स्टेशन अधिकारी करमचंद कश्यप ने बताया कि इस आग से करीब 5000 रुपए का नुकसान हुआ है तथा लाखों रुपए का नुकसान होने से बचा लिया गया।



आग से राख हुआ कबाड़ का स्टोर।



आग को बुझाने में जुटे स्थानीय लोग।



रक्कड़। ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रक्कड़ के बूथ-एक व बूथ-दो चौली चमेटी के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मन की बात सुनी। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने ऊना से सहारनपुर चलने वाली ट्रेन को हरिद्वार तक बढ़ाने पर माननीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर व केंद्र के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

## पूर्व सैनिकों की मांगों पर मंथन

**कांगड़ा।** पूर्व सैनिकों की बैठक रविवार को द्रम्मण के सात्विक पैलेस में हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में पालमपुर से संबद्ध रखने वाले मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा (एवीएसएम, वीएसएम, और एसएम से सम्मानित) मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। द्रम्मण पहुंचने पर उनका पूर्व सैनिकों की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने कहा कि जिला चंबा और कांगड़ा में अन्य जिलों में बेरोजगारी बढ़ रही है। इसका मुख्य कारण यहां पर कोई इंडस्ट्री न होना है। हर बार सरकारें यहां के लोगों को रोजगार देने की बात करती है लेकिन धरातल पर काम नहीं हो रहा है। जिला चंबा और कांगड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत है, उसके लिए बेहतर ट्रांसपोर्ट होना बहुत जरूरी है। इन विसंगतियों को पूर्व सैनिक सत्ता में हस्तक्षेप कर दूर कर सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की तरफ से अग्निवीत योजना लाई गई है। इससे देश के युवाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस योजना का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

## संत रविदास की शिक्षाएं समाज को जोड़ने वाली : चंद्र कुमार



कार्यक्रम के दौरान मंत्री चंद्र कुमार के साथ मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के आदर्श और विचार संपूर्ण मानव समाज के लिये हैं। उन्होंने कहा कि संत श्री रविदास जी की शिक्षाएं समाज को जोड़ने वाली हैं। उनकी शिक्षाएं आज भी अधिक प्रासंगिक है।

कृषि मंत्री आज रविवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत पलौहड़ा पंचायत में श्री गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को संत श्री रविदास जी महाराज जयंती की बधाई दी। वहीं, कृषि मंत्री ने इस मौके पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए संचालित की जा रही हिम समाचार ऐप डाउनलोड की। कार्यक्रम में 150 से अधिक उपस्थित लोगों ने भी इस एप्प को अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया। इस मौके पर कृषि मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास सभा पलौहड़ा के प्रधान सुखबीर भाटिया, पंचायत प्रधान रघुवीर सिंह भाटिया तथा अन्य सदस्यों ने कृषि मंत्री को सम्मानित किया।

## नशे और ट्रैफिक पर रहेगा ज्यादा फोकस : यदेश कुमार

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में नशे व ट्रैफिक पर फोकस किया जाएगा। पुलिस थाना मैक्लोडगंज के नवनियुक्त थाना प्रभारी यदेश कुमार ने बताया कि मैक्लोडगंज पर्यटन नगरी है, यहां पर देश-विदेश के पर्यटक घूमने आते हैं।

ऐसे में ट्रैफिक जाम की वजह से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। साथ ही पर्यटक स्थल में नशे पर नकेल कसने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैक्लोडगंज के त्रियूंड में कई पर्यटक ट्रैकिंग के लिए जाते हैं। इन पर्यटकों पर निगरानी रखने के लिए गलू और भागसू में काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां से जाने वाले पर्यटकों का आंकड़ा रखना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष तक करीब 3 हजार पर्यटक त्रियूंड घूम चुके हैं। इनमें से 3 पर्यटक रास्ता भटक गए थे, जिन्हें सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। पर्यटन नगरी में पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को बेहतर माहौल उपलब्ध हो, इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

## सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने दिया स्वच्छता का संदेश

**गगल।** सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सानिध्य से रविवार स्वच्छ मन स्वच्छ जल का अभियान सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेश से कांगड़ा के आसपास ब अच्छर कुंड के आस पास साफ सफाई व स्वच्छता का संदेश दिया। कांगड़ा ब्रांच के सयोजक महात्मा दीनानाथ व सेवा दल के संचालक महात्मा विनीत कुमार ने बताया कि आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेश से स्वच्छ मन स्वच्छ जल का कार्यक्रम सेवा दल के भाई बहनों व साद संगत के द्वारा साफ-सफाई व स्वच्छता के माध्यम से दिया गया।

## किशोरी लाल ने किया पार्क व मैदान का शिलान्यास

सीपीएस बोले- सभी पंचायतों में निर्मित किए जाएंगे मैदान, युवाओं को मिलेगा लाभ

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य तथा खेलों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

प्रत्येक ग्राम पंचायत में चरणबद्ध तरीके से खेल मैदान निर्मित किए जाएंगे ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जाए और खेलने के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें। रविवार को सीपीएस किशोरी लाल ने नगर पंचायत पपरोला के वार्ड नंबर- आठ में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पार्क एवं खेल मैदान का शिलान्यास करने के उपरांत कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश के लोगों की सारी उम्मीदों और आशाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पपरोला में पीने के पानी की समस्या को हल किया जा रहा है। एक ओवर हेड टैंक बन गया है और दूसरे का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत पपरोला में 300 स्ट्रीट लाइटें बैजनाथ पपरोला में पहले लगाई है और 330 और स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला में कूड़ा निष्पादन यंत्र की स्थापना की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



पार्क एवं खेल मैदान का शिलान्यास करते किशोरी लाल।

## मधुमेह-लापरवाही से उपजा जानलेवा रोग

**अनंत ज्ञान, विशेष**

हेल्थ टिप्स



डॉ. रामस्वरूप चांद (बीएएमएस,डीएनएनवाई) ( नगरोटा बगवां)

एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे के अनुसार विश्व में हर आठ सेकेंड में शुगर के कारण एक मरीज की मौत हो जाती है। जब हम इन आंकड़ों पर गौर करते हैं तो मन चाहे अनचाहे से थोडा सा विचलित हो ही जाता है। लेकिन अगर शूगर(मधुमेह) जिसे आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में डाइबीजिज मिलीतस कहा जाता है का अगर नियोजित ढंग से इलाज किया जाए तो इस रोग को नियंत्रित कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। शुगर की बीमारी सीधे तौर पर हमारे खान पान के साथ साथ रहन-सहन और काम काज के तरीकों पर ज्यादा निर्भर है। शुगर का शरीर में ऊर्जा प्राप्ति के लिये होना अति आवश्यक है लेकिन निर्धारित मात्रा में ही रक्त शर्करा शरीर में होनी चाहिए जोकि स्वस्थ व्यक्ति के लिए खाली पेट 70-110एमजी, डीएल और खाना खाकर 140-170एमजी, डीएल के अंदर ही उचित है।

रक्त में शर्करा को पियूष ग्रंथि में मौजूद कोशिकाएं ही नियंत्रित करती हैं। जब यह ग्रंथि इतनी इन्सुलिन नहीं बना पाती कि रक्त शर्करा को नियंत्रित कर सके तो उस प्रस्थिति में ब्लड शुगर बढ़ जाती है। इसको नियंत्रित करने के लिए दो प्रकार से उपचार किया जाता है। प्रथम चरण में खाने में मीठी और तली हुई चीजों से परहेज व भोजन को थोड़े थोड़े अंतराल तथा कम मात्रा में लेने को कहा जाता है। इसके साथ हल्का व्यायाम और सैर भी लाभकारी होती है। दूसरे चरण में शरीर में इन्सुलिन की मात्रा को बढ़ाने के लिए दवाइयों का सेवन करवाया जाता है। रोगी को ज्यादातर शुगर का पता अचानक ही चलता है। इसका कारण यही है कि हम अपना हेल्थ चेक अप रूटीन में नहीं करवाते। जब किसी और बीमारी यथा शरीर में कमजोरी ज्यादा मूत्र विसर्जन, शरीर में किसी जख्म के न भरने और भार में कमी और नजर में धुंधला दिखाई देना इत्यादि की शिकायत लेकर चिकित्सक के पास जाते हैं तो जांच करने पर पता चलता है कि आप डाइबिटिक हो चुके है और इसका पता चलने पर अचंभित होना स्वाभाविक ही है।

डाइबिटिक घोषित होने पर भयभीत होने की बजाय योजनाबद्ध तरीके से इसका इलाज करवाना ही बेहतर विकल्प है।

इसके लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में वर्णित त्रिसतम्भयथा आहार, निद्रा व ब्रह्मचर्य का पालन इस रोग से निवृति दिलाने में लाभकारी है। वहीं, पर आयुर्वेदिक औषधियां यथा जामुन, करेला, गुड़मार, शिलाजीतयशद भस्म, मेथी, असगंध, अमृता इत्यादि के योग लाभकारी माने गए हैं।

### नीम हकीमों के जाल में न फंसें

**आधुनिक** चिकित्सा शास्त्र में मेटफॉर्मिन, ग्लॅमपरिएड, गलीकज़एड, विबगलोज इत्यादि के योग भी लाभकारी हैं। वहीं, शुगर के मरीज के लिए यह जरूरी है कि वो अपनी ब्लड शुगर को हमेशा नियंत्रण में रखे तथा नीम हकीमो के जाल में न फसें। क्योंकि देखने में आया है कि कई झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा शुगर की बीमारी जड़ से दूर कर देने के दावों में फंस कर कई लोग अपने गुर्दो को भी बीमार कर लेतें हैं।

### पैरों को सीधे हीटर या आग से ज्यादा न सेंकें

**शुगर** के मरीज इलाज न करवा कर अक्सर कमजोरी, धातुक्षय, अंधता, गुर्दो की बीमारियों और त्वक् शून्यता या जड़ता इत्यादि बीमारियों से ग्रसित हो जाते है। इसके साथ ही सर्दियों में अपने पैरों को सीधे हीटर या आग से ज़्यादा न सेंके क्योंकि पैर सुन्न होने से जलने का पता नहीं चलता और पैरों में फफोले हो जाते हैं जो खतरनाक स्तर तक जाकर डाइअबेटिक फुट का कारण बन जाते हैं। इस लिए हमेशा यह बात याद रखें कि शुगर होने पर डरें नहीं अपितु इसका सुनियोजित उपचार करें, योग्य चिकित्सक से सलाह लें तथा अपने पांव इत्यादि की देखभाल सिर से भी ज़्यादा करें।

---

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**26 फरवरी, 2024, सोमवार**

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :द्वितीया** (11:19)**: नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी (04:31), **पक्ष :** कृष्ण, योग धृति (03:26) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11)-(12:57), राहुकाल 08:16 - 09:42 ।

### विशेष दिन

26 फरवरी 1966 को स्वतंत्रता सेनानी और देशभक्त विनायक दामोदर सावरकर का निधन हुआ था।

**मेष :** अपना काम पूरी ईमानदारी और सतर्कता से करें। आपके निकटतम लोग ही आपका मनोबल गिराने का काम करेंगे।

**वृषभ :** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। आप का व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है।

**मिथुन :** रुके कार्यों में गति आएगी। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है।

**कर्क :** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। दांतों में विकार की संभावना है।

**सिंह :** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए है। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद होगी।

**कन्या :** आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट आशीर्वाद से नई सफलता को प्राप्त करेंगे।

**तुला :** कारोबार में जल्दबाजी में निर्णय न लें। बीती बातों में अपना समय बर्बाद न करें। प्रेम-प्रसंगों के चलते विवाद संभव है।

**वृश्चिक:** पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**धनु :** समय रहते अपने मन की बात कह दें। यदि आप सच्चे है तो सफलता मिलेगी। भवन परिवर्तन के योग हैं।

**मकर :** अध्ययन में अवरोध आ सकते हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते हैं।

**कुंभ :** धार्मिक यात्रा की रुपरेखा बनेगी। विवाह प्रस्ताव संबंधों में बदल सकते हैं। मनचाही नौकरी मिलने के आसार हैं।

**मीन :** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आप की उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी।

---

**उद्घाटन** सीपीएस बोले-विकास में नहीं आने देंगे कोई भी कमी, हर गांव तक पहुंचेगी सड़क

# बुटेल ने पालमपुर को दिए तीन करोड़ के गिफ्ट

**अमर सिंह, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शिक्षा एवं शहरी विकास आशीष बुटेल ने रविवार को पालमपुर विधानसभा में तीन करोड़ इस लाख रुपए के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए। उन्होंने ग्राम पंचायत बल्ला में एक करोड़ 80 लाख की लागत से बनने वाली बाबा बराग लोक सड़क का भूमिपूजन किया।

उन्होंने घमरोटा में 47 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र और 11 लाख रुपए की लागत से बनी एप्रोच रोड का उद्घाटन कर उसे क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इससे पूर्व उन्होंने कंडवाड़ी के ननाहर में 44 लाख से निर्मित वन निरीक्षण कुटीर का लोकार्पण किया तथा ग्राम पंचायत बदेहड़ में 28 लाख की लागत से बनने वाले पशु औषधालय का शिलान्यास किया। आशीष बुटेल ने बदेहड़ में 20 जरूरतमंद परिवारों को घरों में लगाने के लिए सोलर लाइट्स भी वितरित की।

उन्होंने कहा कि पालमपुर विधान सभा क्षेत्र का ऐसा हलका है जहां 600 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य चल रहे हैं। पालमपुर में सड़क, पानी और बिजली के क्षेत्र में योजनात्मक रूप में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में तीन नयीं सड़के स्वीकृत की गई हैं और इन पर करीब 21 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के सुधार पर लगभग 60 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर हलके में कोई ऐसा गांव नहीं छूटेगा जहां सड़क सुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अपने इस कार्यकाल में पालमपुर के हर गांव तक गाड़ी योग्य सड़क पहुंचाने के लिए वे संकल्पबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)



पालमपुर में उद्घाटन व शिलान्यास करते सीपीएस आशीष बुटेल।

## कर्मचारियों का जमकर हो रहा शोषण: हरजीत

**शाहपुरकंडी।** पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवत मान की पठानकोट फेरी के दौरान आज ठेका मुलाजिम संघर्ष मोर्चा पंजाब के वफद ने मोर्चे के प्रांतीय वक्ता हरजीत सिंह ढड़वाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के सचिव केशव गोयल के साथ विशेष बैठक की व उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों ने कच्चे कर्मचारियों का जमकर शोषण किया था, जिसके फलस्वरूप ही पंजाब के लोगों ने पंजाब में बदलाव के नाम पर आई आम आदमी पार्टी को भारी जनसमर्थन देकर सत्ता में बैठाया था। उन्होंने बताया कि सरकार हर बार उन्हें पक्का करने का वादा करती है। मगर आज तक वादा वफा न कर सकी। मुलाजिमों को जान-बूझकर संघर्ष के रास्ते चलने पर मजबूर किया जा रहा है।

“शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसे आप दुनिया को बदलने के लिए उपयोग कर सकते हो।
-नेल्सन मंडेला



## पौंग डैम वेटलैंड में खेती की इजाजत से किसान खुश

**प्रदेश** की सुक्खू सरकार ने पौंग डैम की वेटलैंड में किसानों को खेती करने का मौका देकर सराहनीय फैसला किया है। इस फैसले से किसानों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा है। इससे पहले पौंग बांध को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) घोषित करने का एक मसौदा तैयार किया गया था, जिससे विस्थापितों को फिर से प्रभावित करने की संभावना बन गई थी, लेकिन अब सुक्खू सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पौंग ईको सेंसटिव जोन की अभी अधिसचूना जारी नहीं हुई है। स्थानीय विधायकों से चर्चा के बाद ही इस बाबत फैसला लिया जाएगा। पहले वन्य प्राणी अभयारणय की अधिसूचना जारी होगी, फिर ईको सेंसटिव जोन को लेकर विचार किया जाएगा। विधानसभा के बजट सत्र में यह मसला विधायक होशियार सिंह, भवानी सिंह पठानिया और ब्रिकम सिंह ने उठाया था।

मुख्यमंत्री ने स्थिति स्पष्ट की कि इन मामलों को लेकर सनसनी न फैलाई जाए। वन्य प्राणी अभयारणय से कई गांव बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन भारत सरकार के इसको लेकर नियम बहुत सख्त हैं। वन्य प्राणी पर्यटन में कमी दर्ज हुई है। इसके लिए बोटिंग के लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। पौंग डैम वन्य प्राणी अभयारणय में आने वाले पक्षी और सैलानी इस बार काफी घटे हैं। बीते तीन साल के दौरान पौंग डैम वन्य प्राणी अभयारणय में आने वाले पक्षियों और उनकी प्रजातियों में कमी दर्ज हुई हैं। वर्ष 2021-22 में पक्षियों की 110 प्रजातियां और 1,10,309 पक्षी आए थे। वर्ष 2022-23 में 110 प्रजातियां और 1,17022 पक्षी आए। वर्ष 2023-24 में प्रजातियां सिर्फ 86 और पक्षी 83,555 ही आए। इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में 4,956 2022-23 में 2,198 और 2023-24 में 15 जनवरी तक 1,728 सैलानी ही आए। ऐसे प्रावधान हैं कि इन क्षेत्रों में भवनों के नक्शे भी मंजूरी के बाद पास होंगे। कैचमेंट एरिया में काफी क्षेत्र आता है। पक्षियों की 80 फीसदी प्रजातियां शाकाहारी होती हैं। खेतीबाड़ी बंद होने से पक्षियों का आना भी कम हो गया है। खेती को मंजूरी मिलने से पौंग डैम की वेटलैंड में पक्षियों की संख्या भी बढ़ेगी। ब्यास नदी पर बने पौंग बांध से विस्थापित हुए 25,000 से अधिक लोग पांच दशक से अधिक समय से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनमें से कई लोग बांध क्षेत्र के आसपास खेती करके अपना गुजारा कर रहे थे, लेकिन पौंग बांध को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) घोषित करने से यहां के लोगों की सांसें फूल गई थीं। अब सरकार के निर्णय से उनमें जान आई है। निश्चित रूप से इसका लाभ किसानों को जरूर मिलेगा। पौंग बांध का निर्माण 1974 में पूरा हो गया था, लेकिन निर्माण से विस्थापित लोगों का पुनर्वास अभी तक नहीं हुआ है। अगर पौंध में ईएसजेड बन जाता तो इससे लाखों लोगों की आजीविका भी प्रभावित होनी थी। इससे क्षेत्र में किसी भी विकास कार्य को करने की प्रक्रिया भी जटिल हो हो जानी थी। पौंग बांध क्षेत्र विदेशी पक्षियों का विश्राम स्थल माना जाता है और इसे 2002 में रामसर वेटलैंड साइट घोषित किया गया था और 2013 में वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया था। यहां हर साल मध्य एशिया, मंगोलिया, साइबेरिया और चीन से मेहमान परिंदे आते हैं। यहां प्रवास करने वाले कुछ पक्षियों में बार-हेडेड गीज, ग्रे लाइट गूज, कॉमन टील और कॉर्मोरेंट शामिल हैं।

# समाज को अपराध की तरफ धकेलता लिव इन रिलेशनशिप

**लिव** इन रिलेशनशिप का प्रचलन पाश्चात्य संस्कृति व शैली की उपज है। यह प्रवृत्ति यूरोपियन, कनाडा, अमेरिकन देशों के समाजों की तरफ से प्रवाहित होकर हमारे देश में आई है। इन देशों के पारिवारिक संबध व स्थिति का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि यहां के परिवार उन्मुक्त, वातावरण में जीवन-यापन करते हैं। एकल परिवारों के रूप में यहां के लोग संयुक्त परिवार से अलग-थलग रहते हैं। इस तरह से बड़े बुजुर्गों का नियंत्रण, निर्देशन व पकड़ से ये कोसों दूर होते हैं। इन देशों की सरकारें ही इनके बच्चों की शिक्षा व्यवस्था से लेकर, किस प्रतिभा को किस ओर रुचि के आधार पर मोड़ना है, उसकी जॉब इत्यादि तय करती है एवं उस नौकरी में इन्हें समायोजित कर देती है।

अत: इस कारण यहां के नागरिक अपने देश की उन्नति में स्वतंत्र रूप से अपना-अपना योगदान देते हैं। ये देश इन्हें उत्पाद की भांति इस्तेमाल करते हैं न कि बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव इंसान के रूप में। परिवार की इच्छा के अनुसार इनके बच्चे शादी बंधन में नहीं बंधते, ऐसे बंधन स्थापित करने के लिए यह स्वत: अपने जीवन साथी का चुनाव करते हैं व कितने समय तक एक रिश्ते में रहना है, यह दोनों युगल निर्धारित करने के लिए आजाद होते हैं। इसके विपरित भारतीय परंपराएं, भारतीय संस्कृति प्राचीन सनातन धर्म संस्कृति के अनुकूल सात जन्म जन्मांतर के रिश्ते को निभाने में विश्वास रखती है। विश्व की कोई भी संस्कृति अच्छी बुरी नहीं है, लेकिन अगर इस तरह की संकृति के समाज में बुरे प्रभाव परिलक्षित होकर उजागर हों तो वास्तव में यह निंदा की पात्र अवश्य मानी जाती है। भारतीय समाज में सामाजिक पकड़, नियंत्रण, निर्णयन, दिशा-निर्देश परिवार के मुखिया के रूप में प्रकट होते रहे हैं। शिक्षा आधुनिकता, नेट के संजाल तंत्र फैलाव व जुड़ाव ने समस्त विश्व को सिकोड़ कर एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है। अब देखा-देखी में हम दूसरे देश से ली गई उधार की संस्कृति को अपनी संस्कृति में मिलाकर संस्कृतिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं।

उन्नत उन्मुक्त, खुल कर जीना बुजुर्गों की रोक-टोक करने की प्राचीन अवधारणात्मक नियंत्रण से आज की युवा पीढ़ी आजाद होकर जीना चाहती है। आज का युवा बेड़ियों में बंधकर नहीं जीना चाहता है। रूढ़ीवादी सोच अलग है, इसके विपरित अपनी मनमर्जी के रिश्ते स्थापित कर बिना अनुभव परिणाम के आज का युवा दिग्भ्रमित होकर हताशा, निराशा को प्राप्त हुआ है। इस कारण अपनी सालगिरह का जश्न मनाने को गिनती से एक साल, दो साल तक निभ जाने से खुशी से झूम उठता है। यह प्रचलन पाश्चात्य संस्कृति से ग्रहण किया गया, जहां शादी के एक साल से ज्यादा रिश्ता कायम होगा या नहीं होगा, शंकाग्रसित रिवाज में शामिल था।

इस कारण पाश्चात्य जोड़े एक साल दो साल, दस साल या पच्चीस साल तक अगर यह शादी का बंधन कायम रहे, खुशी से झूमकर मनाते थे। इस संस्कृति के



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

विपरीत भारतीय परंपरा के अनुकूल यह बिलकुल अलग थी। इन जोड़ों के अलग होने पर इन्होंने एकल परिवार से बाहर अपना जीवन जीने के साथ साथ संपत्ति के अधिकार से एक दूसरे को बाहर रख, दोनों अगर तलाकशुदा है, कुवारेपन में जीवन-यापन जी रहे हैं, इन सभी बातों को स्वेच्छापूर्वक अपना कर समाज की नजर में भी किसी अन्य को आपत्ति न हो, कानूनी अधिकार के सरंक्षण के तहत एक कमरे में रहने के साथ-साथ एक अलग विकल्प के रूप में लिव इन रिलेशनशिप का प्रतिपादन कर लिया।

कालांतर में इस रिश्ते में रहकर जिसमें दो युगल महिला पुरुष अपनी इच्छा के अनुकूल आजाद प्रवृत्ति अपना कर जब तक चाहे साथ रह सकते हैं। इस रिश्ते में अकेलापन दूर कर, आपसी रजामंदी, सुख दुख, शारीरिक संबंध, यौन व्यवहार क्रियाएं स्थापित करने इत्यादि का सामंजस्य पूर्ण रिश्ता कायम कर इसे प्रचलन में लाया, लेकिन सबसे बड़ी बाधा यह रिश्ता कहीं भी लिखित रूप में कब तक स्थापित होगा या कितने समय तक कायम रह पाएगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। विधवा, विधुर लड़का-लड़की अपने मन से, दूसरे देश की शैली से उधार लिए रिश्ते के साथ इस कानून के अधिकार के तहत लिव इन रिलेशनशिप के रूप में जिंदगी जीने लगे। इसी बीच पदुर्भाव हुआ अपराध का, कोई लड़की मार कर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जैसे बड़े शहरों में फ्रिज में टुकड़े-टुकड़े कर रख दी जाती है। इस तरह के अपराधों में अपने ही परिवार के लोगों को कानों कान खबर तक नहीं लगी। मृत शरीर या फिर अपराधी का पता लगाने की बात दूर रही।

दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, चडीगढ़, पटना, कोलकाता, बेंगलुरु आदि मेट्रोपोलिटन शहरों में यह स्थिति भयावह होती जा रही है। 22 फरवरी शाम को मंडी जिला के ढांगू में एक प्रवासी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पुलिस तहकीकात में यह मामला शादीशुदा महिला के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। इससे सिद्ध होता है, इस तरह के शादी के बाद के कानून के मुताबिक आजाद संबंध कहीं न कहीं समाज के भीतर जानलेवा सिद्ध होते हैं। जब कभी भविष्य में लिव इन रिलेशनशिप जैसे रिश्ते से ऊब कर आजाद होकर अपनी शादी कर घर बसाने की ऐसी महिलाएं सोचती है और मां बनना चाहती है तो इस तरह के पूर्व कृत्य शारीरिक संबंध स्थापित करने के उपरांत अनचाहे गर्भ को हटाने के लिए इस्तेमाल की गई घातक दवाएं बांझपन को उजागर करती हैं।

निश्चित रूप से लिव इन रिलेशनशिप को आज के दौर में बड़े गर्व के साथ कहने में शर्म नहीं लगती, लेकिन इसका अर्थ रखैल वाक्य के रूप में संबोधित किया जाता है, तो सामने वाला उग्र रूप धारण करने में एक मिनट भी न लगाए। बात सच्ची है, फिर भी आज का समाज इन सब बातों को आंखों में अंधों की भारी पट्टी बांधकर इस रिश्ते का अनुसरण कर जी रहा है। आने वाला सामाजिक भविष्य बहुत पीड़ादायक होगा, भले ही स्त्री-पुरुष की इस स्वतंत्र प्रवृत्ति के अधिकार को कानूनी आधार पर जीवित रखा हो, लेकिन हमे यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय संस्कृति पारिवारिक जीवन के आधार पर टिकी हुई है। यह रिश्ता ज्यादा दिन नहीं चलने वाला, इसका आधार उम्र या फिर इसकी वास्तविकता लंबी दूरी तय करेगी या नहीं, कोई भी दावा नहीं कर सकता। इस तरह के रिश्ते से सामाजिक विसंगति, टूटन अपराध को बढ़ावा, शारीरिक पतन, झूठ की प्रवृत्ति, शोषण, परिवार की मजबूत आधाशिला, पति-पत्नी के आपस के भावनात्मक रिश्ते सबके सब इस रिश्ते के माध्यम से तबाही की अग्नि की ओर प्रज्वलित होकर सामाजिक पतन व अपराध की तरफ धकेलने के लिए मददगार साबित हो रहे हैं।

## नजरिया — संदेशखाली प्रकरण : तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चर्चाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेशखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदार लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है?

शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ‘जो कुछ संदेशखाली में हो रहा है, वह मात्र एक घटना नहीं, बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है, जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है।’



लेखक : आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया, उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया।

राजनीतिक दल वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का सहारा लेते आए हैं। राजनीतिक दलों ने अपने एजेंडे के हिसाब से धर्म व संप्रदाय बांट रखे हैं और उसके तुष्टिकरण में वे किसी भी हद तक चले जाते हैं। सच्चाई यह है कि तुष्टिकरण देश के विकास, सद्भाव, भाईचारे, सुरक्षा और शांति के लिए हानिकारक है।

## अंदाज-ए-बयां — आदमी सा बनके रहना चाहिए

**आदमी** को आदमी सा बन के रहना चाहिए।
दौर हो गम का तब भी मुस्कुराना चाहिए।
छोड़ दे जाना वहां इज्जत जहां होती है नहीं,
बिन वजह अपना नहीं है मान खोना चाहिए।
जो दिया तुमको खुदा ने है बहुत वह मिल गया,
बिन वजह से है नहीं आंसू बहाना चाहिए।
घर किसी के रोज जाना भी नहीं यह ठीक है,
बिन बुलाए है नहीं हर बार जाना चाहिए।
भूल से भी हो नहीं अपमान अपनों का कभी,
सोच के भी दिल नहीं हम को दुखाना चाहिए।
बेसहारे को सहारा हर दुखी का साथ दो,
भूख से बेहाल को खाना खिलाना चाहिए।
जिंदगी में तुम कभी मत भूलना इस बात को,
मान से माता-पिता को सिर झुकाना चाहिए।

शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

## छोटी उम्र की बड़ी प्रतिभा, सिरमौर की साक्षी शर्मा कर रही प्रदेश का नाम रोशन

**कबड्डी** के क्षेत्र में एक ऐसा युवा चेहरा, जिन्होंने बहुत कम उम्र में अपनी अनूठी पहचान कायम की और विपरीत परिस्थितियों में रहकर भी जिन्होंने युवाओं को यह सोचने के लिए विवश कर दिया कि अगर हमारे अंदर किसी भी क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाने की तमन्ना और जज्बा हो तो हमारी वर्तमान परिस्थितियां हमारे मजबूत इरादे और लक्ष्य को नहीं रोक सकतीं। कुछ इसी तरह का उदाहरण पेश किया है जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा के गांव धकोली की साक्षी शर्मा ने, जिन्होंने कम उम्र में बड़ी बड़ी उपलब्धियां अपने नाम की हैं।



हेमराज राणा
लेखक: सिरमौर

हाल ही में संपन्न हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स कबड्डी वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीता है। इस कबड्डी टीम में सभी खिलाड़ी साई हॉस्टल नालागढ़ की थीं, जिसमें जिला सिरमौर के शिलाई की साक्षी शर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जो जिले के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। इनकी उम्र मात्र 20 वर्ष ही है जिन्होंने कई गोल्ड मेडल अभी तक हासिल किए हैं और वर्तमान में गर्ल्स हॉस्टल नालागढ़ में रह रही है, जहां से वह परीक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

साक्षी शर्मा अपनी एमए की डिग्री हासिल कर रही हैं और वह अभी भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे खेलो इंडिया का हिस्सा है, जिनके माध्यम से वह विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर और खेल कार्यक्रमों में हिस्सा लेती रहती हैं। साक्षी शर्मा का अनेक बार चयन राष्ट्रीय स्तर पर हो चुका है, जिन्होंने बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन किया और हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर गोवा में हिमाचल प्रदेश की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता, तो वहीं उसके उपरांत हरियाणा में हुई राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में भी हिमाचल प्रदेश की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फिर से गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वहीं चीन में हुई विश्व कप कबड्डी में भारतीय महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता था, जिसमें शामिल होने के लिए साक्षी शर्मा का अतिरिक्त सदस्य के रूप में भी चयन हुआ था परंतु किन्हीं कारणों से वह विश्व कप का हिस्सा नहीं बन पाई थी और उम्मीद करती है भविष्य में वह मेहनत करके विश्व कप में जरूर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी ताकि वह भी देश के लिए अपना योगदान प्रदान कर सके।

साक्षी शर्मा की बड़ी बहन कृतिका शर्मा भी एक प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्तर की एथलीट रह चुकी है, जिन्होंने समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर पर लंबी रेस में बेहतरीन प्रदर्शन किया था और वर्तमान में स्पोर्ट्स कोटे से वन विभाग हिमाचल प्रदेश में कनिष्ठ कार्यालय सहायक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहीं है। इस प्रकार गिरिपार की इन दोनों बहनों ने खेल के क्षेत्र में अपनी खास पहचान कायम की है। साक्षी शर्मा के पिता राजेश शर्मा बिजली बोर्ड में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं और साथ ही वह अपनी दोनों होनहार बेटियों को आगे बढ़ने और हर सहयोग करने का प्रयास कर रहे हैं और वह उम्मीद करते हैं कि साक्षी शर्मा भविष्य में जरूर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करवाएंगी, साथ ही साक्षी शर्मा का कहना और प्रयास है कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लेने की आवश्यकता है ताकि हम अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन करते रहें।

# अवैध खनन माफिया आपदा के बाद फिर हुआ सक्रिय

**हिमाचल** प्रदेश में आई भयंकर बाढ़ उपरांत एक बार फिर स्टोन क्रशर माफिया सक्रिय हो चुका है। इस आपदा में मिले जख्मों को जनता सहित प्रदेश सरकार भुगत रही है। सुख की सरकार ने 128 स्टोन क्रशरों में कुछेक को चलाने की हरी झंडी दिखाई थी। हैरानी इस बात को लेकर की अवैध स्टोन क्रशरों की लाइट बिजली बोर्ड द्वारा काटने के बावजूद भी वे आखिर किस तरह सक्रिय हो चुके हैं। पुलिस द्वारा आए दिन खड्डों का सीना जेसीबी मशीनों से चीरने वाले इस माफिया के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई में पोकलेन, टिप्पर, मशीनों को जब्त करके अवैध खनन में जुटे लोगों को लाखों रुपए जुर्माना भी किया गया है। आपदा के चलते करीब पांच सौ लोग मौत का ग्रास बने थे।

जनता के गुस्से को थोड़ा शांत करने के लिए फिलहाल स्टोन क्रशरों को सरकार ने बंद किया था। इस दौरान कुछेक विधायकों ने स्टोन क्रशर मालिकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किए जाने को लेकर भी अपनी आवाज मुखर की थी। कितने स्टोन क्रशर मालिकों के खिलाफ हत्या का मामला सरकार ने दर्ज किया जनता सवाल उठा रही है? गनीमत यह है कि अधिकतर स्टोन क्रशर नेताओं और उनके सगे संबंधियों के नाम से चलाए जा रहे हैं।

पुलिस फिर कैसे इस स्टोन क्रशर माफिया के खिलाफ पूरी तरह स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करे, बड़ा सवाल है। आपदा में बेघर हो चुके लोगों को प्रदेश सरकार 7 लाख 50 हजार रुपए का अनुदान दे रही है। स्टोन क्रशर माफिया से अगर समय रहते खड्डों, नालों की सुरक्षा की होती तो आज कर्जदारी में इस तरह खजाना खाली करके आर्थिक बोझ नहीं बढ़ाना पड़ता।

सरकारें अवैध खनन को बढ़ावा देने के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करती हैं। सच बात यह है कि सरकारों की मिलीभगत बगैर क्या यह माफिया प्रकृति से खिलवाड़ कर सकता है? प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हिमाचल प्रदेश को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से मजबूत बनाए जाने के प्रयास भी सरकार लगातार कर रही है। सरकार देवभूमि में कनेक्टिविटी की समस्या हल करने का पुरजोर प्रयास कर रही है। बरसात का पानी और भूस्खलन हर साल भारी तबाही मचा रहा है।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

हिमाचल प्रदेश की सड़कों का नामोनिशान तक मिट गया था। हालात आज ऐसे बन चुके हैं कि प्रदेश की जनता को ही यातायात की बहुत समस्याएं उठानी पड़ी थीं। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, राष्ट्रीय राजमार्गों, पुलों, डंगों के पानी में बहने से कई मौतें हो चुकी हैं। पर्यटक रोजाना इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। मौसम में अचानक बदलाव आने से पहाड़ी राज्यों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा कि यूरोपीय देशों में ज्यादा गर्मी पढ़ने का असर अब दक्षिण देशों पर पड़ना शुरू हो चुका है। इन देशों में आसमान पर घने बादलों ने इस कदर डेरा जमा रखा है कि वह कभी भी बरसकर जनता के लिए परेशानियां खड़ी कर सकते हैं। भविष्य में पहाड़ी राज्यों की जनता की समस्याएं कम होने की बजाए बढ़ने के आसार ज्यादा लगते हैं, इसलिए सभी को ऐहतियात बरतने की जरूरत रहेगी। यही वजह है कि आजकल बारिशें बेमौसमी होकर आम आदमी का जीवन अस्त-व्यस्त करके फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रही हैं।

पहाड़ी राज्यों में अक्सर बादलों का फटकर लोगों के लिए मुसीबत बनना भी यही कारण है। बरसात का मौसम पर्यटन के लिहाज से बेहतर माना जाता रहा है। अब बरसात की भारी बाढ़ लोगों के लिए कई तरह की परेशानियां पैदा करती जा रही है। शिक्षण संस्थानों की छुट्टियां बिताने के लिए देश विदेश के पर्यटक हिमाचल घूमने चले आते रहे हैं। बारिश की तबाही अब ऐसे पर्यटकों को हिमाचल की सैर करने से सोचने पर मजबूर करती जा रही है। हिमाचल प्रदेश के जंगलों पर अत्यधिक कुल्हाड़ी चलने पर पहाड़ अब खोखले बनकर रह चुके हैं। जंगलों में अब सिवाए खरपतवार पौधों के कुछ देखने को नहीं मिल रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिबंध के बाबजूद जंगलों का मिटता अस्तित्व बचाने में हम नाकाम चल रहे हैं। पौधरोपण हम सिर्फ दिखावे के लिए साल में एक बार मैदानी इलाकों में करके मीडिया में सुर्खियां बटोर रहे, जंगलों में मौजूद कांटेदार झाड़ियों के बीच कौन पौधा लगाए, यह भी सवाल है? जितने पेड़ काटे जा रहे, ठीक उतना पौधरोपण नहीं हो पा रहा है। जंगलों में पेड़ न होने की वजह से जंगली जानवर मैदानी इलाकों में लोगों पर हमले कर रहे हैं। सड़क का विस्तारीकरण किए बगैर प्रदेश का विकास कर पाना किसी भी सरकार के लिए आसान काम नहीं है।

जंगलों को काटकर सड़कों तो चौड़ी किए जाने के साथ-साथ उनके किनारों पर मजबूत डंगे बनाए जाने पर भी गौर करना होगा ताकि भूस्खलन की घटनाएं घटित न हों। जंगलों में पावर प्रोजेक्ट, चैक डेम की जेसीबी मशीनों से खुदाई करके बनाए जाने से पहाड़ भी अब हिलकर रह गए हैं। पानी बहाव वाली जगहों खड्डों और नालों में लोग अवैध निर्माण करके मकान, होटल, स्कूल, रेस्टोरेंट और ढाबे बनाकर पानी का रुख मोड़ने की कोशिश करते जा रहे हैं। धरती पर जब भी पाप बढ़ा है, उसका खामियाजा उल्टा जनता को ही भुगतना पड़ा है। देवभूमि मंदिरों का ही जलमग्न हो जाना कोई शुभ संकेत नहीं है।

स्कूल, कॉलेजों में एनएसएस के स्वयंसेवकों से हर साल ज्यादा से ज्यादा जंगलों में पौधरोपण करवाया जाना चाहिए। सड़कों किनारे, खड्डों और नालों में बनाए जाने वाले अवैध भवनों पर प्रतिबंध लगाना होगा, तभी हम प्रकृति की मार से बच सकते हैं।

# लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पहले से कहीं अधिक बढ़ी

**अमेरिकन** एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पहले से अधिक बढ़ी है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझता रहता है। पिछले साल के अंत में कराए गए इस सर्वे में साफ हुआ है कि अब लोग युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टिप्स पर जोर देने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कोरोना के बाद देश-दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है।

एक समय था, जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा है, जबकि एक समय था, जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर पर ही खरीद कर रखने को तरजीह देने लगे हैं। अब लोग कर्ज लेकर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करने को भी प्राथमिकता देने लगे हैं।



ब्लॉगर
लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

कोरोना के अनुभव के साथ आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी दौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरीपेशा जिंदगी है। पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के ऑनलाइन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। इससे पहले स्वास्थ्य के प्रति चिंता तो रहती थी, पर इतनी गंभीरता कभी नहीं देखी गई। सामान्य बीमारी को भी लोग अब गंभीरता से लेने लगे हैं। इसे स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ ही अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। स्वास्थ्य पैकेज को लेकर नित नई बीमा कंपनियां भी सामने आ रही हैं। एक अच्छी बात यह है कि लोगों का पौष्टिक भोजन के प्रति रुझान बढ़ा है। समाज के किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो वह आज अच्छा खाने में विश्वास रखने लगा है। बड़े-बड़े मॉल तक आम आदमी की पहुंच आसान हो गई है। डी-मार्ट, रिलायंस, स्मार्ट बाजार में रौनक रहने लगी है। यह बदलाव का संकेत है। भले ही आर्थिक विषमता दिन दूनी बढ़ रही हो, पर इन माल्स ने लोगों में आर्थिक आधार पर भेदभाव या आर्थिक हीनता को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई है। सर्वे के अनुसार 73 फीसदी लोग हेल्दी फूड पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया है। इस बदलाव में कोरोना काल की कड़वी यादें अहम कारक हैं।

कोरोना ने अपनों से बिछुड़ते और अनादिकाल से चली आ रही परंपराओं तक को ताक में रख दिया था। हम कोरोना से प्रभावित अपनों का ही अपने हाथों अंतिम संस्कार तक नहीं कर सकते थे। आइसोलेशन की पीड़ा को सही मायने में कोरोना ने अच्छी तरह से समझा दिया। वैसे भी देश-दुनिया में तेजी से नित नई बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। मच्छरजनित बीमारियां तो अब मौसम के साथ-साथ नित नए रूप में अपना प्रभाव दिखाने लगी हैं।

स्वास्थ्य जागरूकता और पहली प्राथमिकता में हेल्थ को रखना अच्छी बात है। यह होना भी चाहिए, क्योंकि हमारे यहां तो कहा जाता रहा है कि पहला सुख निरोगी काया। व्यक्ति का मन और तन दोनों विकार रहित होने चाहिएं। हालांकि स्वास्थ्य के साथ ही दूसरी प्राथमिकता में कर्ज लेकर भी निवेश बढ़ाने पर जोर से मानसिक तनाव का बढ़ना नई समस्या को दावत दे रहा है। लोन की किस्त के चक्कर में मानसिक दबाव स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। निवेश करना अच्छा है, पर कर्ज के मकड़जाल में उलझने से बचना चाहिए। केवल देखा-देखी व एक-दूसरे की होड़ में तनाव को ओढ़ना किसी भी हालत में सही निर्णय नहीं हो सकता। युवा पीढ़ी को इस दिशा में भी सोचना होगा।

## अपनी बात

**वर्तमान** में विकास के लिए और मानव जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति के साथ अवैज्ञानिक ढंग से किया जा रहा खिलवाड़ निश्चय ही एक गंभीर चुनौती बन गया है। आलम यह है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई व पहाड़ों का कटाव प्रकृति के स्वरूप के साथ खिलवाड़ कर रहा है। परिणाम स्वरूप असमय वर्षा व भूस्खलन से मानव जाति के अस्तित्व को खतरा पैदा हो रहा है। विकास जो मानव जीवन जीने में ही रोड़ा बन जाए, वह किस हद तक न्यायोचित हो सकता है, यह अत्यंत चिंतनीय विषय है। आज घटित हो रहीं अप्राकृतिक घटनाओं से मानव जीवन निस्संदेह खतरे में पड़ गया है। विकास के साथ जुड़े लोगों, शासन व प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करके और वैज्ञानिक ढंग से सभी विकासात्मक कार्यों को अंजाम दिया जाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक मुश्किल का सामना समाज के मध्यम और आम जनता को ही करना पड़ता है। विकास की अवधारणा में परिवर्तन के कई आयाम शामिल हैं, जिसमें धन का सृजन (अर्थात, तीव्र और निरंतर आर्थिक विकास) और इसका इस तरह से वितरण शामिल है जिससे छोटे अभिजात वर्ग के बजाय व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होता है।

-जगदीश चंद, मंडी

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मैहला में सजा कीर्तन दरबार

## सतगुरु रविदास महाराज के 647वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सतगुरु रविदास महाराज के 647वें जन्मोत्सव पर गुरु रविदास गुरुद्वारा लकड़ोलू मैहला में कीर्तन दरबार व गुरु के लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाई सुनील कुमार, भाई रंजीत सिंह व रागी जत्था गैहरा वाले द्वारा गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया गया।


मैहला में आयोजित लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

इन्होंने नाम बिना नहीं जीबेया जाए, ऐसी लाल तुझ बिन कौन करे, तोहि-मोहि मोहि- तोहि अंतर कैसा, बहुत जनम बिछुरे थे माधउ, एह जनम तुम्हारे लेखे आदि शबद गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। प्रातः आसा दी वार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके उपरांत गुरु जस कीर्तन, पाठ का भोग, आरती व अरदास के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। गुरु रविदास सभा लकड़ोलू मैहला के प्रधान व कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी विशेष अतिथियों को शिरोपा व संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का बैज पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान लछिया राम ठाकुर, पूर्व उपप्रधान मनोज कुमार जसरोटिया, पूर्व प्रधान उमेश ठाकुर, श्री गुरु रविदास सभा मैहला के प्रधान इंद्र सिंह, सचिव अश्वनी कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, रमेश कुमार, पुन्नू राम, सुनील कुमार, योगेश कुमार, नीरज कुमार, अमन कुमार, नारो देवी, बबली देवी, ऊषा कुमारी, बिमला देवी, शैलजा, अनिता देवी, ग्रंथी रवि कुमार, गुरु रविदास सभा चंबा के प्रधान जितेंद्र सूर्या, वरिष्ठ उपप्रधान अविनाश पाल, उपप्रधान सुदेश चंद्रा, गुरु रविदास सभा काकड़ोलू के प्रधान रमेश चंद, शिव करण चंद्रा , नरसी देवी, दुनी चंद, दलबीर सूर्या, कमला देवी, राजिंद्रा सूर्या, वंदना, जितेंद्र मौजूद रहे।

# भरमौर-चोबिया बस सेवा बहाल करने की मांग

**भरमौर।** भरमौर से चोबिया बस को पुनः चलाने के लिए लोगों ने सरकार से मांग की है। ग्राम पंचायत चोबिया की प्रधान बाला देवी, पूर्व प्रधान रत्नी देवी, कांग्रेस विचार मंच के अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू , उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से इस रूट पर एचआरटीसी की बस को दोबारा चलाने की गुहार लगाई है। इनका कहना है कि इस रूट पर पहले ही बस चलती थी, लेकिन पिछले एक साल से इस बस रूट को बंद कर दिया गया है। इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । लोगों ने मांग की है कि सुबह नौ बजे यह बस भरमौर से चोबिया के लिए चले ताकि स्कूली बच्चों व सरकारी कर्मचारियों को भी इस बस सुविधा का लाभ मिल सके। इस बस रूट के बहाल होने से क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों को इसका फायदा होगा।

## पश्चिमोत्तर भारत और पूर्वोत्तर पाकिस्तान तक है अस्तित्व, बांधों से इंसानी आबादी को नुकसान

# बिजली के लिए बांधों में बांधी जा रही रावी

**एमएम डैनियल,चंबा**

अनंत ज्ञान स्पैशल

इरावती, परुष्णी, रावी व हाइड्रेटस ये चार नाम चार युगों की कहानी को बयां करते हैं। इससे अंदाजा यहीं से लगाया जा सकता है कि यह नदी आज भी कहीं संरक्षण के नाम पर तो कहीं अपनी धरोहर से जनमानस का कल्याण कर रही है।

रावी नदी के उद्गम स्थल को लेकर आज भी कई विद्वान एकमत नहीं हैं, लेकिन फिर भी कल-कल बहने वाली नदी का पश्चिमोत्तर भारत और पूर्वोत्तर पाकिस्तान तक अस्तित्व कायम है। वहीं, पहाड़ी लोकगीतों में सांए-सांए मत कर राविए, मिंजो तेरा डर लगदा का अर्थ तो आज हकीकत में दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। केंद्र, राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन रावी नदी के संरक्षण को लेकर अभी तक कोई भी उचित योजना तैयार नहीं कर सका है।

गौर हो कि रावी नदी पर बांध निर्माण से कैचमैंट एरिया के आसपास लाखों में इंसानी आबादी बसी है। विकास के नाम पर बहुत बड़ी संख्या इंसानी जरूरतों को पूरा करने के लिए इस पवित्र नदी के जल को पन विद्युत उत्पन्न करने के लिए कृत्रिम बांधों में बांधा जा रहा है जिसका असर यह हो रहा कि इसके कैचमैंट एरिया में आने वाली इंसानी आबादी को स्वयं नुकसान पहुंच रहा है।

भौगोलिक परिस्थितियों के आधार रावी नदी बड़ा भंगाल से शुरू होकर हिंद महासागर की खाई में विलय होती है। वर्तमान में रावी पर जिला चंबा में शिव नगरी भरमौर से बांध बनने का सिलसिला जारी है जिसका असर विस्थापितों को भुगतना पड़ा तो वहीं रावी के प्राकृतिक माहौल में पलने वाले वातावरण और वन्य जीवन भी इससे प्रभावित हैं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल, जेएंडके और पाक से बहती हुई झांग जिले की सीमा पर चिनाव में मिलती है रावी

रावी नदी के पूर्व के बड़े हिस्से को सिंचाई की सुविधा प्रदान करती है, जिसकी सहायक नहरें पाकिस्तान तक विस्तारित हैं। रावी उत्तरी भारत में बहने वाली एक नदी है। रावी कांगड़ा जिले में रोहतांग दर्रे से निकल कर हिमाचल प्रदेश, जेएंडके तथा पाकिस्तान से बहती हुई झांग जिले की सीमा पर चिनाव नदी में मिल जाती है जिस पर थीन बांध बना है। रावी नदी, पश्चिमोत्तर भारत और पूर्वोत्तर पाकिस्तान में बहने वाली एक नदी है। यह उन पांच नदियों में से एक है, जिनसे पंजाब (पांच नदियों का प्रदेश) का नाम पड़ा। यह हिमाचल प्रदेश में वृहद हिमालय से निकलती है एवं पश्चिम-पश्चिमोत्तर में चंबा नगर से होती हुई जम्मू-कश्मीर की सीमा पर दक्षिण-पश्चिम की ओर मुड़ जाती है। इसके बाद यह नदी पाकिस्तानी पंजाब में प्रवेश करने से पहले पाकिस्तानी सीमा के साथ-साथ 80 किमी से अधिक दूरी तक बहती है। यह लाहौर से होकर बहती हुई कमलिया के निकट पश्चिम की ओर मुड़ जाती है और लगभग 725 किमी के बाद अहमदपुर सियाल के दक्षिण में चिनाब नदी में मिल जाती है।

## लाहौर में रावी किनारे भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का हुआ था अंतिम संस्कार

**भगत** सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अंग्रेजों ने फांसी के तय समय से एक दिन पहले ही फांसी पर लटका दिया था और फिर बर्बर तरीके से उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर सतलुज नदी के किनारे स्थित हुसैनीवाला के पास जलाए जा रहे थे, लेकिन उसी दौरान वहां लाला लाजपत राय की बेटी पार्वती देवी और भगत सिंह की बहन बीबी अमर कौर सहित हजारों लोग पहुंच गए। इससे वहां मौजूद अंग्रेज पुलिसकर्मी शवों को अधजला छोड़कर भाग गए। शहीद-ए-आजम भगत सिंह पर कई पुस्तकें लिख चुके प्रोफेसर चमनलाल ने बताया कि लोगों ने तीनों शहीदों के अधजले शवों को आग से निकाला और फिर उन्हें लाहौर ले जाया गया। जहां लाहौर में तीन अर्थियां बनाई गई और हजारों की भीड़ ने पूरे सम्मान के साथ उनकी शव यात्रा निकाली तथा उनका अंतिम संस्कार रावी नदी के किनारे उस स्थल के नजदीक किया गया जहां लाला लाजपत राय का अंतिम संस्कार हुआ था।

## रावी नदी पर फलफूल रहे हैं कई व्यवसाय

*मौजूदा समय में रावी पर मुख्य तौर से जल विद्युत उत्पादन सहित विभिन्न व्यवसाय फलफूल रहे हैं, जिनमें मत्स्य उत्पादन भी एक मुख्य व्यवसाय है। कहीं चमेरा बांध के नाम पर तो कहीं थीन बांध के नाम पर रावी का दोहन हो रहा है। रावी के जल का सिंचाई के लिए उपयोग संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र में किया जाता है। भारतीय पंजाब के उत्तरी छोर पर माधोपुर में प्रारंभिक बिंदु वाली ऊपरी बारी (बा ब्यास, री-रावी) दोआब नहर 1878-1879 में बनकर तैयार हुई थी।*


चंबा मुख्यालय सहित विभिन्न स्थलों से होकर गुजरती रावी नदी।

## क्या कहते हैं रावी नदी पर अनुसंधान कर रहे विशेषज्ञ

रावी नदी के दोहन व प्रदूषण के कारण इसका असर जहां पर्यावरण पर पड़ रहा है वहीं, नदी भी प्राकृतिक सौंदर्य खोती नजर आ रही है, जिसे आज संरक्षण की बेहद आवश्यकता है। जिस प्रकार केंद्र सरकार पवित्र गंगा नदी को संरक्षण प्रदान कर रही है उसी तर्ज पर हिमाचल सरकार को रावी नदी के संरक्षण को लेकर भविष्य में कुछ कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

**-प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह सलारिया**
**समाज शास्त्री एवं रावी नदी संरक्षक**

## न्यूज ब्रीफ

### सनातन धर्म सभा का चुनाव तीन को

**चंबा।** सनातन धर्म सभा द्वारा रविवार को सभा अध्यक्ष सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान सुरेश कश्मीरी ने बताया कि लगातार छह महीनों तक जनसंपर्क अभियान के उपरांत अब सनातन धर्म सभा चंबा अपनी नई कार्यकारिणी के गठन के लिए तीन मार्च को अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधिवत चुनाव करवाने जा रही है। चंबा शहर के समस्त सनातनी भाइयों और बहनों से अनुरोध है कि इस मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर अपने सनातनी होने पर गर्भ महसूस करें। इसके अतिरिक्त चंबा के समस्त सामाजिक संगठन और बुद्धिजीवियों से भी हमारा विशेष अनुरोध और प्रार्थना है कि वे भी अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक सदस्य को इस चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वाहन करें। उन्होंने कहा कि चुनाव 11 बजे लक्ष्मी नाथ जी भगवान के मंदिर परिसर में संपन्न करवाए जाएंगे।

### विश्वनाथ के निधन पर जताया शोक



**डलहौजी।** खंड बनीखेत से संबंध रखने वाले अध्यापक एवं वर्तमान में प्राथमिक अध्यापक संघ के बनीखेत खंड प्रधान विश्वनाथ के अकस्मात निधन पर शोक जताया है। न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के राज्य प्रवक्ता ओम आजाद ने बताया कि भाई विश्वनाथ का खंड बनीखेत की तरफ से ओपीएस बहाली के संघर्ष में अटूट योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि बीआरसीसी के पद पर इतने व्यस्त रहते हुए भी वह ओपीएस बहाली के लिए हमेशा समय निकाला करते थे चाहे वह शिमला का ऐतिहासिक धरना-प्रदर्शन हो चाहे शिमला चलो रैली या अनुदान की बात हो। ओम आजाद ने अपनी समस्त एनपीएसईए टीम की तरफ से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी।

### जहां फंसे हैं वहीं मिलेगा परीक्षा केंद्र

**डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रशासन के ध्यान में आया है कि बहुत से परीक्षार्थी जो कि प्रदेश में जनजातीय क्षेत्र से संबंध रखते हैं किन्हीं कारणों से अपने गृह क्षेत्र में वापस नहीं आ पाए हैं, वहीं अपने आवंटित परीक्षा केंदों में परीक्षा देने में समस्या आ रही है। जिसके चलते बोर्ड द्वारा यह फैसला लिया गया है कि ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं तथा वह जिस भी स्थान पर फंसे हैं। उनकी परीक्षा देने का प्रबंध वहीं के नजदीकी परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के सचिव ने बताया कि ऐसे परीक्षार्थियों का विवरण यदि केंद्र समन्वयक अधीक्षक तथा उपअधीक्षक के संज्ञान में आता है तो वह बोर्ड कार्यालय में संपर्क कर ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा देने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं।

### अलग विधानसभा क्षेत्र की उठाई मांग

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली गैर जनजातीय पंचायतों में एक बार फिर से अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को जनमत जुटाने के लिए बाकायदा सोशल मीडिया पर एक ग्रुप भी बनाया गया है। गैर जनजातीय क्षेत्र संघर्ष समिति के नाम से बनाए गए इस ग्रुप में लोगों के विचारों को परखा जा रहा है। गैर जनजातीय क्षेत्र संघर्ष समिति का कहना है कि जिस तरह से हाटी समुदाय के लोगों को जनजातीय का दर्जा दिया गया है। ठीक उसी तर्ज पर विधानसभा क्षेत्र भरमौर की 24 पंचायतों के लोगों को भी एसटी का दर्जा दिया जाए। गौरततलब है कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली 24 पंचायतों को यहां पर जनजातीय का दर्जा नहीं दिया गया है, यही नहीं इन 24 पंचायतों के लोग विधानसभा क्षेत्र का चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। क्योंकि भरमौर विधानसभा की यह सीट अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए आरक्षित रखी गई है। लिहाजा अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं मिलने के कारण इन 24 पंचायतों के लोग कभी भी विधानसभा नहीं जा सकते हैं।जानकारों की माने तो इस क्षेत्र की संस्कृति रहन-सहन व भौगोलिक परिस्थितियां बिलकुल जनजातीय क्षेत्र भरमौर की तरह है बावजूद इसके इस क्षेत्र को ट्राइबल का दर्जा नहीं दिया गया है। अब इस क्षेत्र को अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू का बजट है सराहनीय : जितेंद्र मैहरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



प्रदेश की जनता ने भाजपा को सत्ता से बाहर करके कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर मुहर लगाते हुए कांग्रेस सरकार बनाई है। इस वर्ष मुख्यमंत्री ने अपना दूसरा बजट प्रस्तुत किया है जो की काफी सराहनीय है। यह बात मत्स्य रिस्क फंड कमेटी के गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा ने कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू एक कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक भी है। इसलिए प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए वे अपने मंत्रिमंडल व विधायकों के साथ रणनीति बनाकर अच्छे प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कार्यकर्ता उनको असफल मुख्यमंत्री बताकर अपनी राजनीति चमकाने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि चंबा में भी आए दिन सदर विधायक पर भी छिंटाकशी करके अपने आप को आम जनता का हितैषी बता रहे है। मुख्यमंत्री व सदर विधायक के विरुद्ध अशोभनीय भाषा का प्रयोग करके आम लोगों को गुमराह भी कर रहे है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सत्ता के विरुद्ध एक सशक्त विपक्ष होना अति आवश्यक है। विपक्ष द्वारा विधानसभा मे सरकार का विरोध करना भी आवश्यक है, लेकिन गलियों में हो हल्ला करके मर्यादा का उल्लंघन करना बिलकुल अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र की 10 गांरटिया चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित होंगी। कांग्रेस पार्टी की कथनी मे कोई अंतर नही।

# नाग देवता के मंदिर परिसर व ईको पार्क में की साफ-सफाई

## संत निरंकारी मिशन की डलहौजी शाखा ने बनीखेत में छेड़ा अभियान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

प्रोजेक्ट अमृत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' के तहत संत निरंकारी मिशन की डलहौजी शाखा ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार रविवार को ग्राम पंचायत बनीखेत प्रधान अनु राणा की अध्यक्षता में बनीखेत पदर में प्राकृतिक जल स्रोत, नाग देवता के मंदिर परिसर व ईको पार्क में साफ-सफाई की। इस अवसर पर संत निरंकारी डलहौजी ब्रांच शाखा प्रबंधक एचएस गुलरिया ने कहा कि रविवार को पूरे भारत वर्ष में निरंकारी मिशन द्वारा प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई की गई ।


बनीखेत में सफाई करते संत निरंकारी मिशन की डलहौजी शाखा के सदस्य।

इस के तहत डलहौजी ब्रांच के सेवादारों ने ग्राम पंचायत बनीखेत प्रधान अनु राणा के सहयोग से नाग देवता मंदिर के परिसर, ईको पार्क व प्राकृतिक जल स्रोत की सफाई करने की सेवा का अवसर मिला। प्रधान अनु राणा ने कहा कि संत निरंकारी मंडल डलहौजी की शाखा के सेवादारों द्वारा रविवार को बनीखेत में साफ-सफाई की गई। यह अत्यंत सराहनीय कार्य है। निरंकारी मिशन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर ब्रांच के सेवादल के शिक्षक महात्मा दीप जसवाल व सेवादल के सदस्य व संगत ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# लोकसभा चुनाव के लिए निविदाएं की आमंत्रित

**भरमौर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जनजातिय क्षेत्र भरमौर में प्रशासन द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस संदर्भ में अतिरिक्त उपायुक्त व सहायक निर्वाचक अधिकारी भरमौर नवीन तंवर ने जानकारी दी है। इन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए पोलिंग पार्टियों के ठहराव की व्यवस्था, खाने की व्यवस्था तथा लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्य की वीडियोग्राफी के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। अतिरिक्त उपायुक्त व सहायक निर्वाचक अधिकारी भरमौर नवीन तंवर ने बताया कि ये निविदाएं 12 से 14 मार्च को 11 बजे तक सहायक निर्वाचक अधिकारी कार्यालय भरमौर में पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01895-225201 पर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# चंबा अस्पताल में 'टॉर्टिकोलिस' का पहली बार सफल ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में चिकित्सकों ने पहली बार टॉर्टिकोलिस का सफल ऑपरेशन किया है। चंबा की ग्राम पंचायत भांदल के रहने वाले 12 वर्षीय बच्चे का प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा की अगुआई वाले चिकित्सीय दल ने यह सफलता हासिल की है। अब बच्चा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।


मेडिकल कॉलेज चंबा के प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा।

जानकारी के अनुसार यह 12 वर्षीय बच्चा जन्म से ही टॉर्टिकोलिस रोग से पीड़ित था। टॉर्टिकोलिस एक ऐसा रोग है जिसमें गर्दन की मांसपेशियों के कारण बच्चे का सिर मुड़ जाता है और एक तरफ ही झुका रहता है। यह आमतौर पर दर्द रहित रोग होता है। कुछ परिस्थितियों में यह काफी दर्दनाक भी होता है।

कुछ दिन पहले यह बच्चा अपने अभिभावकों के साथ मेडिकल कॉलेज चंबा की ओपीडी में पहुंचा था। जहां चिकित्सीय दल ने संपूर्ण परीक्षण करने के बाद उसका ऑपरेशन करने का निर्णय लिया था। लिहाजा चिकित्सकों ने पहली बार मेडिकल कॉलेज चंबा में इस तरह का सफल ऑपरेशन किया है।

मेडिकल कॉलेज चंबा के प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज चंबा में रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सक दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में उनके साथ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. वर्तिका शर्मा सहित एनेस्थीसिया विभाग के चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों और ओटीए ने अहम भूमिका निभाई है।

## प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष ने सीएम के खिलाफ खोला मोर्चा

# प्रदेश सरकार की गारंटियां भाषण तक सीमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

केंद्र सरकार द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में जो वादे देश की जनता के साथ करने सहित जो गारंटियां दी थी उन्हें पूर्ण कर दिया है। जबकि हिमाचल प्रदेश में सरकार द्वारा गत वर्ष घोषित की गारंटियां अभी भाषणों तक ही सीमित नजर आ रही हैं।



चंबा में पत्रकार वार्ता करते प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष अनिल ढकोग व अन्य पदाधिकारी।

यह बात प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष अनिल ढकोग ने चंबा में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जहां देश को हर परिस्थिति में मजबूत बनाने के लिए पीएम मोदी द्वारा गत वर्षों में कदम उठाए जा रहे है वह बेहद सराहनीय है। जिसके चलते देश की जनता ने उन्हें लगातार जहां दो बार देश का नेतृत्व सौंपा है। वहीं अब तीसरी बार भी देश की जनता पीएम नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले साल का जो बजट था वह बिलकुल खोखला साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जो बजट पेश किया है यह तो एक वोट बैंक की दृष्टि से तैयार किया है। सब लोग कह रहे हैं कि यह सुख की सरकार नहीं सूखे की सरकार है।

मुख्यमंत्री के प्रति लोगों में विश्वास नाम मात्र की चीज नहीं रही है। मुख्यमंत्री व कांग्रेस की खोखली घोषणाओं ने प्रदेश को आर्थिक कंगाली पर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा को विशेष रूप से अभियान दिया है कि हमारे अनुसूचित जनजाति बहुल जितने बूथ हैं पूरे प्रदेश में उसमें अनुसूचित जनजाति मोर्चा जो है वह जनसंपर्क का अभियान जो चलने वाला है, जिसको लेकर शुरूआत चंबा से हुई है। पार्टी ने यह विशेष अपेक्षा रखी है कि जितने भी हमारे जनजातीय गांव है, बूथ है वहां गांव में जाकर जनसूचित जनजाति मोर्चा जो है वह चौपाल लगाएगा। यह अभियान 10 मार्च तक चलने वाला है।

## कार्यक्रम | महाजनसंपर्क अभियान के दौरान अनिल ढकोग का कार्यकर्ताओं से आह्वान

# गांव-गांव तक पहुंचाएं केंद्र सरकार की नीतियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर की अध्यक्षता में महाजनसंपर्क अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष अनिल ढकोग ने शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंबा महाराज बडियाल व चंबा कृषि बैंक निदेशक देसराज शर्मा ने मौजूदगी दर्ज करवाई।


चंबा में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महाजनसंपर्क अभियान में मौजूद कार्यकर्ता।

इस अवसर पर अनिल ढकोग ने मोर्चा पदाधिकारियों व सदस्यों में लोस चुनाव के प्रति जोश भरते हुए कहा कि अब मोर्चा के हर पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता को चुनाव के लिए डट जाना है। उन्होंने कहा कि आगामी सौ दिनों तक पीएम मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर व गांव-गांव तक पहुंचाना है। वहीं समस्त मोर्चा पदाधिकारी आज से ही बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यो सदस्यों की सूचियां तैयार करने सहित पार्टी हित में कार्य करेंगे। जिसकी रोजाना समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट भेजेंगे। उन्होंने कहा कि चंबा जिला से अनुसूचित जनजाति मोर्चा महा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिस में हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संकल्प लें कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेगा। इससे पूर्व अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर व भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने मोर्चा व संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों व आगामी कार्यों की योजना के तहत विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मोर्चा जिला प्रभारी पुरुषोत्तम, प्रदेश मीडिया संयोजक ज्ञान सिंह जरयाल, नेक सिंह, जिला महामंत्री जग्गो राम, कमलेश, चंबा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र आईटी प्रभारी पूजा ठाकुर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला की समस्त कार्यकारणी, भरमौर, चंबा, भटियात, चुराह, डलहौजी मंडलों के अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने लाहौल स्नो फेस्टिवल का किया शुभारंभ

**कमलेश वर्मा, केलांग**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को केलांग में लाहौल स्नो फेस्टिवल का शुभारम्भ किया। दो माह तक चलने वाले इस पारम्परिक शीतकालीन त्यौहार के माध्यम से क्षेत्र की जीवंत, अनूठी, समृद्ध संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा।
बर्फबारी के बाद मनाए जाने वाला यह त्यौहार विभिन्न घाटियों के विविध स्थानीय रीति-रिवाजों को एक मंच पर लाता है।

**कहा, अपनी सभी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही सरकार**

इस त्यौहार में तीरंदाजी, बर्फ संबंधी खेल, पाक कला और बुनाई जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लाहौल स्नो फेस्टिवल क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस उत्सव के माध्यम से क्षेत्र में आने वाले हजारों पर्यटक लाहौल-स्पीति जिला की अनूठी संस्कृति, विरासत से रू-ब-रू होंगे और यहां के पारम्परिक पकवानों का लुत्फ उठाएंगे।

उन्होंने अपनत्व भरे आतिथ्य सत्कार और आने वाली पीढ़ियों तक सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता के लिए लाहौल-स्पीति के लोगों की सराहना की। आगामी वित्त वर्ष में पांच नए पर्यटन स्थल विकसित किए जाएंगे, जिसमें किन्नौर जिला के रकछम और नाको-चांगो-खाब और लाहौल-स्पीति के चंद्रताल, काजा और तांदी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने 'डिस्कवर लाहौल स्पीति मोबाइल एप्लिकेशन' भी लॉन्च किया। पर्यटकों की सुविधा और उन्हें यात्रा का बेहतर अनुभव प्रदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल का उद्देश्य पर्यटकों को जिला की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर से अवगत करवाना है।

एप्लिकेशन में अत्याधुनिक एआई इंटीग्रेशन की सुविधा है और इंटरैक्टिव चैटबॉट से पर्यटकों को जिले के रमणीय स्थलों, आवास की उपलब्धता की खोज में सुविधा मिलेगी। एप के माध्यम से पर्यटकों को जिले के सौन्दर्य से परिपूर्ण अनछुए गंतव्य स्थलों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

एप को क्यूआर कोड के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है, जिससे इस क्षेत्र की यात्रा करने वाले सभी लोगों को क्षेत्रों की आसान पहुंच उपलब्ध होगी।जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप क्षेत्र में भ्रमण के लिए पर्यटकों को आसानी से जानकारी उपलब्ध करवाएगी। (अनंत ज्ञान)


मुख्यमंत्री केलांग में स्नो फेस्टिवल का शुभारंभ करते हुए व साथ है अन्य लोग।


मुख्यमंत्री केलांग में स्नो फेस्टिवल के शुभारंभ मौके पर तीर अंदाजी करते हुए।

## 70.07 करोड़ की 11 परियोजनाओं की आधारशिला रखी



## लाहौल-स्पीति पुलिस के कमांड और कंट्रोल सेंटर का किया लोकार्पण

**लाहौल-स्पीति** जिले के एकदिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने 70.07 करोड़ रुपए की 11 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में 9.97 करोड़ रुपए की लागत से मुख्य सड़क रतिल, 4.58 करोड़ रुपए से मुख्य सड़क रूआलिंग थर्लिंग मेलिंग, 6.41 करोड़ रुपए से मुख्य सड़क मार्बल, 6.80 करोड़ रुपए से मुख्य सड़क चौखांग-नैनगाहर, 13.88 करोड़ रुपए से मुख्य सड़क विहाली-त्रिलोकनाथ-लोबर-उदयपुर, 10.41 करोड़ रुपए से मुख्य सड़क यांगरंग और 6.18 करोड़ रुपए से मुख्य सड़क शिति नाला-मेह बोग के उन्नयन का कार्य शामिल है।

उन्होंने 1.68 करोड़ रुपए की लागत की साइफन के माध्यम से एफआईएस बीलिंग के सुधार कार्य, ग्राम जिस्पा में 3.91 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली शीतकालीन जल आपूर्ति योजना और पांच करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले लाहौल हाट डालंग की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित जिला पुलिस लाहौल-स्पीति के कमांड और कंट्रोल सेंटर (अनिमेष-नेत्रम) का लोकार्पण किया। केंद्र ने जिले के अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के साथ-साथ सुमदो, शिंकुला और सरचू सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने सीसीटीवी कवरेज का विस्तार किया है, जिसे स्कॉच मेरिट ऑफ ऑर्डर पुरस्कार भी मिला है। इस परियोजना के तहत कुल 639 कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 182 पिछले वर्ष स्थापित किए गए थे।

# जयराम सरकार ने खाली कर दिया था खजाना : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार चरणबद्ध तरीके से अपनी सभी गारंटियों को पूरा कर रही है। रविवार को केलांग में स्नो फेस्टिवल के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि पूर्व जयराम सरकार ने उन्हें खाली खजाना दिया था। लेकिन इसके बावजूद पिछले एक वर्ष में वर्तमान सरकार ने इस व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रयास किए। सरकार ने पहले बजट में आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रखी क्योंकि कर्ज पर निर्भर नहीं रहा जा सकता और राजस्व में वृद्धि के उपाय तलाशे। सरकार का प्रयास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का है इसलिए अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देने के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना। अपनी गांरटी को पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के कई प्रतिबंध लगने के बावजूद पुरानी पेंशन को बहाल किया है, ताकि वह बुढ़ापा सम्मानपूर्वक गुजार सकें। वहीं, राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई पुरानी पेंशन स्कीम को वापस ले लिया है। वहीं, उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने इतिहास की सबसे बड़ी आपदा का सामना किया, जिसमें 525 लोगों की मौत हुई तथा 16000 घरों को नुकसान हुआ। केंद्र सरकार से कोई भी मदद न मिलने के बावजूद राज्य सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का पैकेज आपदा प्रभावितों को दिया है जिला लाहौल-स्पीति में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना शुरू करने के साथ-साथ प्रदेश में 1100 रुपये पेंशन प्राप्त करने वाली 2.37 लाख महिलाओं को भी एक फरवरी 2024 से 1500 रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस प्रकार प्रदेश की 2.42 लाख महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए की पेंशन प्राप्त होगी।


कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह महिला को चेक भेंट करते हुए।

### आज अपना वादा पूरा करने के लिए आया हूं

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहला हिमाचल दिवस स्पीति घाटी के काजा में मनाया था और वहां 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान करने की घोषणा की गई थी और 'आज मैं अपना वादा पूरा करने के लिए आया हूं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हम जो कहते हैं, वह पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि बजट 2024-25 में राज्य सरकार ने सभी वर्गों के लिए योजनाएं शुरू की हैं।

### जनजातीय क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति : रवि

**विधायक** रवि ठाकुर ने कहा कि 70 करोड़ रुपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जिलावासियों को लाहौल शरद उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि यह एक आपसी मेल-जोल तथा यहां की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने का मंच है। इसके साथ क्षेत्र का भी विकास होगा।

### राज्य सरकार विपरीत परिस्थितियों में भी कर रही बेहतर कार्य : प्रतिभा सिंह

**सांसद** प्रतिभा सिंह ने मुख्यमंत्री का लाहौल-स्पीति में स्वागत किया और विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए जिलावासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विपरीत परिस्थितियों में काम कर रही है और सभी वर्गों की मदद कर रही है। राज्य सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम को शुरू किया है तथा महिलाओं को 1500 रुपए प्रदान करने की पहल भी लाहौल-स्पीति से कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन पंचायतों में निर्विरोध चुने चार वार्ड सदस्य

**कुल्लू** । जिला कुल्लू की तीन पंचायतों में पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव में चार वार्ड सदस्यों को निर्विरोध चुना गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत कसोल के वार्ड नंबर पांच ठोजा से हरी देवी, वार्ड नंबर छह ग्राहण से मीनाक्षी वार्ड सदस्य निर्विरोध चुनी गई हैं।ग्राम पंचायत मौहल के वार्ड नंबर दो से अमित कुमार और निरमंड खंड की ग्राम पंचायत भालसी के खनोटा वार्ड में भी वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। रविवार को पंचायतों में उपचुनाव होना था। कुल्लू में पंचायत प्रतिनिधि निर्विरोध ही चुने गए। जिला पंचायत अधिकारी दया राम ने कहा कि तीन पंचायतों के चार वार्डों में वार्ड सदस्यों का चयन निर्विरोध हुआ है।

### चिट्टे के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के एक निजी होटल में फरीदकोट पंजाब के युवक को 17 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि युवक मनाली के एक होटल में ठहरा था और यहीं से चिट्टा बेचने का काम कर रहा था। आरोपी की पहचान हरप्रीत सिंह पुत्र मंजीत सिंह निवासी गांव व डाकखाना रोमाना अल्बेल सिंह तहसील जेटू जिला फरीदकोट पंजाब के तौर पर हुई।

### महाराष्ट्र के पर्यटक की नग्गर में मौत

**पतलीकूहल।** महाराष्ट्र से कुल्लू-मनाली में ट्रेकिंग करने आए एक पर्यटक की मौत हो गई है। पर्यटक महाराष्ट्र से अपने दोस्तों के साथ ट्रेकिंग करने यहां आया था। ट्रैकर पहले जहां अचानक पतलीकूहल में टेंट के भीतर बेहोश हो गया जहां वे ठहरे हुए थे और बाद में उसकी अचानक मौत हो गई। मृतक पर्यटक की पहचान किशोर यशवंत ताम्हणे पुत्र यशवंत महादेव ताम्हणे निवासी ठाणे महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

### टीम सहभागिता का स्थापना दिवस कल

**कुल्लू।** समाजसेवा सहित नशे के खिलाफ कार्य कर रही टीम सहभागिता की बैठक रविवार को परिसर सदर थाना कुल्लू में आयोजित हुई। बैठक में टीम सहभागिता के छठे स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर अलग अलग कमेटियां गठित की गई। बैठक में सदर थाना कुल्लू के एसएचओ निर्मल चंद ने विशेष रूप से शिरकत की तथा टीम के सदस्यों के कार्यों की सराहना की। टीम सहभागिता के प्रदेशाध्यक्ष बीजू ने बैठक में बताया कि संस्था की ओर से इस बार भी 27 फरवरी को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। इस छठे स्थापना दिवस के शुभारंभ मौके पर पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन मुख्यातिथि होंगे जबकि समारोह का समापन किंग ऑफ नाटी ठाकुर दास राठी, हिमाचली लोक गायक मुख्यतिथि के रूप में करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टीम सहभागिता के संस्थापक सदस्य तथा उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र डॉ लाल सिंह करेंगे।

**होटल एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन छह मार्च को**

## बजट पर होटल एसोसिएशन नाराज


मनाली होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

होटल एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन छह मार्च को मनाली के स्नो फ्लेक्स रिजोर्ट में होगा। अधिवेशन को लेकर आज होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित की। बैठक में पदाधिकारियों ने अधिवेशन को लेकर चर्चा की और अपने अपने विचार रखे। प्रदेश के बजट पर होटल एसोसिएशन ने नाराजगी जताई। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन छह मार्च को रखा गया है।

नई सरकार से नई उम्मीदें थी लेकिन इस सरकार ने भी पर्यटन कारोबारियों को निराश किया है। बैठक में अध्यक्ष मुकेश ठाकुर सहित महासचिव निहाल चंद ठाकुर, चीफ पैटर्न गजेंद्र ठाकुर, प्रेस सचिव मनु शर्मा, कोषाध्यक्ष गौरव ठाकुर, मान चंद सहित अन्य मौजूद रहे।

## धार्मिक व पर्यटन स्थल में सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के तहत रविवार को प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन मणिकर्ण में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के इस दूसरे चरण कार्यक्रम में तहसीलदार भुंतर आकांक्षा शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहीं।

इस मौके पर उन्होंने निरंकारी मिशन की ओर से आयोजित किए गए इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के लिए जहां उन्होंने सराहना की वहीं, उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल और स्वच्छ मन का होना जीवन में बहुत जरूरी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। मणिकर्ण पंचायत की प्रधान योवन लता ने कहा कि पिछले वर्ष भी संत निरंकारी मिशन ने मणिकर्ण में स्वच्छता अभियान चलाकर यहां साफ सफाई की थी। मिशन के साथ जुड़े अनुयायियों की ओर से रविवार को सुबह 8.00 बजे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत सफाई अभियान शुरू हुआ।

संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि यह परियोजना देशभर के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जाएगी।


सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए मिशन से जुड़े अनुयायी।

## पतलीकूहल में बना इंडोर पार्क

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

केकेके पावर प्रोजेक्ट सहित अन्य सज्जनों के सहयोग से पतलीकूहल अस्पताल में इंडोर पार्क का निर्माण किया गया है। इस पार्क के बन जाने से अब पतलीकूहल अस्पताल में इलाज को आने वाले मरीजों तथा उनके साथ आए तिमारदारों को इस पार्क में आराम से खाना खाने और बैठने की मिलेगी सुविधा मिलेगी।

पार्क के इर्द-गिर्द विभिन्न प्रकार के मूल्यवान पौधे रोपे गए हैं। पार्क में केके पार्क प्रोजेक्ट ने पचास हजार के बैंच दिए हैं, जबकि पार्क के विभिन्न कार्यों के लिए कांगड़ा बैंक गांधीनगर के मेनेजर सुभाष ठाकुर ने पांच हजार, अमित वर्मा ने पांच हजार, हंसराज भारद्वाज पांच हजार की सहायता की। इतना ही नहीं हिडिंबा बिल्डिंग के राकेश ने पार्क के लिए रेलिंग लगाई। डॉ. राशी सच्चर पार्क के लिए पौधे खरीदकर लगाए। रमेश ने पार्क के लिए अन्य कार्य किए।


पार्क के निर्माण में सहयोग देने वाले सभी लोग।

## सोझा गांव के नीचे न हो सुरंग का निर्माण, अन्य विकल्पों पर करें विचार

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 पर जलोड़ी टनल के निर्माण की दस्तावेजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। विभाग द्वारा सुझाए गए सर्वे में से टनल निर्माण का एक सर्वे सोझा गांव के ठीक नीचे से होकर गुजरने वाला है। जिस पर सभी ग्रामवासियों ने एकजुट होकर आपत्ति जताई है।

ग्रामवासियों का कहना है कि टनल निर्माण के 9 विकल्पों पर विभाग द्वारा अभी तक सर्वे किया गया है, जिनमें से एक सोझा गांव के ठीक नीचे से गुजरने वाला है। इस सर्वे को छोड़कर बाकी के आठ सर्वे पर विभाग को विचार करना चाहिए व अंतिम चयन करना चाहिए।

ग्रामीण बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी से मिले व मांगपत्र सौंपा। विधायक शौरी ने कहा है कि ग्रामीणों की आपत्ति सही है। विभाग व सरकार के समक्ष इस मांग को पुरज़ोर तरीक़े से उठाने का विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।


मांग को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण।

**कला संस्कृति**

**अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट में लगभग 70 चित्र किए जा रहे प्रदर्शित**

## 25 कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के नग्गर स्थित अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट में देश विदेश से यहां पहुंच रहे सैलानियों को पेंटिंग के माध्यम से विभिन्न देशों की कला संस्कृति के दर्शन हो रहे हैं।

रविवार को अरूप चन्द्र की क्यूरेटरशिप में 'सोसायटी फॉर प्रबल प्रमाणिक अकेडमी ऑफ आर्ट्स' द्वारा के श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, मॉरिशस, स्पेन और भारत के लगभग 25 विख्यात कलाकारों की कला प्रदर्शनी का आगाज हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, इंग्लैंड की प्रसिद्ध चित्रकार प्रो. कैरोल फ्रेजर और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्यातिथियों ने सभी कलाकार मेहमान कलाकारों का स्वागत करते हुए कलाकारों की कार्यक्षमता की सराहना की व भविष्य में भी ट्रस्ट के साथ सहयोग की कलाकारों से अपील की। इस प्रदर्शनी में लगभग 70 चित्र प्रदर्शित किए जा रहे हैं और प्रदर्शनी सोमवार तक प्रदर्शन में रहेगी।

सोसायटी फॉर प्रबल प्रमाणिक अकैडमी ऑफ आर्ट्स के प्रधान अरूप चन्द्र ने विभिन्न देशों के कलाकारों को रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी अपनी कला दिखाने का मौका दिया है। वहीं, मुख्यातिथियों ने कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा कि एक कलाकार समाज में अपनी कला के माध्यम से एक महत्वपूर्ण योगदान अदा करता है। (अनंत ज्ञान)


कला प्रदर्शनी में विभिन्न देशों के कलाकारों के साथ मुख्यातिथि व गणमान्य लोग।

### अरूप चंद्र लाते हैं कलाकारों के ग्रुप

**गौर** रहे कि अरूप चन्द्र हर वर्ष बहुत से देशों से नए नए कलाकारों का ग्रुप लेकर रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाते हैं। विभिन्न देशों से आए कलाकारों ने अपने-अपने देश की कला संस्कृति को चित्रों के माध्यम से दिखाया है। अधिकतर चित्रकारों ने बौद्ध धर्म के ऊपर चित्र बनाए हैं। नेपाली कलाकार ने बौद्ध स्तूप का बहुत ही मनमोहक चित्र बनाया है।

### ये कलाकार ले रहे भाग

**नेपाल** से प्रदर्शनी में अच्युत महर्जन, कविता, श्रीलंका से चित्रकार वेलॉथम जलांगिशरवन, जेयावैंथनपिरथा कस्मन, सोमा शेखरम कासविथा, के मैथिस कुमार, ईएम महेश, अरूण पलूर, सुरेश्वर ढाला, अजीज वर्मा, भारत के पश्चिम बंगाल से दीपाली कामकर, पंजाब से किरणदीप सोहल, शम्मी चौधरी, सरविन्दरजीत सिंह और अतनु दास, जेम्मा निकोलाउ, किशोर नाकर्मी, चतुर्निमा एकनायक, नफीसा अनन्या आदि कलाकार भाग ले रहे हैं।

**माइनस 21 डिग्री में जोश**



### एसपी कुल्लू ने टीम के साथ अटल टनल के पास लगाए पुशअप्स

**कुल्लू।** पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचन्द्रन अटल टनल के प्रवेशद्वार में अपनी टीम के साथ। इस दौरान उनके साथ डीएसपी मनाली केडी शर्मा भी मौजूद रहे। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचन्द्रन विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल टनल रोहतांग में माइनस 21 डिग्री तापमान में पुश अप करते हुए।

# राजेंद्र राणा के बागी तेवर, भाजपा में जाने के दिए संकेत

## बोले-मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं, जनता की आवाज पर उठाऊंगा अगला कदम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार के खिलाफ बागी तेवर अपना लिए हैं। उन्होंने भाजपा में जाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर सुजानपुर की जनता चाहेगी तो वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जनता की आवाज पर ही वह भविष्य में अपना कदम उठाएंगे। राणा ने पटलांदर में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि वह जो भी कदम उठाएंगे जनता के हित में उठाएंगे, जो भी फैसला लिया जाएगा जनता के मान-सम्मान को रखकर लिया जाएगा। मान-सम्मान के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।



अपने निवास स्थान पर लोगों को संबोधित करते सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा।

राजेंद्र राणा ने अपने निवास स्थान में इससे पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार को कार्य करते सवा साल हो गया है और उनका नाम मंत्री बनने की लिस्ट से काटा गया। अब सुजानपुर की जनता के मान-सम्मान का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर के लिए बीते साल पांच मार्च को होली मेले के दौरान कई घोषणाएं मुख्यमंत्री द्वारा की गई थीं, लेकिन उनमें से दो ही पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वह सरकार में हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि वह अपनी आवाज बुलंद नहीं करेंगे।

### सुजानपुर की जनता जूठा खाने के लिए नहीं है

**उन्होंने** सैकड़ों कार्यकर्ताओं के सामने कहा कि उन्हें अब मंत्री बनाए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन सुजानपुर की जनता जूठा खाने के लिए नहीं है। अब मंत्री बनने का प्रश्न ही नहीं है। दो तीन बार मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। एमएलए बनकर भी बहुत कुछ किया जा सकता है। गरीब आदमी दो या तीन वक्त की रोटी की जगह एक वक्त की रोटी खा सकता है, लेकिन जब मान-सम्मान की बात आती है तो उससे समझौता नहीं करता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्री बनने का लालच नहीं है। वो लोगों के काम करवा कर खुश हैं। बात मान-सम्मान की है। उन्होंने कहा कि जो गाड़ियां मंत्रियों को अब मिल रही हैं वह राजेंद्र राणा के पास 2011 से हैं और जो घर मंत्रियों को मिलते हैं उससे 10 गुना बड़े घर राजेंद्र राणा के पास 20 साल पहले से हैं।

# विधायक राणा पर भड़के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कहा, स्वार्थ की राजनीति करते हैं, सरकार को कहते हैं भला-बुरा

सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा स्वार्थ की राजनीति करते हैं। वह उस सरकार को भला बुरा कह रहे हैं, जिसने सुजानपर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक वर्ष के कार्यकाल में ही काफी कुछ करके दिखा दिया है। यह बात सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कही है।

उन्होंने कहा कि रविवार को विधायक ने अपने निवास स्थान पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था। यह कार्यक्रम पूरी तरह प्रायोजित था। प्रदेश सरकार ने सुजानपुर क्षेत्र के लिए जो भी घोषणा की थी, वह आज धरातल पर हैं। कैबिनेट में उन योजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है।

यह बात उनसे सहन नहीं हो रही है। आज आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने अपने लोगों से अपना गुणगान करवाया और सरकार को भला बुरा कहा।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा जनता के साथ अन्याय होने की दुहाई दे रहे हैं, लेकिन सच्चाई तो यह है कि अन्याय तो स्वयं विधायक जनता के साथ कर रहे हैं। सुजानपुर की जनता ने उन्हें वोट इसलिए डाले थे कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने। मगर अब उन्हें मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला है। आज धाम के नाम पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बुलाकर जो ड्रामा रचा गया वह पूर्व निर्धारित था।

## न्यूज ब्रीफ

### रंगस में आज से सुचारु होगी पेयजल आपूर्ति

**रंगस।** कुनाह खड्ड में पानी के प्रदूषित होने के चलते बंद पड़ी पेयजल योजना से रंगस गांव को आज पेयजल आपूर्ति हो सकती है, क्योंकि जलशक्ति विभाग द्वारा भेजे के पानी के सैंपल की रिपोर्ट सही आई है, जिस पर विभाग सहित लोगों ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि जोलसप्पड़ पंचायत की पेयजल आपूर्ति को भी विभाग ने एतिहात बरतते हुए बंद कर दिया था, जिसे रविवार को चालू कर दिया गया है। पानी के सैंपल्स की रिपोर्ट्स ठीक आने बारे कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। वहां से आदेश आने के बाद ही बंद पड़ी रंगस पंचायत की पेयजल आपूर्ति को शुरू किया जाएगा। उधर, जलशक्ति विभाग के एसडीओ अमित चौधरी ने बताया कि विभाग ने पानी के तीन सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे थे, जिनकी रिपोर्ट सही पाई गई है। सोमवार से लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति सुचारु हो जाएगी।

### राजेंद्र बने पॉलीटेक्निक वर्कशॉप स्टाफ एसो. के अध्यक्ष

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक वर्कशॉप स्टाफ एसोसिएशन के चुनावों में राजेंद्र जसरोटिया को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रानू राम, राज्य सलाहकार सोमनाथ जगोता और स्वरूप चंद कौंडल की अध्यक्षता में हुए चुनावों में अजय शर्मा और ज्ञान चंद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नेक राम और सरमिष्टा कपूर उपाध्यक्ष, राज कुमार सहसचिव, अमित शर्मा संयुक्त सचिव, विनोद कुमार प्रवक्ता, अनीश कुमार कोषाध्यक्ष, ओंकार सिंह प्रेस सचिव और महिंद्र सिंह संयुक्त सचिव, रमेश भारती प्रेस सचिव और श्याम सिंह ठाकुर को मुख्य सलाहकार चुना गया।

### बैडमिंटन में शशि भारद्वाज और परवीन बने विजेता

**भरेड़ी।** एसवीएन बीएड डिग्री कॉलेज तरक्वाड़ी में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजन करवाया गया, जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मैच शशि भारद्वाज और परवीन संख्यान व अक्षय और पार्टनर के मध्य खेला गया। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता टीम शशि और परवीन की जोड़ी रही। विजेता टीम को प्रधानचार्य कुलदीप चंदेल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### गूगा लहड़ा मंदिर में हर रविवार को होगा भंडारा

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला के गूगा लहड़ा मंदिर में अब व्यवस्थाओं को बदल गया है। मंदिर विकास कमेटी के प्रधान राकेश कुमार का कहना है कि अब हर रविवार को भंडारा आयोजित किया जाया करेगा। पहले यह ज्येष्ठ रविवार को ही आयोजित होता था। ऐसा श्रद्धालुओं की उम्मीदों पर खराब उतने के लिए किया जा रहा है। उनके लंबे समय से मांग थी कि हर रविवार को ही भंडारे का भी आयोजन किया जाता रहे। उनका कहना है कि कमेटी के संदीप कुमार और सुरेश कुमार भी यहां इसके विकास में खूब सहयोग दे रहे हैं।

### कुश्ती दंगल का कल होगा आयोजन

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर का ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का आयोजन मंगलवार 27 फरवरी को होगा। इस दंगल में पंजाब, हरियाणा के साथ ही कई अन्य राज्यों के नामी पहलवान भाग लेंगे। यह दंगल लखदाता कुश्ती दंगल कमेटी द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी अध्यक्ष विधि चंद शर्मा ने दी।

### उपचुनाव में पवन ने एक वोट से मारी बाजी

**जाहू।** मुंडखर पंचायत के वार्ड नंबर पांच के वार्ड सदस्य के उपचुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिली। वार्ड सदस्य के चुनाव के लिए दो उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिसमें पवन कुमार विजेता रहे। चुनाव पोलिंग अधिकारी अशोक कुमार का आज्ञा राम ने बताया मुड़कर पंचायत के वार्ड नंबर पांच में वार्ड सदस्य के उपचुनाव के रूप में कुल 135 वोट पोल हुए, जिसमें पवन कुमार को 67 धनीराम को 66 वोट प्राप्त हुए, जबकि दो वोट रद्द पाए गए।

### मेले में लोगों ने जमकर की खरीददारी

**बिझड़ी।** ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित खेल सांस्कृतिक एवं व्यापारिक मेले का आज समापन हो गया। 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चले इस मेले में लोगों ने जमकर खरीददारी की। खेल गतिविधियों में बैडमिंटन, कुश्ती, वॉलीबॉल तथा कबड्डी का आयोजन किया गया। संस्कृत कार्यक्रमों में इशांत भारद्वाज जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों के लिए भूत बंगला तथा झूले आकर्षण का केंद्र रहे। व्यापारिक गतिविधियों में स्थानीय व्यापारियों सहित नामी कंपनियों ने भी भाग लिया। कुश्ती में अंडर-19 खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

### निखिल व पूजा बने मिस्टर एंड मिस फेयरवेल

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत ईस्ट प्वॉइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान में कक्षा 11वीं के द्वारा कक्षा 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के दौरान डांस, ड्रामा, गाना, खेल गतिविधियां करवाई गई, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें मिस्टर व मिस फेयरवेल निखिल वर्मा व पूजा कुमारी चयनित हुए तथा मिस्टर व मिस पर्सनेल्टी लक्की कुमार व संजना कुमारी को चुना गया। इस समारोह के दौरान प्रबंधक संजय वर्मा, अनिता वर्मा, रमन वर्मा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# जाहू में फिर बुलंद होने लगी हवाई अड्डा बनाने की आवाज

**एसके शर्मा, जाहू**

बल्ह में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विरोध होने के बाद जाहू क्षेत्र में इस अड्डे का निर्माण करवाने के लिए सरकाघाट, हमीरपुर और बिलासपुर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों व अन्य संगठनों एवं कई समाजसेवी संस्थाओं ने एकजुट होना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध लड़ चुके पूर्व सैनिक भी इस हवाई अड्डे का निर्माण जाहू में ही करवाने की सिफारिश कर रहे हैं और इसके लिए कई तर्क भी जुटा रहे हैं।

पूर्व सैनिकों का कहना है कि बल्ह की अपेक्षा बड़े जहाजों और लड़ाकू विमानों की बाधा रहित उड़ान के लिए जाहू सबसे अधिक उपयुक्त स्थान है। एक तो यहां पर धुंध कम होती है, वहीं इस क्षेत्र से किसी तरह की बाधा नहीं, जबकि बल्ह और सुंदरनगर में धुंध के साथ ही पहाड़ियों का अधिक होना बेहतर उड़ानों के लिए ठीक नहीं। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, सूबेदार दूनी चंद आदि का दावा है कि हवाई अड्डे के लिए जाहू सबसे बेहतर है। सरकाघाट और साथ लगते क्षेत्रों के किसानों ने भी इस अड्डे को जाहू सरकाघाट में बनाने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। किसानों और लोगों द्वारा हस्ताक्षर करवाकर प्रधानमंत्री को इसके बारे में अवगत करवाया है।

**हस्ताक्षर करवाकर पीएम को इसके बारे में करवाया है अवगत**

इस बारे में सरकाघाट क्षेत्र के समाजसेवियों का कहना है कि हवाई अड्डा जाहू में बने, इसके लिए वह न सिर्फ सरकाघाट, बल्कि आने वाले दिनों में आसपास के सभी क्षेत्रों और जिलों के लोगों को संगठित करेंगे। समाजसेवी शशि शर्मा ने कहा कि वह पहले से ही इसके लिए मुहिम चलाए हुए हैं कि इस अड्डे का निर्माण जाहू में ही होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# प्राथमिक पाठशाला जोल का भवन खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

प्रारंभिक शिक्षा खंड के अधीन आने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोल को तीन कमरों वाला स्लेटनूमा भवन बेहद खस्ताहल स्थिति में पहुंच गया है। भवन की छत पर डाली गई लकड़ी सड़ चुकी है। इससे बारिश का पानी भी अंदर पड़ने लगा जाता है और बच्चो एक कमरे बैठना पड़ता है। इससे बच्चे असुरक्षित भवन में बैठने का मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार कई साल पहले तीन कमरों वाला स्लेटनूमा भवन बच्चों को बैठने के लिए बनाया गया था। लंबे समय से भवन की

मरम्मत न होने की बजह से भवन खस्ताहल की स्थिति में पहुंच गया है। भवन की छत में डाली बांस की लकड़ी पूरी तरह से सड़ चुकी है। इससे भवन पर डाले गए स्लेट टूट कर नीचे गिर गए हैं। इसके अलावा भवन की दीवारें में खराब हो चुकी है। स्कूल में नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक करीब 38 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों को पढ़ाने एक मुख्य शिक्षक व एक जेबीटी अध्यापिका है। खस्ताहल भवन की बजह से स्कूल प्रशासन को बच्चों को



खस्ताहाल जोल प्राथमिक पाठशाला का भवन।

बैठाने की दिक्कत हो रही है। भवन के खस्ताहल भवन के बारे में विभागीय उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

ग्राम सुधार सभा जोल के प्रधान कुलदीप चन्द भारद्वाज, उपप्रधान डीप चांद, धमरोल पंचायत उपप्रधान विजय कुमार, पंचायत प्रतिनिधि मेहर चंद, प्रकाशो देवी, स्कूल प्रबंधन समिति रसीमा देवी, योगराज, धर्म सिंह व अन्य ने भोरंज विधायक सुरेश कुमार, उप-शिक्षा निदेशक अशोक कुमार से मांग की है कि स्कूल के भवन को प्राथमिकता के आधार पर डिस्मेंटल किया जाए तथा नए भवन का निर्माण किया जाए।

### बजट में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति का रखा ख्याल

**हमीरपुर।** हमीरपुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने ग्राम पंचायत नेरी के घनोटला व ग्राम पंचायत जंगल रोपा के बकारटी गांव का का दौरा किया और वहां गांव वासियों से रू-ब-रू हुए। इस मौके पर पहुंचते ही गांव वासियों ने गर्म जोशी के साथ डॉक्टर वर्मा का स्वागत किया। उसके बाद गांववासियों की समस्याओं को साझा किया। डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी इन छोटी-छोटी समस्याओं का तुरंत निवारण किया जाएगा। इस अवसर पर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने आत्मनिर्भर बजट में प्रत्येक व्यक्ति का ख्याल रखा है। इस अवसर पर उनके साथ कैप्टन बलदेव शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा, अशोक कुमार, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### चोरी की घटनाओं पर डीजीपी कुंडू ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**नादौन।** हाल ही में नादौन क्षेत्र में हुई तीन चोरियों को लेकर डीजीपी संजय कुंडू ने जिला के पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं तथा पीड़ित परिवारों को हरसंभव कदम उठाने तथा चोरी के आरोपियों को शीघ्र ही पकड़ कर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। डीजीपी ने इन मामलों को लेकर हमीरपुर के एसपी पदम चंद से भी बात की और उन्हें कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने इन वारदातों के सरगना की गिरफ्तारी तक डीएसपी स्तर के अधिकारी को नादौन में ही तैनात रखने के आदेश भी दिए हैं। उधर, एसपी पदम चंद ने बताया कि नादौन क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी की वारदातों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें गहनता से जांच कर रही है। पुलिस शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ने में कामयाब होगी।

### देई के नौण पंचायत भवन का राणा ने किया शिलान्यास

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने ग्राम पंचायत देई के नौण में करीब 1.15 करोड़ की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सामुदायिक पंचायत भवन में क्षेत्र की जनता को एक छत के तले ही विभिन्न सरकारी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टीबाजी से ऊपर उठकर विकास कार्यों को परवान चढ़ाया जा रहा है, तभी क्षेत्र में खुशहाली आएगी। इसके बाद राणा ने करीब 30 लाख रुपए से निर्मित रीढ़ू-पद्दर संपर्क सड़क का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में प्रधान सपना राणा, प्रकाश, कैप्टन प्रकाश चंद, अमन जसवाल आदि उपस्थित रहे।

### लखनपाल ने बलयाह में कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**बिझड़ी।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलियाह में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए लखनपाल ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को कई बुराइयों से दूर रखती हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं। इससे प्रदेश में खेलों के लिए एक बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा। इस अवसर पर विधायक ने आयोजन समिति को 5000 रुपए देने की घोषणा भी की।इससे पहले आयोजन समिति के पदाधिकारियों निखिल शर्मा, आदित्य शर्मा, रोहित शर्मा और अन्य लोगों ने विधायक का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रतियोगिता का पहला मैच रुद्र क्लब ऊना और बाबा बालक नाथ क्लब की टीम के बीच खेला गया।

### आज पंचायत भवन का शिलान्यास करेंगे विधायक लखनपाल

**बिझड़ी।** हाल ही में क्यारा बाग से अलग होकर कोहडरा नई पंचायत बनी थी, तब से क्यारा बाग पंचायत के भवन में ही कोहडरा पंचायत का कार्य चल हुआ है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल सोमवार को कोडरा पंचायत भवन का शिलान्यास करेंगे।

# कांग्रेस कर रही हमारे क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार : नवीन

**हमीरपुर।** जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है, तब से हमारे क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ब्राहलड़ी के अटल आदर्श स्कूल के काम के लिए भाजपा सरकार ने 5 करोड़ की राशि जारी की थी, परंतु कांग्रेस सरकार ने पिछले 14 महीनों से एक ईंट भी न लगा पाई है और यह हमीरपुर विधानसभा के वोटरों को बहुत बड़ा धोखा कांग्रेस सरकार दे रही है। यह बात हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नवीन शर्मा ने नवीन जनचेतना यात्रा के दौरान संबोधित करते हुए कही। शर्मा का कहना है कि क्षेत्र की जनता ने अपनी मांगों को सोई हुई सरकार के समक्ष रखने के लिए जनचेतना यात्रा शुरू की है, जो दूसरे दिन गलोट से चल कर नारा, ब्राहलड़ी, टिक्कर, नाल्टी पहुंची और लोगों का आक्रोश कांग्रेस की सरकार के प्रति साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जनता हिसाब मांगने के लिए सड़कों पर उतर गई है, परंतु सोई हुई सरकार के कान और आंखे बंद हैं, लगता है यह सरकार अंधी के साथ बहरी भी हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा क्षेत्र की जनता से भेदभाव नहीं होने देगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, बीडीसी चेयरमैन हरीश शर्मा, प्रधान अनिल शर्मा, बिमला देवी, युवा मोर्चा महामंत्री अजय शुक्ला, अभिषेक ठाकुर, सुमित गर्ग, अजय व विपिन आदि मौजूद थे।

**सोई सरकार को जगाने के लिए शुरू की जनचेतना यात्रा**

## 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

# निरंकारी मिशन जन कल्याण कार्यों में निभा रहा अहम भूमिका





नादौन में 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान के तहत ब्यास नदी के किनारे सफाई करते तथा (दाएं) सुजानपुर के वार्ड नंबर दो में सफाई के दौरान निरंकारी।

**अनंत ज्ञान, नादौन/हमीरपुर/सुजानपुर**

संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को प्रोजेक्ट अमृत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान के अंतर्गत नादौन में ब्यास नदी के तट से सफाई अभियान शुरू किया। इस स्वच्छता अभियान में संत निरंकारी मिशन ब्रांच तरेटी, काही दी बाहल तथा बदारण के लगभग 300 भाई-बहनों एवं सेवा दल के स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान के दौरान ब्यास नदी के तट तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई।

तरेटी ब्रांच के संयोजक जसवंत सिंह बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण हेतु अपनाए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना तथा जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' के



हमीरपुर: संत निरंकारी मिशन के सदस्य स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते हुए।

आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए इनके पावन मार्ग-दर्शन 1500 स्थानों के 900 शहरों में विशाल रूप में जल संरक्षण और जल निकायों जैसे समुद्र तट, नदियों, झीलों, तालाब, कुएं आदि को स्वच्छ एवं निर्मल बनाएंगे।

वहीं, इसी के तहत संत निरंकारी मिशन ब्रांच हमीरपुर द्वारा रविवार को 'अमृत परियोजना' के तहत सुबह 7.30 बजे एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई और फिर सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक हथली खड्ड में उठाऊ पेयजल स्रोतों तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। यह बात स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए नरेंद्र अत्री ने संबोधित करते हुए कही।

उधर, निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज जी के जन्म दिवस के अवसर पर निरंकारी सभा सुजानपुर ब्रांच द्वारा सुजानपुर के वार्ड नंबर दो में सफाई अभियान चलाया गया। ब्रांच संयोजक अमित महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रोजेक्ट 'अमृत जल स्वच्छ मन' के तहत सुजानपुर स्थित वार्ड नंबर दो में नौण की सफाई की।

# डिपुओं में सर्वर डाउन, उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश भर में पीडीएस डिपुओं में लगाई गई मशीनों में आए दिन सरवर की समस्या के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्हें राशन लेने के लिए कई बार पूरा-पूरा दिन लग जा रहा है, तो कई बार तो दूसरे दिन दोबारा आना पड़ रहा है। सरकारी राशन डिपुओं से उन्हें राशन लेना अब समस्या बनती जा रही है। लोगों ने खाद्य आपूर्ति विभाग और प्रदेश सरकार से अन्य विकल्पों से भी राशन वितरित करने के आदेश जारी करने की मांग की है। गत वर्ष जुलाई माह से लगातार हर माह के अंतिम सप्ताह में डिपुओं पर लगी मशीनों का सर्वर डाउन हो जाता है। सर्वर डाउन होने की वजह से मशीनों में न तो उपभोक्ताओं की अंगुलियों के निशान नहीं लगते हैं और न ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी जाता है। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पाता है। फरवरी माह में भी करीब गत पांच दिनों से राशन डिपुओं का सर्वर डाउन चल रहा है, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया है।

**घंटों खड़े रहने के बाद मिल रहा राशन : अशोक**

**अन्य विकल्पों से भी राशन वितरित करे सरकार**



### क्या कहते हैं डिपो संचालक

**हिमाचल** डिपो संचालक समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कवि सहित अन्यों डिपो संचालकों का कहना है कि जब भी अधिकारियों को समस्या बारे कॉल की जाती है तो या तो अधिकारियों के मोबाइल स्विच ऑफ आते हैं और यदि किसी अधिकारी से बात भी होती है, तो उनकी और से हमेशा एक ही जवाब आता है कि हमने उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी है। सबसे अधिक समस्या छुट्टी वाले दिन आती है, हालांकि खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग मुख्यमंत्री के पास है, लेकिन फिर भी विभागीय अधिकारियों को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। जब भी कोई सरकारी अवकाश होता है, उस दिन डिपोधारकों को भी अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने सरकार व विभाग को चेताया कि चुनावों से पूर्व डिपोधारकों के साथ किए गए वायदे को शीघ्र पूरा किया जाए अन्यथा प्रदेश भर के डिपोधारक अपने अपने डिपुओं पर ताले लगाने को मजबूर होंगे।

**कवायद** | बिजली बोर्ड लेगा सोलर प्लांट से प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली

# बंजर भूमि पर लगाए जाएंगे सोलर प्लांट, बिजली होगी प्रोड्यूस

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला में 200 कनाल बंजर भूमि पर सोलर प्लांट लगाकर युवा अपना रोजगार शुरू करने जा रहे हैं, जिसके 12 सोलर प्लांट लगाने की मंजूरी मिल गई है। सोलर प्लांट स्थापित होने के बाद सोलर प्लांट लगाने वाले को आमदनी का एक स्थायी स्रोत बन जाएगा। यही नहीं आने वाले दिनों में सरकारी कार्यालयों में भी सोलर प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे बिजली की खपत को कम किया जा सके।

जिला में सोलर पैनल लगाने के लिए 12 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसे अनुमति मिल गई है, वहीं इनमें से कुछ जगहों पर सोलर पैनल लगाने का कार्य शुरू भी हो गया है। 200 कनाल भूमि पर लगने वाले ये प्रोजेक्ट 500 किलोवाट, 250 किलोवाट के हैं, जिनकी कुल 8.8 मेगावाट कैपेस्टी होगी। धीरे-धीरे अन्य जगहों पर मंजूरी मिलने के बाद अब लाभार्थी चयनित भूमि पर सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं।



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

सोलर प्लांट से तैयार होने वाली बिजली सीधे बिजली बोर्ड पर्याप्त यूनिट के हिसाब से लाभार्थी को लाभ प्रदान करती है, इसके लिए लाभार्थी को बिजली बोर्ड के समन्वय स्थापित करना होगा। सोलर प्लांट से जनरेट होने वाली बिजली एवरेज के प्रति यूनिट एक रुपए प्रदान की जाएगी जिसका बिजली बोर्ड सालाना राशि का भुगतान करता है।

गौर रहे कि सोलर प्लांट लगाने वाली फर्म के मीटर को बिजली बोर्ड अपनी लैब में टेस्ट करेगा, वहीं एमएनटी लैब में टेस्टिंग के बाद तय होगा कि फर्म की ओर से सोलर प्लांट में लगाया गया मीटर सही है या नहीं इस मीटर की रीडिंग ही जनरेट होने वाली बिजली की यूनिट की संख्या तय करती है। मीटर में दर्शायी जाने वाली यूनिट को आधार मानकर ही बिजली बोर्ड राशि का भुगतान करेगा। सोलर प्लांट की बिजली सीधे बिजली बोर्ड से ग्रेड की जाती है और वहां से उपभोक्ताओं को मिल जाती है। सोलर प्लांट स्थापित करने पर लाखों का खर्चा आता है। हालांकि बाद में होने वाले मुनाफे से खर्च की भरपाई होने के साथ ही लाभ भी अर्जित होता है ऐसे में सोलर प्लांट को आमदन के जरिए के रूप में देखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

> विभाग की ओर से अनुमति प्रदान कर दी गई है जिसमें जिला में 12 सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे 500 किलोवाट से लेकर एक मेगावाट तक सोलर प्लांट लगाने की अनुमति लोगों ने ली है सोलर प्लांट के माध्यम से बिजली की बचत कर लाभ अर्जित किया जा सकता है।
>
> -अरुण भारद्वाज, हिम ऊर्जा विभाग

### गोविंद सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से की मांग, 12 महीने गोविंद सागर झील में रोजगार के मिलेंगे अवसर

# पर्यटकों के लिए व्यावसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां करने के लिए जगह की जाए नोटिफाईड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोविंद सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर एवं संस्थापक सदस्य निर्मला राजपूत एवं भाखड़ा डैम एडवेंचर वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान प्रभात कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पर्यटन विभाग के निदेशक मानसी सहाय ठाकुर, अटल बिहारी पर्वतारोहण खेल संबंधित संस्थान मनाली के निदेशक अविनाश नेगी, उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक मनोज कुमार से मांग की है कि भाखड़ा डैम से मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल तक पर्यटकों के लिए व्यावसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां करने के लिए जगह नोटिफाईड कि जाए, ताकि पर्यटन विभाग के अंतर्गत जिले के युवाओं को 12 महीने गोविंद सागर झील में रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सके क्योंकि बिलासपुर में गोविंद सागर झील का जलस्तर बनने पर बोट को दलदल व जमीन में रखना पड़ता है, जिससे बोट खराब हो रहे हैं और लाखों रुपए का नुकसान भी युवाओं का हो रहा है।



#### छह महीने ही झील में रहता पानी

**गोविंद** सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर एवं संस्थापक सदस्य निर्मला राजपूत , हेमराज ठाकुर, सुनंदा सुद, अन्वेष शर्मा, जसजीत वालिया, महेंद्र ठाकुर एवं भाखड़ा डैम एडवेंचर वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान प्रभात कुमरी अगर भाखड़ा डैम तक जगह को पर्यटकों के लिए विभाग द्वारा नोटिफाई किया जाता है, तो जिला बिलासपुर की गोबिंद सागर झील में 12 महीने जल क्रीड़ा गतिविधियां करवाई जा सकती हैं अन्यथा क्रूज इत्यादि का सपना देखना निराधार होगा क्योंकि छह महीने ही बिलासपुर झील में पानी रहता है, उसके बाद क्रूज को कहां रखा जाएगा, इसके बारे में विभाग एवं जिला प्रशासन को भी सोचना होगा।

#### स्पीड बोट, पेडलबोट के कर चुके सफल ट्रायल

गोविंद सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पर्यटकों के लिए स्पीड बोट, पेडलबोट, शिकार इत्यादि के सफल ट्रायल पिछले वर्ष कर चुके हैं, जिससे कि बिलासपुर विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभर कर सामने आया और अब समय आ गया है कि सैकड़ों बेरोजगार पर्यटन विभाग से टूयर ऑपरेटर बनाकर अपने रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं, जिससे कि बिलासपुर के युवाओं को स्टार्टअप मिलेगा। बिलासपुर की गोविंद सागर झील को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने एवं वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए गोविंद सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से हमेशा कटिबद्ध रहती है।

# बाड़ी व पनौल को मिलेंगे पंचायत घर राजेश धर्माणी ने किया शिलान्यास

## तकनीकी शिक्षा मंत्री बोले- इस बार प्रदेश सरकार का बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती करने वाला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिमाचल सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को केंद्र बिंदु रख इस वर्ष का बजट पेश किया है।

यह बात तकनीकी शिक्षा तथा औद्योगिक प्रशिक्षण व व्यावसायिक शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को 2 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत निर्मित होने वाले पंचायत बाड़ी मझेड़वां व पंचायत पनौल के पंचायत घरों का विधिवत पूजन कर शिलान्यास करने के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किया गया दूसरा बजट प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर फोकस है। बजट में मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने व स्वरोजगार के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना की घोषणा की है। पहले चरण में प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को जहर मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना से जुड़ने वाले व यूरिया और अन्य खाद के स्थान पर गोबर का प्रयोग करने वालों से प्रति परिवार 20 क्विंटल अनाज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। प्राकृतिक रूप से उगाई गेहूं व मक्की के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित, गेहूं 40 रुपए व मक्की 30 रुपए प्रति किलोग्राम के एमएसपी पर खरीदा जाएगा। 15 हजार एकड़ भूमि को वेब पोर्टल के माध्यम से प्राकृतिक खेती के रूप में सर्टिफाई किया जाएगा, इसके लिए 10 नए किसान उत्पादक संगठन गठित किए जाएंगे। किसानों को फैंसिंग के लिए 10 करोड़ रुपए की सहायता दी जाएगी। सरकार दूध उत्पादकों को कर में रियायत देने पर भी विचार करेगी, ताकि प्रदेश में पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जा सके।



2 करोड़ 30 लाख से बनने वाले पंचायत घरों का शिलान्यास करते राजेश धर्माणी।

#### 275 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायता उपकरण दिए

**राजेश** धर्माणी ने पंचायत पनौल में रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 275 दिव्यांग लाभार्थियों को लगभग 46 लाख 67 हजार रुपए के 481 सहायता उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें 111 ब्हील चेयर, 31 जाय स्टीक ब्हील चेयर, 76 श्रवण यंत्र, एक ब्रेल स्लेट, एक ब्रेली किट, एक ब्रेली केन, पांच सुनगाम्या केन, 84 क्रटचेज, 79 बाकिंग स्टीक, आठ रोलेटर, चार सीपी चेयर, 71 आर्टिफिशियल लिंब और कैलीपर्स सहायता उपकरण वितरित किए। वहीं, ग्राम पंचायत पनौल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मौके पर 100 से अधिक समस्याएं सुनी गई अधिकतर समस्याएं पानी व बिजली से संबंधित थी।

### भाजपा विधायक ने बंबर ठाकुर और कांग्रेस के आरोपों पर किया पलटवार

# बिलासपुर में दो ठेकेदारों में हुए टकराव से हुई लड़ाई : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल।

सदर के भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर व कांग्रेस की ओर से मारपीट के लगाए जा रहे आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उन्होंने कहा कि बिलासपुर में हुई लड़ाई दो ठेकेदार गुटों में आपसी हितों को लेकर हुए टकराव के कारण हुई है।

इसका भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। सदर भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा विकास व अहिंसा में विश्वास रखती है। भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। पुतला जलाने से सच्चाई छुप नहीं सकती। बिलासपुर की जनता अभी तक डियारा कांड, बिनौला कांड और डीएफओ को थप्पड़ मारने की वारदात को नहीं भूली है। उन पर नशे के सौदागरों को संरक्षण देने का आरोप लगाने वाले मंडी में कार से मिली चरस को शायद भूल चुके हैं। इसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है।

जम्वाल ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने के नाम उगाही करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले एम्स में भी ऐसा प्रयास किया गया था, लेकिन तत्कालीन समय में प्रदेश में भाजपा सरकार ने इनके मंसूबे पूरे नहीं होने दिए थे। हैरानी जताते हुए कहा कि प्रदेश के डीजीपी कभी मर्डर होने पर वहां नहीं गए, लेकिन बिलासपुर जरूर आए। डीजीपी ने भी इस लड़ाई को हितों का टकराव करार दिया ह, जिस दिन यह घटना घटित हुई, उस दिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो केंद्रीय मंत्रियों के साथ बिलासपुर के एम्स को 431 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन की सौगात दे रहे थे। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने कहा कि जिन लोगों को पूर्व विधायक भाजपा के बता रहे हैं, वह भाजपा के प्रारंभिक सदस्य भी नहीं हैं।



जगदीश वर्मा को राज्यपाल चेतना संस्था के रजत जयंती समारोह में सम्मानित करते हुए।

# जगदीश को राज्यपाल ने रजत जयंती समारोह में किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता क्षेत्र में पिछले 14 वर्ष से मशरूम उत्पादन पर निरंतर कार्य कर रहे वर्मा मशरूम हाउस प्राहु के निदेशक जगदीश वर्मा को चेतना संस्था के रजत जयंती समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा प्रगतिशील व उन्नत प्रेरणा स्रोत कृषि दूत व हिमाचल प्रदेश में जिला बिलासपुर से स्टार्टअप योजना के तहत सर्वश्रेष्ठ मशरूम उत्पादक सराहनीय कार्य करने पर शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

जगदीश वर्मा 14 वर्षों से बटन मशरूम का उत्पादन कर रहे हैं प्रत्येक वर्ष उत्पादन में बढ़ोतरी करते हुए बिलासपुर की तहसील झंडूता में ताजा मशरूम आमजन को उपलब्ध करवा रहे हैं और अब पिछले एक वर्ष से बटन मशरूम के साथ-साथ शिटाके मशरूम पर भी कार्य कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार मुहैया करवाएगी सीड कैपिटल अमाउंट

## स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर विकास खंड बिलासपुर के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया।

इस प्रशिक्षण सेवा के मौके पर बीडीओ सदर सुशील कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। वहीं, इस मौके पर डिजिटल स्किल क्लेरिफिकेशन के संयोजक डॉक्टर अमरदीप चंदेल ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को सीड कैपिटल अमाउंट 40000 की राशि, जो कि केंद्र सरकार की ओर से मुहैया करवाई जा रही है, इसके लिए विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह योजना केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही है, जिसका लाभ लाभार्थियों को भी मिल रहा है। बीडीओ ने सभी लोगों से आग्रह किया कि इस योजना का लाभ उठाएं।



स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मौजूद महिलाएं।

# मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल को करवाएगी गिरफ्तार : बलदेव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बलदेव राज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा कि जैसे ही इंडिया गठबंधन में आप-कांग्रेस के बीच सफलतापूर्वक सीट बंटवारे की खबर सामने आई उसके बाद बीजेपी में सदमें की लहर दौड़ गई और गठबंधन को तोड़ने के लिए बीजेपी ने महाषड्यंत्र रचा।

पिछले कुछ दिनों से आप के वरिष्ठ नेताओं को कई लोगों के माध्यम से संदेश मिल रहे हैं कि यदि केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन नहीं तोड़ा, तो केजरीवाल को सीबीआई द्वारा सीआरपीसी की धारा 41 ए के तहद नोटिस जारी कर उसके तुरंत बाद एक या दो दिन में सीबीआई और ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पिछले दो वर्षों से मोदी ने ईडी और सीबीआई को एक नकली शराब घोटाले में केजरीवाल की जांच पर लगा रखा है और 1000 से ज्यादा छापे तथा सात सम्मन व नौ घंटे पूछताछ करके भी एक पैसा या कोई ठोस सबूत जुटा नहीं पाई है, लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से हार के डर से बीजेपी द्वारा ये संदेश दिया जा रहा की यदि केजरीवाल इंडिया गठबंधन को छोड़ देते हैं, तो केजरीवाल को कोई भी नोटिस नहीं आएगा और गिरफ्तार भी नहीं किया जाएगा। आप पार्टी या केजरीवाल मोदी और उनकी एजेंसियों से डरने वाले नहीं हैं, आप पार्टी हमेशा देश की जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी, चाहे हमें कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

> 'आप' मोदी व उनकी एजेंसियों से डरने वाली नहीं

# रेडक्रॉस के उपकरणों से वंचित रहे दिव्यांग

## अलेमको कंपनी ने नहीं सुनी दिव्यांगों की गुहार, मौके पर नहीं की रजिस्ट्रेशन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला प्रशासन और रेडक्रॉस की ओर से बिलासपुर जिले के अमरपुर पंचायत में रविवार को लगाए गए दिव्यांग शिविर में क्षेत्र के दर्जनों पात्र दिव्यांग उपकरण पाने से वंचित रह गए, जिस कारण यह शिविर विवादित होकर रह गया।

खास बात यह है कि जिस पंचायत में यह शिविर लगाया गया उस पंचायत के प्रतिनिधियों तक को इसकी कोई जानकारी नहीं थी और न ही इस पंचायत के दिव्यांग लोगों को कोई सूचना दी गई थी। शिविर में आए पंचायत के लोगों ने बताया कि न तो उनकी पंचायत में दिव्यांग लोगों का कोई सर्वे किया गया था और न ही उन्हें शिविर में बुलाया गया था। लोगों ने बताया कि शिविर में अन्य जगहों से चयनित किए गए लोगों को ही उपकरण बांटे गए, जबकि इस पंचायत के दर्जनों ऐसे विकलांग और दिव्यांग लोग हैं, जिन्हें सहायता उपकरणों की सख्त आवश्यकता है। वहीं, लोगों द्वारा शिविर में इस बात की मांग की जा रही थी कि मौके पर लोगों की रजिस्ट्रेशन की जाए और उन्हें उपकरण प्रदान किए जाएं, लेकिन उनकी बात को कंपनी के अधिकारियों द्वारा अनसुना कर दिया गया और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। अब सवाल यह है कि रेडक्रास और जिला प्रशासन द्वारा जहां पर यह शिविर लगाया गया, तो वहां के पंचायत प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। वहीं, अमरपुर पंचायत के दिव्यांग लोगों में 45 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी सतीश कुमार, 55 वर्षीय दीपा देवी पुत्री लौहका राम, रत्न सिंह 65 वर्ष पुत्र सुख राम निवासी ड्योड बस्ती रीड की हड्डी टूटी हुई, नीतीश गर्ग 35 वर्ष पैरालाइज, कुंज बिहारी 55 वर्ष पुत्र निक्का राम 55 टांग में दिक्कत, निक्की देवी 70 वर्ष पत्नी गुलाबा राम अधरंग से पीड़ित, राम प्यारी 70 पुत्र रविंद्र नाथ गर्ग सभी अमरपुर पंचायत के निवासी हैं, जो कि पूरी तरह से अपंग हो चुके हैं, लेकिन इन लोगों को कोई भी सहायता उपकरण नहीं दिए गए।

#### क्वालिटी पर भी लोगों ने लगाए सवालिया निशान



वहीं, दूसरी ओर इस पंचायत के पात्र दिव्यांग लोगों को उपकरण मिलने से क्यों वंचित रखा गया और जब दिव्यांग लोगों के लिए ही यह शिविर लगाया गया था, तो लोगों के बार-बार आग्रह करने के बाबजूद भी मौके पर रजिस्ट्रेशन न करके उन्हें इनसे क्यों महरूम रखा गया और जब उपकरण उपलब्ध थे, उन्हें दिव्यांग लोगों को क्यों नहीं दिया गया। वहीं, शिविर में अलेमको कंपनी द्वारा बाटे गए सहायता दिव्यांग उपकरणों की क्वालिटी पर भी लोगों द्वारा सवालिया निशान लगाए गए हैं। कई व्हील चेयरों को भी मौके पर ही टूटते देखा गया, जिससे कंपनी की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आ गई गई है।

# रोज करोगे योग, जीवन भर रहोगे निरोग : डॉ. रीता



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में रविवार को आयुर्वेदिक हेल्थ वेलनेस सेंटर भगेड़ में योग प्रशिक्षिक वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरुआती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

वैशाली ने शिविर में भाग ले रहे एनएसएस, छात्रावास व महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास के बारे में बताया। योग शिविर की संयोजक डॉ. रीता ने कहा कि योग शिविर का रविवार को चौथा दिन है, इसमें छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में तीन सत्र रखे गए हैं। दिन का सत्र डे-स्कॉलर के लिए विशेष रूप से रखा गया है। शिविर में योग प्रशिक्षकों की ओर से नेति, वमन, आसन, प्राणायाम, ध्यान सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर रमेश चंद तथा प्रोफेसर पूजा ने वैशाली का विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद किया।

### मांग — बिजली परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई ने रेन बसेरा में बैठक का किया आयोजन

# महंगाई भत्ते की किस्तों का सरकार व बोर्ड करे भुगतान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य बिजली परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई ने रविवार को घुमारवीं के रैन बसेरा में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता घुमारवीं इकाई के प्रधान राम लाल शर्मा ने की।

इस मौके पर वरिष्ठ उपप्रधान सुखराम, उपप्रधान रूपलाल शर्मा, महासचिव के एल शर्मा सुरेश ठाकुर, रमेश चंद पजियाला, सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता रमेश चंद शर्मा, टीआर शर्मा, बलदेव शर्मा, डी डी शर्मा ने पेंशनर्स की लंबित पड़ी मांगों पर चर्चा की तथा बिजली बोर्ड की वित्तीय स्थिति के लगातार बदतर होने पर चिंता व्यक्त की। बोर्ड की ओर से उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवाएं स्टाफ की कमी से प्रभावित हो रही हैं व बोर्ड प्रबंधन वर्ग से बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति करने का भी आग्रह किया। उन्होंने जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त पेंशनर्स की संशोधित पेंशन, ग्रेच्युटी लिव इन कैशमेंट, कंप्यूटेशन न मिलने का मुख्य कारण संशोधित वेतनमान के बाद वेतन निर्धारण सत्यापन का कार्य पूरा न होना बताया।

उन्होंने सभी पेंशनर्स की महंगाई भत्ते की देय तीन किस्तों का सरकार व बोर्ड से शीघ्र भुगतान करने का भी आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा ने बोर्ड प्रबंधन से नेशनल-पे मैट्रिक्स में हो रही त्रुटियों का शीघ्र निराकरण करने, पे फिक्सेशन व पेंशन पुन: निर्धारण के लंबित पड़े मामलों का शीघ्र निपटारा करने का भी आग्रह किया। विभाग जल्द से जल्द पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भुगतान करें, ताकि पेंशनर्स अपना इलाज ठीक ढंग से करवा सकें। उन्होंने बोर्ड में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरने का आग्रह किया।



राज्य बिजली परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में मौजूद लोग।

#### नशे के मामलों पर चिंता व्यक्त की

**इसके** साथ ही बैठक में प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के नशे के मामलों पर भी चर्चा करते हुए इस पर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही सरकार से समाज में बढ़ते नशे के व्यापार को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाने की मांग की। इस बैठक में सतीश चंदेल, निका राम, बलदेव, रूपलाल, दौलत राम चंदेल, जगदीश चंद, हरी राम, मुंशी राम, बिशन दास शामा, मनमोहन भट्टी, बृजलाल दीपचंद, रमेश कुमार, लेखराम ठाकुर, मदनलाल, राम प्यारी आदि पेंशनर्स मौजूद रहे।

# ग्रीष्म महोत्सव को आकर्षक बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में जिला स्तरीय ग्रीष्म महोत्सव पांच से नौ अप्रैल तक मनाया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम गौरव चौधरी ने मेले के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक के दौरान दी।

जिला स्तरीय ग्रीष्म महोत्सव को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी अधिक से अधिक गतिविधियों को इस मेले में जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग मेले में सम्मिलित हो सके। मेले के दौरान विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग समितियां बनाई जाएंगी। मेले के दौरान आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। यह मेला घुमारवीं की एक पहचान है और लगभग 1985 से मनाया जा रहा है। इसके पुराने स्वरूप को बनाए रखना हमारा दायित्व है, मेले का आयोजन हर वर्ष पांच से नौ अप्रैल को किया जाता है। इस मेले को पुराने समय से ही पशुओं की मंडी से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने नगर परिषद को मेला स्थल की साफ-सफाई तथा उचित स्थान पर कूड़ा दान रखने के निर्देश दिए और कहा कि मेले में साफ-सफाई के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग तथा इलेक्ट्रिसिटी विभागों को निर्देश दिए कि वह अपनी सेवाओं में कोई लापरवाही न दिखाएं तथा समय रहते सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारी को पूर्ण कर लें। इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, पार्षद कपिल शर्मा, मीडिया सलाहकार राजीव शर्मा, रविंद्र तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



एसडीएम गौरव चौधरी मेले के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा व बबेहड़ में लगाए स्वास्थ्य जांच शिविर

**बंगाणा/अम्ब।** देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट ऊना द्वारा चौथे एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत मुछाली के पंचायत भवन में रविवार को अयोजित किया गया। इस जांच शिविर में सैंकड़ों स्थानीय लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। हार्ट इंस्टीट्यूट ने मुफ्त चैकअप के साथ पहुंचे लोगों को मुफ्त दवाइयां भी दीं। इस शिविर में डॉक्टर ताहिर सलीम भट्ट डी.एम. कार्डियोलॉजिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट ने सेवाएं दीं। डॉक्टर अभिषेक द्वारा कैंप में पहुंचे लोगों को सीपीआर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्राम पंचायत प्रधान विजय शर्मा व अस्पताल की टीम में मोनिका सिन्हा, शमशेर डोगरा आदि मौजूद रहे। **वहीं** वधानसभा गगरेट के गांव बबेहड़ में ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से सौजन्य से हेल्प एज इंडिया द्वारा एक मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग रोगों के माहिर डॉक्टरों द्वारा मरीजो की जांच की गई और मौके पर ही दवाइयां वितरित की गई। इस मेडिकल कैंप में करीब 224 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच के लिए अपना पंजीकरण करवाया। इस मेडिकल कैंप में स्थानीय विधायक चैतन्य शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने मेडिकल कैम्प का निरीक्षण किया व स्थानीय लोगों की समस्या भी सुनीं और संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए।

### मंदिर के निर्माण के लिए पांच लाख की घोषणा

**अंब।** थड़ा गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने श्री गुरु रविदास जी महाराज मंदिर थड़ा के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान राकेश कुमार, बलवंत सिंह, गुरनाम सिंह, अनिल कुमार तक्खी, मनोहर लाल सहित कमेटी पदाधिकारियों के विधायक को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर एडवोकेट विकास कश्यप, सीता राम सहित स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### शिमला के सामने किन्नौर की हालत खराब

**ऊना।** पीसीपी खेल ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना के मैदान में दूसरे दिन किन्नौर के सामने शिमला की टीम ने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए 414 रन बनाए, मुकुल नेगी ने शतक लगाया और 128 रनों की पारी खेली। कबीर ने 143रन , देवव्रत ने 90 रन बनाए। किन्नौर के आशीष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों का आउट किया। अक्षय ने चार खिलाड़ियों को आउट किया और रविराज ने एक खिलाड़ी को आउट किया। किन्नौर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 232 रन बनाए। इसमें जीवन सिंह ने 44 रन बनाए, दिनेश ठाकुर ने 53 रन बनाए, जगदीश चंद ने 68 रन बनाए। शिमला के देवव्रत विकटा ने चार खिलाड़ियों का आउट किया, सौरभ ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, मुकुल नेगी ने दो खिलाड़ियों को आऊट किया, नवीन और जितेंद्र राणा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। फॉलोऑन में दूसरी पारी में किन्नौर की टीम ने 1 विकेट खोकर 10 रन बना लिए हैं।

### अपूर्व वालिया ने लगाया दोहरा शतक

**ऊना।** कांगड़ा और ऊना का अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कांगड़ा के अपूर्व वालिया ने 219 रन और मणि शर्मा ने 119 रनों की बदौलत कांगड़ा ने सोलन के सामने पहली पारी में 518 रन बनाए हैं। कांगड़ा के हर्ष जमवाल ने 34 रन बनाए। सोलन के हिमांशु वेक और राहुल ने तीन तीन विकेट हासिल किए। सोलन के पारस ने 2 विकेट, सौरभ ने एक विकेट प्राप्त किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। सोलन की टीम अपनी पहली पारी में 111 रन पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। नमन वर्मा 22, हिमांशु वेक ने 22 और विपिन ने 10 रन बनाए। कांगड़ा के रितिक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों का आउट किया, अर्पित गुलेरिया ने तीन खिलाड़ियों का आउट किया। सोलन की टीम ने दूसरी पारी में फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 45 रन पर चार विकेट खो दिए हैं। सोलन के रितिक ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, अर्पित गुलेरिया और अपूर्व वालिया ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

# दिल्ली रूट पर एचआरटीसी के अधिकृत ढाबे बन गए लूट के अड्डे

## राजमाह-चावल की प्लेट के वसूले जा रहे 120 रुपए, पचास रुपए में मिल रही दो चपातियां

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा इंटर स्टेट बस सेवा से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए अधिकृत किए गए ढाबे लूट के अड्डे बन कर रह गए हैं। न तो इन ढाबों में सफाई की उचित व्यवस्था है और शौचालय तो ऐसे कि अच्छा खासा आदमी गश खाकर गिर पड़े।

ऐसा ही एक माजरा दिल्ली रूट पर चलने वाले एचआरटीसी की बसों के लिए हरियाणा के पिपली के समीप अधिकृत किए गए ढाबे पर सामने आया है। यहां सफाई व्यवस्था के तो क्या कहने बल्कि यात्रियों को 120 रुपए प्रति थाली के हिसाब से राजमाह-चावल की प्लेट परोसी जा रही है और एक्सट्रा राजमाह मांगने पर अस्सी रुपए प्रति प्लेट राजमाह परोसे जा रहे हैं। इस ढाबे पर मची लूट का ऐतराज जताते हुए गगरेट के यात्रियों ने इसकी लिखित शिकायत एचआरटीसी के ऊना डिपो के आरएम से की है। दिल्ली से वापस गगरेट आ रहे सतीश कुमार गोगी व नितिन नंबरदार ने आरोप लगाया है कि हिमाचल पथ परिवहन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली रूट पर अधिकृत किए गए ढाबों की व्यवस्था कैसी है इस पर एचआरटीसी का कोई चैक नहीं है। यही वजह है कि ये ढाबे लूट के अड्डे बने हुए हैं। जिन पर हिमाचली यात्री जाने-अनजाने लुट रहे हैं।

**ढाबे पर सफाई व्यवस्था चरमराई, शौचालयों के भी बुरे हाल**

सतीश कुमार गोगी व नितिन नंबरदार ने बताया कि चौबीस फरवरी को वे दिल्ली से वापस गगरेट आ रहे थे तो पिपली के समीप हिमाचल पथ परिवहन द्वारा अधिकृत एक ढाबे पर वह खाना खाने चले गए। ढाबे पर सफाई नाम की कोई चीज नहीं थी और शौचालयों के भी बुरे हाल थे। खैर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें यहां रुकती हैं तो यात्रियों के साथ कहीं और खाना खाने का विकल्प भी नहीं होता। उक्त ढाबे पर उन्होंने राजमाह-चावल की प्लेट के आर्डर दिए। वे यह जानकर हैरान रह गए कि राजमाह-चावल की प्लेट के 120 रुपए चार्ज किए जा रहे हैं और अगर दूसरी बार राजमाह लेने हों तो अलग से अस्सी रुपए प्लेट के चार्ज किए जाते हैं। यही नहीं सलाद के नाम पर दो-तीन पीस काटकर ही दिए जाते हैं। दो चपातियों के लिए पचास रुपए चार्ज किए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन का नारा तो दे रही है, लेकिन एचआरटीसी द्वारा अधिकृत इन ढाबों में व्यवस्था परिवर्तन कब होगा? उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री व ट्रांसपोर्ट मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी इसका संज्ञान लेने की मांग की है।

> इसको लेकर फोन पर शिकायत प्राप्त हुई है। लिखित शिकायत मिलते ही उच्च अधिकारियों को शिकायत आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित की जाएगी।
> **-सुरेश धीमान, आरएम, एचआरटीसी ऊना डिपो**

# सरस्वती एंक्लेव कुठेड़ा खैरला में नवनिर्मित मार्ग का लोकार्पण



नवनिर्मित मार्ग का लोकार्पण करने के बाद लोगों के साथ विधायक सुदर्शन सिंह बबलू।

**अनंत ज्ञान, अंब**

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अंब के ऊना रोड और कुठेड़ा खैरला वार्ड नम्बर -8 सरस्वती एंक्लेव में 12.50 लाख की लागत से तैयार हुए नवनिर्मित मार्ग का लोकार्पण किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने विधिवत रूप से रिबन काटकर रास्ते का उद्घाटन किया।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विकास कार्यों को तरजीह दी जा रही है। क्षेत्र के प्रत्येक गांव में सड़कों, रास्तों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों में पेयजल समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए करोड़ों की लागत से बड़ी योजनाओं का कार्ययुद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वह विकास कार्यों में सहयोग करें। इस मौके पर विधायक बबलू ने स्थानीय लोगों की मांग पर सरस्वती एन्क्लेव में 3 अन्य रास्तों के निर्माण के लिए 12 लाख की स्वीकृति प्रदान की।

इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा. रविन्द्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश बरोटिया, पार्षद अंब रितेश शर्मा, राजेश शर्मा, बीएमओ अंब डा. राजीव गर्ग, सेवानिवृत एसई लोनिवि वीके धीमान, स्थानीय वार्ड के पंचायत प्रतिनधि सुभाष वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

### केएल ठाकुर ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**बीबीएन।** विधानसभा क्षेत्र नालागढ़ की विभिन्न पंचायतों में विधायक केएल ठाकुर ने रविवार को विकास कार्यों का जायज लेते हुएउद्घाटन किया। विधायक केएल ठाकुर ने गांव दोलोवाल का दौरा करते हुए 15 लाख की लागत से निर्मित पुलिया का उद्घाटन किया, जबकि ग्राम पंचायत दभोटा के गांव माजरी में करीब 10 लाख की लागत से बन रही सड़क व रिटेनिंगवाल के कार्य का भी शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि भोगपुर पंचायत को विकास की कमी नहीं आने दी जाएगी और बिजली व पीने के पानी की समस्याओं कानिपटारा भी प्राथमिकता पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दभोटा पंचायत को भी विकास की कमी नहीं आने दी जा रही है। पहले भी इस पंचायत में विधायक निधि एव अन्य निधि से काफी विकास करवाया जा चुका है। ठाकुर ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास की कमी नहीं आने दी जाएगी और भरपूर विकास होगा।

# कुटलैहड़ की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगाई जाएंगी छोटी-छोटी इंडस्ट्रीजः देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने रविवार को कुटलैहड़ के समस्त महिला मंडलों और युवक मंडलों को बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। इस दौरान कुटलैहड़ के करीब 58 परिवारों के अलावा महिला मंडल और नेहरू युवक मंडल को 16.6 लाख की धनराशि प्रदान की।

वहीं 3.80 लाख की धनराशि विधायक देवेंद्र कुमार करीब एक दर्जन उन परिवारों को अपनी निजी आय से आर्थिक सहायता प्रदान की, जो गरीबी रेखा की अंतिम पंक्ति पर खड़े हैं और जिनके पारिवारिक सदस्य अस्पतालों में उपचाराधीन है। विधायक देवेंद्र भुट्टो ने रविवार को कुटलैहड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद में महिला सेवादारों को नई गाड़ी भी प्रदान की। इस



महिला मंडल को चेक देते विधायक देवेंद्र भुट्टो, साथ हैं अन्य।

दौरान विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करीब एक दर्जन महिलाओं का स्वय सहायता समूह बनाकर उन्हें छोटी छोटी इंडस्ट्रीज लगाई जाएगी, जिसमें आचार बढ़िया के अलावा अन्य छोटी छोटी सामग्री बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्हें मार्किट में बेचने के लिए हम भी कोशिश करेंगे।

विधायक ने कहा कि हमारा उद्देश्य कुटलैहड़ विस क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना हैं। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, सुरिंद्र ठाकुर, महासचिव अजय शर्मा, उपप्रधान जीवन शर्मा, नीना धीमान के अलावा दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**10 करोड़ की लागत से बन रही डेरा बाबा रुद्रानंद से झंबर सड़क**

**भुट्टो** ने कहा कि विधायक बनते ही हमें नाबार्ड से 25 करोड़ की धनराशि उपलब्ध हुई, जिसमें से हमने 10 करोड़ डेरा बाबा रुद्रानंद से झंबर की सड़क, जो जनता की पुरानी मांग थी, के लिए स्वीकृत किए। वहीं 15 करोड़ की धनराशि हमने समूर कोहडरा पेयजल योजना के लिए स्वीकृत किए। भुट्टो ने कहा कि वसाल में भी बहुत जल्द मैरिज पैलिस बनेगा। उसके लिए हमने भूमि चयन प्रतिक्रिया शुरू करदी है। बता दे कि कुटलैहड़ में करीब दस मैरिज पैलिस का शिलान्यास हो चुका है इनमें सात पर कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है और कुछ अप्रैल माह में बनकर जनता को समर्पित हो जाएंगे।

# हमीरपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को कैंडिडेट ढूंढना मुश्किल : सतपाल सत्ती

## चिंतपूर्णी के पक्का परोह में भाजपा मंडल की ओर से त्रिदेव कार्यक्रम का आयोजन

**विवेक शर्मा, अम्ब**

लोकसभा चुनावों को देखते हुए प्रदेश भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में आज चिंतपूर्णी विधानसभा के अंतर्गत पक्का परोह के अवध पैलेस में भाजपा मंडल चिंतपूर्णी द्वारा त्रिदेव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ऊना विधानसभा के विधायक वा पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस कार्यक्रम में चिंतपूर्णी विधानसभा के सभी बूथों के बीएलए बूथ पलक व बूथ अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। विधायक सतपाल सत्ती ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यो और जो योजनाएं सरकार द्वारा




मंच पर बैठे विधायक सतपाल सिंह सत्ती, जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी व अन्य।

चलाई गई हैं उनके बारे में भी चर्चा की। सत्ती ने कहा प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस सरकार से मात्र एक साल में ही जानता का मोह भंग हो गया है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले प्रदेश की भोली-भाली जनता से जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने में सरकार कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है, जिसके के कारण अब आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

सतपाल सत्ती ने कहा लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश भाजपा पूर्ण रूप से तैयार है व आने वाले चुनावों चुनावों में चारों सीटों पर भाजपा बहुत बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। वहीं हमीरपुर लोकसभा पर तो कांग्रेस पार्टी को अपना कैंडिडेट ढूंढना भी मुश्किल हो गया है। सतपाल सत्ती ने कहा अनुराग ठाकुर हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से पांचवी बार जीत हासिल कटेंगे। बलबीर चौधरी ने उपस्थित लोगों का इस कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार जताया और लोकसभा चुनाव के लिए अभी से डट जाने का आग्रह किया। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमेश चौधरी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अधिवक्ता राज कुमार, जिला महामंत्री शाम मिन्हास, चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष रविंद्र दुवेदी आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा के 11 छात्र छाए

**बंगाणा।** कुछ महीने पहले हुई सेना की रैली भर्ती की शारीरिक व लिखित परीक्षा के अंतिम परिणाम में करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा के 11 युवाओं ने सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए अकादमी प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री ने बताया कि अकादमी से सेना भर्ती में लिखित परीक्षा में 11 युवाओं ने सफलता प्राप्त की है, जिसमें चार युवा ऑनलाइन व सात युवा रेगुलर पढ़कर पास हुए हैं। वहीं शारीरिक व मेडिकल परीक्षा सोलन के चार, शिमला के तीन, मंडी के दो और बद्दी के दो युवाओं ने पास की, जिन्होंने अंतिम परिणाम में सफलता प्राप्त कर ली है। ऐसे में आब तक अकादमी से 1701 प्लस युवा सेना में सेवाएं दे रहे हैं।

इनमें मंडी से अंकित ठाकुर, सुमित शर्मा, शिमला से अंकित कोइलान, रोहित जस्सल, कुल्लु से विवेक राणा, बद्दी से कमल कुमार, कपिल शर्मा, सोलन से प्रदीप कुमार, अमन शर्मा, हरीश राणा, पठानकोट से शामलाल आदि शामिल हैं।

# भारत में समानता और समरसता के अग्रणी दूत थे संत रविदास : डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के गुरुद्वारा बल्ह खालसा में श्री गुरु रविदास के जन्म महोत्सव पर चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक समागम में राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा देवभूमि ग्रुप के एमडी राजेंद्र वशिष्ठ एवं अन्य नेताओं ने शिरकत करके आशीर्वाद लिया। वहीं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष बाबा कमल दास जी महाराज ने मुख्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया और मंच से तलवार भेंट की।

वहीं डॉ. सिकंदर कुमार, पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर, जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने श्री गुरु रविदास के जन्म महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 15वीं शताब्दी में श्री गुरु रविदास द्वारा लिखे गए दोहे आज भी लोगों को प्रेरणा देने का काम करते हैं। संत



गुरुद्वारा बल्ह खालसा में कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. सिकंदर के साथ अन्य गणमान्य।

गुरु रविदास ने समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। भक्ति और ज्ञान के लिए ही उनका जीवन समर्पित रहा है।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास भारत में समानता और समरसता के अग्रणी दूत थे। उनके पदचिंहों पर चलने का हर कोई प्रयास करें, ताकि जीवन सार्थक बन सके। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने गुरुद्वारा बल्ह खालसा के लिए 10 सोलर लाइट देने की घोषणा की। वहीं गुरु आदि द्वारा बल्ह खालसा में एक बजे विशाल भंडारा शुरू हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उपप्रधान सूरम सिंह, राजीव कुमार, सुच्चा सिंह, सुभाष शर्मा, दर्शन सिंह, करनैल सिंह, सन्नी शुक्ला, अमित ठाकुर बलबीर बग्गा आदि सैंकड़ों भक्तों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# संत निरंकारी मिशन ने पंजावर में तालाब व बाजार को किया क्लीन

**अनंत ज्ञान, हरोली**

संत निरंकारी मिशन के तहत हरोली क्षेत्र के गांव पंजावर में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया गया। रविवार को कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन ब्रांच के मुखी महात्मा सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, जगतार सिंह, मनदीप कुमार, हजारा सिंह, प्रवेश कुमार, जसवीर सिंह, कैलाश देवी, त्रिशला, नरेश कुमार, सुमन कुमारी, अरमान व निर्दोष कुमारी समेत सभी अनुयायियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस दौरान पंजावर बाजार के तालाब के इर्द-गिर्द साफ सफाई की गई। कूड़ा कचरा हटाया गया। सभी ने सामुहिक रूप से इस कार्य को अंजाम दिया। कई जगह प्लास्टिक व अन्य प्रकार का कचरा पड़ा हुआ था जिसे हटाया गया।

संत निरंकारी संगत ने बाजार में साफ सफाई की। बाजार में निकलकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। बता दें कि रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तहत




संत निरंकारी संगत पंजावर बाजार में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालती हुई।

देश भर के 1500 स्थानों पर 900 शहरों में नदियों, तटों, बावडियों, कुओं, खड्डों में यह स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें लाखों संत निरंकारी शामिल हुए। उन्होंने देश भर में इस तरह का अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

स्थानीय मिशन मुखी सुरेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की है कि अपने जल स्त्रोतों को साफ सुथरा रखें। स्वच्छ जल से कई जलजनित बीमारियों से बचा जा सकता है। यदि सभी नागरिक अपना दायित्व समझेंगे तो निश्चित तौर पर हमारे जल स्त्रोत गंदे नहीं होंगे तथा क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का लिय सभी भक्तो का आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

**स्वास्थ्य**

## ऊना में टीबी रोग से पीड़ित लोगों की मृत्यु के आंकड़े चौंकाने वाले

# साल भर में 57 लोगों की गई जान, प्रशासन ने बढ़ाई टेस्टिंग

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले भर में पिछले एक साल में टीबी रोग से पीड़ित लोगों की मृत्यु के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। करीब 57 लोगों को इस रोग के कारण जान से हाथ धोना पड़ा है। को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से टेस्टिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। आशा वर्कर्स और स्वास्थ्य विभाग के फील्ड स्टाफ के सहयोग से इस अभियान को गति दी जाने लगी है। सरकार की ओर से इस अभियान को भी पोलियो उन्मूलन अभियान की तरह सफल बनाने की ड्राइव शुरू की गई है। उद्देश्य महज टीबी मरीजों की पहचान करके उनका समय रहते उपचार करके रोग को जड़ से मिटाना है।



स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से फील्ड में डट चुका है। हाल ही में जिलास्तरीय टीबी उन्मूलन समिति की त्रैमासिक बैठक में इसकी पूरी रूपरेखा बनाई गई थी। इसमें निर्णय लिया गया था कि टीबी रोगियों को चिंहित करने के लिए जिला के विभिन्न स्थलों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिए। शिविरों में लोगों को टीबी रोग के लक्ष्णों के बारे में जानकारी देकर रोगियों की पहचान तेजी से हो पाएगी। अधिकारियों ने इस बैठक में बताया था कि वर्ष 2023 के दौरान जिला में 720 का अनुमान रखा गया था जिसमें 819 क्षय रोगी दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा वर्ष 2023 में जिले के 57 क्षय रोगियों की मृत्यु भी दर्ज की गई। इन आंकड़ों को देखते हुए उस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके ऊपर विशेष ध्यान देने व मृत्यु दर को जिला में कम करने के लिए उचित दिशा निर्देश भी दिए थे। उन्होंने क्षय रोग मुक्त हेतु जिला ऊना में 245 पंचायतों में से 88 पंचायतों को क्षयरोग मुक्त पंचायत के लिए चिन्हित किया गया है, जिसमें प्रति हजार लोगों में से 30 लोगों की क्षय रोग हेतु जांच की गई। प्रति हजार 1 क्षय रोगी या उससे भी कम पाया गया। हर रोगी को निक्षय पोषण योजना का लाभ क्षय रोगी को दिया गया और उस पंचायत में क्षय रोगी का ईलाज की सफलता दर 85 प्रतिशत से ज्यादा है, ऐसी पंचायतों को क्षय रोग मुक्त पंचायत हेतु चिन्हित भी किया किया गया है। क्षय रोग से बचाव हेतु लगने वाली बीसीजी वैक्सीन के लिए 96,192 सम्भावित लाभार्थियों में से 41,911 लाभार्थियों ने अपनी सहमती जता दी है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को लाभार्थियों तक अपनी पहुंच बनाने के निर्देश दिए गए थे उनका पालन किया जा रहा है। व्यस्क बीसीजी टीकाकारण अभियान के तहल जिला के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्ति जिन्हें पिछले 5 साल से टीबी हो या पिछले तीन वर्षों से टीबी मरीज के संपर्क में रहे हैं और मधुमेह से पीड़ित हैं, धूम्रपान करते हैं, अत्यंत दुबले-पतले अर्थात जिनका बॉडी मास इंडेक्स 18 है या इससे कम उनका टीकाकरण किया जा रहा है। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त व्यक्तियों का भी टीकाकरण किया जाने को तैयारी है। व्यस्क को दी जाने वाली यह वैक्सीन बीसीजी है, जोकि कि नवजात शिशु के पैदा होने के उपरांत लगाई जाती है। (अनंत ज्ञान)

**टीबी मुक्त ऊना बनाने के लिए दें सहयोग**

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डा. एसके वर्मा ने आमजन से आह्वान किया है कि टीबी मुक्त ऊना बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें। उन्होंने टीबी मुक्त अभियान से जुड़े अधिकारियों से कहा कि वे मानवता से जुड़े इस अभियान को सफल बनाने के लिए कर्त्तव्य निष्टा के साथ कार्य करें, ताकि टीबी मुक्त ऊना बनाने में सफल हो सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दो मैच के लिए निलंबित



**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दाम्बुला में तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा को दो मैच के लिए निलंबित किया है जबकि अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। हसरंगा को 24 महीने की अवधि में कुल पांच डिमेरिट अंक मिलने के बाद उन पर प्रतिबंध लगाया गया है। आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के लिए उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और तीन डिमेरिट अंक मिले हैं।

### अभय ने टोरंटो में गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश खिताब जीता

**नई दिल्ली ।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने टोरंटो में गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में इलियट मौरिस डेवरेड को 3-0 से हराकर आठवां पीएसए खिताब जीता। इस चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि नौ हजार डॉलर थी। शीर्ष वरीय भारतीय अभय ने अपने करियर के 12वें फाइनल में खेलते हुए डेवरेड को 40 मिनट में 11-7, 11-9, 11-9 से हराया। दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी अभय का साल का यह दूसरा चैलेंजर खिताब है।

### क्रिकेट : पाकिस्तान में सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भेजेगा न्यूजीलैंड

**कराची ।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) इस साल अप्रैल में होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से पहले एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान भेजेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने पुष्टि की कि प्रतिनिधिमंडल में निजी सुरक्षा विशेषज्ञ रेग डिकेसन और न्यूजीलैंड खिलाड़ी संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी हीथ मिल्स शामिल होंगे। हाल के वर्षों में जब शीर्ष स्तरीय टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है तो डिकेसन आईसीसी और अन्य क्रिकेट बोर्डों के नियमित सुरक्षा सलाहकार रहे हैं।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट के कारण पीएसएल से बाहर



**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा।

### शाहिद को ऑफर हुई थी 'रंग दे बसंती', नहीं करने का अफसोस



**मुंबई ।** आज शाहिद कपूर अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। ऐसे में शाहिद ने एक खुलासा किया कि उन्हें राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'रंग दे बसंती' ऑफर हुई थी लेकिन शाहिद वह फिल्म नहीं कर पाए थे। ऑफर मना करने पर एक्टर को काफी अफसोस भी हुआ था। उन्होंने कहा कि डायरेक्टर चाहते थे कि मैं फिल्म में सिद्धार्थ की भूमिका निभाऊं। मैं स्क्रिप्ट पढ़ते समय रोया था और मुझे स्क्रिप्ट काफी पसंद भी आई थी लेकिन दुर्भाग्य से मैं इसके लिए समय नहीं निकाल सका। क्योंकि मैं उस दौरान दूसरे 2-3 प्रोजेक्ट्स में व्यस्त था।

### भाजपा में शामिल हुए बसपा सांसद रितेश पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर लोकसभा के लिए चुने गए रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। बसपा प्रमुख मायावती को लिखे इस्तीफे की प्रति पांडेय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सांझा की। पांडेय ने कहा, ''मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि पार्टी को मेरी सेवा और उपस्थिति की अब कोई आवश्यकता नहीं रही, इसलिए प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने के अलावा मेरे समक्ष कोई विकल्प नहीं है। पार्टी से नाता तोड़ने का यह निर्णय भावनात्मक रूप से एक कठिन निर्णय है।''

### ब्रेड, मक्खन और शहद से लेकर मसाले तक हो सकते हैं महंगे

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी कंपनियां इस साल उत्पादों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। इससे ब्रेड, मक्खन, शहद, से लेकर मसालों तक के दाम बढ़ सकते हैं। पिछले साल कच्ची सामग्रियों के दाम घटने से इन कंपनियों ने कीमतों को घटा दिया था लेकिन इस साल कच्ची सामग्रियों के दाम फिर से बढ़ने लगे हैं। ऐसे में कंपनियां अब कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियों का कहना है कि उत्पादों की कीमतें बढ़ने से उनके मार्जिन पर सकारात्मक असर होगा। गोदरेज कंज्यूमर, डाबर और इमामी जैसी कंपनियों ने कहा, दाम बढ़ाने से मूल्य आधारित वृद्धि वापस आ जाएगी।

### फर्जी कॉल पर लगेगी लगाम आएगा कॉलिंग करने वाले का नाम

**नई दिल्ली।** अब फर्जी और अनचाही फोन कॉल्स से परेशान हैं तो आपको जल्द ही छुटकारा मिलने वाला है।




भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर को मोबाइल फोन पर कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सर्विस (सीएनएपी) शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे केवाईसी प्रक्रिया के दौरान प्रस्तुत रजिस्ट्रेशन डेटा के आधार पर कॉलर का नाम मोबाइल पर दिखाई देगा। इससे कॉल आने पर व्यक्ति तय कर सकेगा कि उसे कॉल अटेंड करना है या नहीं। इससे रोबोकॉल, स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉल की समस्याओं से छुटकारा मिल सकेगा।

---

**रांची टेस्ट**

### इंग्लैंड ने दिया 192 रनों का लक्ष्य, टीम इंडिया का दूसरी पारी में स्कोर 40/0

# टेस्ट सीरीज जीतने से भारत 152 रन दूर

**एजेंसी, रांची**

भारत ने इंग्लैंड के 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 40 रन बनाए। भारत को अब भी जीत के लिए 152 रन की जरूरत है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले इंग्लैंड की पहली पारी 353 रन पर समाप्त हुई थी।

जो रूट ने नाबाद 122 रन बनाए थे। वहीं, ओली रॉबिंसन ने 58 रन की पारी खेली थी। इसके जवाब में टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 307 रन बनाए। दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम महज 145 रन के स्कोर पर सिमट गई। पहली पारी में इंग्लैंड को 46 रनों की बढ़त मिली थी। दोनों पारियां पूरी होने के बाद इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 192 रनों का लक्ष्य दिया है।

भारत की तरफ से स्पिनर्स का कमाल देखने को मिला। स्टार स्पिनर अश्विन ने 5 विकेट लेकर रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया। वहीं कुलदीप यादव ने भी 4 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा रवींद्र जडेजा के खाते 1 सफलता आई।




रांची : मैच के तीसरे दिन रविचंद्रन अश्विन (चित्र में नहीं) की गेंद पर जेम्स एंडरसन को कैच आउट करते भारतीय विकेटकीपर ध्रुव जुरेल।

**विकेटकीपर बल्लेबाज जुरेल का पहला अर्धशतक**

राजकोट में पदार्पण करते हुए 46 रन बनाने वाले ध्रुव जुरेल ने दबाव का अच्छी तरह से सामना करते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 90 रन की पारी खेली और अपना पहला अर्धशतक जड़ा। जुरेल ने कुलदीप यादव (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और पदार्पण कर रहे आकाश दीप (09) के साथ 9वें विकेट के लिए 40 रन की सांझेदारी की।

जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद शोएब बशीर और टॉम हार्टले की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ कुछ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। बाएं हाथ के स्पिनर हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे।

### भगवान इंद्रू नाग के दरबार एचपीसीए ने लगाई हाजिरी



पूजा-अर्चना करते एचपीसीए के पदाधिकारी।

**धर्मशाला ।** एचपीसीए धर्मशाला स्टेडियम में 7 मार्च को भारत बनाम इंग्लैंड टैस्ट मैच के सफल आयोजन के लिए एचपीसीए पदाधिकारियों ने रविवार को बारिश के देवता इंद्रू नाग के दरबार माथा टेका। एचपीसीए सचिव अविनाश परमार ने बताया कि सुबह 10 बजे हवन एवं पूजा का आयोजन किया गया और उसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में एचपीसीए के पदाधिकारी एवं धर्मशाला के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**भारत का इंग्लैंड के साथ टेस्ट मैच सात मार्च से धर्मशाला स्टेडियम में खेला जाएगा**

एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि यह एसोसिएसन नहीं धर्मशाला के निवासियों की परंपरा रही है कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले भगवान इंद्रू नाग का आर्शीवाद लिया जाता है, उसी कड़ी में यह आयोजन किया गया है। एचपीसीएक पदाधिकारियों ने इंद्रू नाग भगवान की पूजा के साथ-साथ कन्या पूजन भी किया और मैच के सफल आयोजन की प्रार्थना की।

## टी-20 : ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराकर किया 'क्लीन स्वीप'

**ऑकलैंड ।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बारिश की संभावना को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने तीन बार व्यवधान डाला और अंतत: 10.4 ओवर में चार विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर




में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 10 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन ही बना सकी।

**ओपन राष्ट्रीय मास्टर्ज एथलेक्टिस मीट**

## हमीरपुर के सुरेन्द्र सिंह ने 68 की उम्र में 10 किमी दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

उम्र के एक पडाव में जहां इंसान आराम करना पसंद करता है लेकिन हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर के वार्ड नंबर दो के वेटरन धावक सुरेन्द्र सिंह ने 68 साल की उम्र में दर्जनों मेडल जीतकर सबको हैरान कर दिया है।

हाल ही में गोवा में संपन्न हुई ओपन राष्ट्रीय मास्टर्ज एथलेक्टिस मीट में 10 किमी में गोल्ड मेडल जीता है तो पांच किमी में ब्राउज व



1500 मीटर दौड में चौथे स्थान पर रहे है। धावक सुरेन्द्र इस उम्र में भी पांच किलोमीटर से लेकर 50 किलोमीटर की दौड में हिस्सा ले चुके है जिससे वह सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए है।

17 सालों तक आर्मी में सेवाएं दे चुके सुरेन्द्र सिंह रोजाना सुबह शाम खेल मैदान में प्रेक्टिस करते है और अपने शरीर को फिट रखने के लिए एक्टिव रहते है। अब तक 100 के करीब मेडल जीत चुके है और अब स्वीडन में अगस्त माह में होने वाली अतरराष्ट्रीय मास्टर्ज गैम्ज में मेडल जीतने के लिए तैयारी की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### गोपी थोनाकल ने नई दिल्ली मैराथन में एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली ।** गोपी थोनाकल ने नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले 35 वर्षीय गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी की दूरी दो घंटे 14 मिनट और 40 सैकेंड में पूरी की।

वह हालांकि दो घंटे आठ मिनट 10 सैकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से काफी पीछे रहे। वर्ष 2017 में भी यहां खिताब जीतने वाले गोपी दो घंटे 13 मिनट 39 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे।

## समुद्र में डूबी द्वारका के नजदीक पहुंचे पीएम मोदी

**एजेंसी, द्वारका**

लक्षद्वीप में डीप सी डाइविंग करने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के द्वारका में समुद्र के गहरे पानी में डुबकी लगाई। पानी के अंदर जाकर पीएम मोदी ने उस स्थान पर प्रार्थना की, जहां जलमग्न द्वारका शहर मौजूद है। इस धार्मिक डुबकी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में अपने अनुभव को देशवासियों से सांझा किया।

उन्होंने कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना एक बहुत ही दिव्य अनुभव था। मुझे आध्यात्मिक भव्यता और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्री कृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें। बता दें कि पीएम मोदी की जलमग्न शहर की यात्रा को समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है।



**मोर के पंखों के साथ दिखे मोदी**



**समुद्र** में उतरने वाली पीएम मोदी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इन तस्वीरों में पीएम मोदी के कमर पर बहुत सारे मोर पंखों (जो भगवान कृष्ण को एक बेहद प्रिय है) को कमर से बंधा देखा जा सकता है।

**द्वारका के जगत मंदिर में की पूजा**

शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर गुजरात आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह बेट द्वारका में भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन-पूजन किया। यहां विश्व विख्यात और राजा श्रीकृष्ण के स्वरूप द्वारकाधीश जगत मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां द्वारकाधीश की छोटी मूर्ति का उन्होंने अभिषेक किया। हाथ में तुलसी जल लेकर विष्णु सहस्रनाम का पाठ किया। यहां भगवान श्रीकृष्ण का श्रेष्ठ स्वरूप द्वारकाधीश के रूप में विराजमान है।

### पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च तक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद लगे धांधली के आरोपों के बीच अब नौ मार्च तक नए राष्ट्रपति का चुनाव होने की उम्मीद की जा रही है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) संसद के उच्च सदन सीनेट के आधे सांसदों का छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद उनकी सेवानिवृत्ति से दो दिन पहले नौ मार्च तक देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने के लिए तैयार है।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, ''सभी चार प्रांतीय विधानसभाओं के गठन के बाद वर्तमान सीनेटर राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।''

**कासगंज हादसे में नौ बच्चों समेत 23 की हुई थी मौत**

## जिन खेतों में उगाते थे फसल वहीं हुआ अंतिम संस्कार

**एजेंसी, एटा**

उत्तर प्रदेश में एटा जिले के नगला कसा और आसपास के गांवों में बच्चों और महिलाओं समेत 23 लोगों के शव एक साथ पहुंचे, तो हाहाकार मच गया। इन शवों के अंतिम संस्कार रविवार को नगला कसा और पास के गांवों के खेतों में ही किए गए।

कासगंज के पटियाली इलाके में एक सड़क हादसे में बच्चों और महिलाओं समेत 23 लोगों की शनिवार को मौत हो गई थी। जिले के पटियाली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर एक पोखर में पलट गई, जिससे नौ बच्चों और 13 महिलाओं समेत 23 लोगों की मौत हो गई तथा कई घायल हो गए।

पोस्टमार्टम के बाद शवों को लेकर परिजन गांव पहुंचे, उसके बाद से पूरे इलाके में करुण क्रंदन सुनाई पड़ रहा है, जिससे बड़ा ही हृदय विदारक दृश्य नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत खिरिया के ग्राम प्रधान गिरीश चंद्र (48) ने बताया, ''अपनी इतनी उम्र में हमने ऐसा हादसा नहीं देखा। चारों तरफ शोक



की लहर दौड़ गई है।''

प्रधान ने बताया कि गांव में अपने-अपने खेतों में लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान राज्य सरकार के शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप कुमार सिंह, राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान और एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों समेत प्रशासनिक अमला नगला कसा पहुंचा।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि शवों के अंतिम संस्कार के बाद मृतक आश्रितों और घायलों को सरकार द्वारा घोषित सहायता राशि के चेक प्रदान किए जाएंगे।

### अमेरिका में आवासीय इमारत में आग लगने से भारतीय नागरिक की मौत

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के मैनहेटन में छह मंजिला रिहाइशी इमारत में आग लगने से यहां पत्रकार के तौर पर काम करने वाले 27 वर्षीय भारतीय नागरिक फाजिल खान की मौत हो गई जबकि 17 अन्य लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क नगर अग्निशमन विभाग ने कहा कि 'विनाशकारी' आग लिथियम-आयन बैटरी के कारण लगी।

फाजिल खान न्यूयॉर्क में स्थित शिक्षा में नवाचार और असमानता पर केंद्रित मीडिया कंपनी 'द हेचिंगर रिपोर्ट' के पत्रकार थे। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने खान की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह उनके शव को भारत में उनके परिवार को वापस भेजने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

### तृणमूल कांग्रेस ने शेख शाहजहां से बनाई दूरी, गिरफ्तारी कभी भी

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के संदेशखाली के खलनायक शेख शाहजहां की कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। पीएम मोदी 6 मार्च को पश्चिम बंगाल पहुंच रहे हैं। वह संदेशखाली भी जा सकते हैं।



ऐसे में ममता सरकार तेजी से कार्रवाई करने के मूड में दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल पुलिस शेख शाहजहां को कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने आरोपियों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। संदेशखाली में कथित यौन उत्पीड़न और जमीन कब्जा को सियासत गर्म है।

इसके बीच ही संदेशखाली से फरार तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन के खिलाफ खेत हड़पने और उन्हें मछली पालन फार्म में बदलने की शिकायतों के बीच पार्टी नेतृत्व ने आरोपी से दूरी बना ली है।

**संदेशखाली जा रहे स्वतंत्र तथ्यान्वेषी दल को रोका**

**संदेशखाली** में महिलाओं पर अत्याचार की कथित घटनाओं की जांच के लिए जा रहे पटना उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल. नरसिंह रेड्डी के नेतृत्व वाली एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी समिति के छह सदस्यों को पुलिस ने वहां जाने से रोक दिया।

**भक्तों का हुजूम**

## एक माह में ही 50 लाख से ज्यादा लोगों ने किए रामलला के दर्शन

**एजेंसी, आयोध्या**

राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को एक महीना पूरा हो चुका है और इसके साथ ही भक्तों के लिए इसके द्वार खुलने को भी एक महीना पूरा हो चुका है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में दर्शन किए। भगवान श्री राम की अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूरा हुआ था।

राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंगल ध्वनि के बीच लाल कपड़े पर रखा चांदी का छत्र लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित राम मंदिर की सीढ़ियों पर चढ़े और 84 सैकेंड के अभिजीत मुहूर्त के भीतर संकल्प लेकर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूरा किया। इसके बाद वह शेष अनुष्ठानों को पूरा करने के लिए मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के गर्भ गृह में चले गए और विधि पूरी की। इस अवसर पर भगवान राम की प्रतिमा का भी अनावरण



किया गया। इस खास दिन का दुनियाभर की मीडिया ने कवरेज किया। मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर के द्वार भक्तों के लिए भी खोल दिए गए।

राम मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोले हुए एक महीना पूरा हो चुका है और भक्तों का राम मंदिर जाकर रामलला के दर्शन का उत्साह देखते ही बन रहा है।

अयोध्या में राम मंदिर जाकर रामलला के दर्शन करने को लेकर भक्तों में कितना उत्साह है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ एक महीने में ही 50 लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए हैं।

### भक्तों का बना रहेगा हुजूम

**आगे** भी अयोध्या जाकर राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के लिए भक्तों का हुजूम बना रहेगा। सिर्फ देशभर से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी भक्त रामलला के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं।

**एक महीने में चढ़ा 25 किलो सोना**

राम मंदिर उद्घाटन के एक महीना पूरा हो चुका है। इस दौराम मंदिर में लोग जमकर चढ़ावा दे रहे हैं। एक महीने में ही मंदिर में 25 किलो सोना चढ़ाया गया है।

कई सारे लोगों ने ऑनलाइन भी दान किया है जिसका कोई हिसाब नहीं दिया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि राम भक्त रामलला को सोने-चांदी और से बनी वस्तुएं दान कर रहे हैं।

**पर्यटन में आया जबरदस्त बूस्ट**

राम मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खलने के बाद से अयोध्या में पर्यटन भी बढ़ गया है। पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है और इस वजह से होटल्स, रेस्टोरेंट्स, धर्मशालाएं, ढाबों जैसे बिजनेस में भी जबरदस्त फायदा बढ़ा है।

देश की कई बड़ी कंपनियां अयोध्या में राम मंदिर की वजह से पर्यटन में आए इस बूस्ट को देखते हुए होटल्स और रिसॉर्ट्स खोलने की तैयारी में हैं।

### भारत-जापान ने दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत और जापान ने आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। भारतीय सेना और 'जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। भारतीय सेना ने कहा, ''अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है।''